CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

मुरादाबाद, गुरुवार 6 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 82 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 14 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण पेज 2


भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर खेल टाइम्स


विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व सम्पादकीय


ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी पेज 12

## साल का सबसे बड़ा चांद सुपरमून दिखा



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में बुधवार की रात साल का सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दिया है। यह साल का दूसरा सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30 फीसदी ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। 5 नवम्बर का चांद पृथ्वी से करीब 3,57,000 किलोमीटर की दूरी पर है।

## राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रम्प को मिली पहली बड़ी हार

# भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास, ममदानी बने न्यूयॉर्क के मेयर

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवम्बर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पहली हार का सामना करना पड़ा है।

जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है। हालांकि, ट्रम्प ने खुद इन चुनाव को नहीं लड़ा, लेकिन उन्होंने कई उम्मीदवारों का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में





ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को समर्थन दिया था। ट्रम्प ने यहां तक कहा था कि अगर ममदानी जीतेंगे, तो वह संघीय फंड रोक देंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्जीनिया समेत कई राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं ने कहा कि उनका वोट ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ संदेश देने के लिए था, खासकर टैरिफ और आव्रजन नीति। फिलहाल भारतीय मूल के तीन नेताओं की जीत ने सियासी माहौल

- अमेरिका में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी डेमोक्रेट नेताओं ने अहम चुनाव जीते
- न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को दिया था समर्थन

बदल दिया है और रिपब्लिकन पार्टी की गति को रोक दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर क्या असर डालते हैं। अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में शुमार न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत मिली। उसके उम्मीदवार भारतवंशी जोहरान ममदानी को यहां मेयर चुनाव में जीत मिली। ममदानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एंड्यू कुओमो को शिकस्त दी। कुओमो इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन हासिल कर चुके थे। इसके बावजूद उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम और भारतीय-अमेरिकी मेयर के तौर पर शपथ लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ा, हरकी पैड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। धर्मनगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी समेत समूचे गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर अखंड पुण्य प्राप्त किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से अगणित पापों का नाश होता है और सुख, समृद्धि तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### छह महिला श्रद्धालुओं की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह वाराणसी गंगा स्नान करने जा रही छह महिला श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गोमो प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर चार पर आकर रुकी। इस बीच कुछ यात्री रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर जाने लगे। उसी समय हावड़ा कालका मेल दिल्ली की ओर जा रही थी। कालका मेल का चुनार स्टेशन पर ठहराव नहीं था। ट्रेन अपनी स्पीड से गुजरी, जिसमें कई श्रद्धालु ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में सविता (28), साधना (16), अंजू (20), सुशीला (60), कलावती (50), शिवकुमार (12) की मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में जारी बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने वाली है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश में दो दिन बाद ठंड बढ़ेगी। भोपाल में रात के तापमान में चार या पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि हरियाणा के पास एक चक्रवात बना हुआ है। यह मध्य प्रदेश में ठंडी हवा आने से रोक रहा है। अगले 24 या 48 घंटे में यह चक्रवात उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस में समाहित हो जाएगा। इसके बाद ही हमारे यहां ठंड का असर शुरू होगा।

# हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी: राहुल

## बिहार के पांच लोगों को मंच पर बुलाया, सभी ने कहा: उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर गुरुवार (आज) वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। राहुल ने वोटर वैरिफिकेशन पर 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था।

बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल गांधी ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई।



- राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा: ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला

राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है। राहुल ने इलेक्शन रिजल्ट से दो दिन पहले 6 अक्टूबर 2024 को सैनी का बयान सुनाया। नायब सैनी कहते हैं कि मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है। हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं। आप चिंता मत करिए। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर वो व्यवस्था क्या है। बीजेपी नेता मुस्कुराते हुए सरकार बनाने का दावा कर रहे थे। यह व्यवस्था वोट चोरी की है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल ने ब्राजीलियन लड़की की तस्वीर भी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। इसने कभी -**शेष पृष्ठ दो पर**

### वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी: भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा कि राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।

### चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा विधानसभा के 2024 में हुए चुनावों में धांधली के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही थी और एक ही नाम से कई बार मतदान किया जा रहा था, तो कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी। राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर कहीं कोई शिकायत नहीं है। वर्तमान में 90 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव से जुड़ी 22 याचिकाएं उच्च न्यायालय में लंबित हैं। आयोग ने श्री गांधी के फर्जी वोटिंग के आरोप पर कहा कि यदि एक ही नाम पर कई बार मतदान हो रहा था तो श्री गांधी को बताना चाहिए कि उनकी पार्टी के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे। आयोग का यह भी कहना था कि यदि किसी मतदाता पर संदेह था, तो कांग्रेस के मतदान एजेंटों ने मतदाता की पहचान को लेकर कोई आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई।

# आरोपी के दुबई से गायब होने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सट्टेबाजी प्रकरण का आरोपी दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है, जिसके बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा ऐसे मामलों के आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी रवि उप्पल की ओर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा को धक्का लगा है और अदालत को इस बारे में कुछ करना होगा। भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बच रहा उप्पल कथित तौर पर दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने उसके खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही बंद कर दी है। पीठ ने कहा कि उस जैसे सरगनाओं के लिए अदालतें और जांच एजेंसियां महज खेलने का साधन हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा।



- ईडी को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश

### राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे: राजनाथ

**पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को ज्यादा आजादी मिली



**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जनरल द्विवेदी दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा कि सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6जी और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी कार्रवाई की तारीफ

## FATF रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ भारत की सख्त कार्रवाई की इंटरनेशनल लेवल पर सराहना हुई है। वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के काम को एक प्रभावशाली वैश्विक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में एफएटीएफ ने कहा कि भारत की कानूनी व्यवस्था और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम तंत्र मजबूत और भरोसेमंद है।

यह प्रणाली अपराध से जुड़ी संपत्ति को जब्त करने और पीड़ितों को राहत दिलाने के मामले में अन्य देशों के लिए मिसाल बन गई है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र के एक मामले का जिक्र है, जिसमें अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्तियों को जब्त कर पीड़ितों को लौटाया गया। एफएटीएफ ने कहा कि भारत ने वित्तीय अपराधों से जब्त संपत्तियों को समाजहित में उपयोग करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। संस्था के मुताबिक, भारत का यह मॉडल अन्य देशों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। एफएटीएफ ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (2018) को संपत्ति वसूली और प्रबंधन का एक प्रभावी और व्यापक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में ईडी के कई प्रमुख मामलों का उल्लेख है, जिनमें करीब 17520 करोड़ रुपये के रोज वैली पोंजी घोटाले में पीड़ितों को संपत्ति लौटाना और भारत-अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में 268 बिटकॉइन (करीब 130 करोड़ रुपये मूल्य) और 10 लाख डॉलर की संपत्तियों की जब्ती शामिल है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश पुलिस सीआईडी के साथ मिलकर 6,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों की बहाली और पीएमएलए के तहत 17.77 अरब रुपये की अचल संपत्ति जब्त करने जैसे उदाहरण भी रिपोर्ट में दर्ज हैं। एफएटीएफ ने भारत के पीड़ित-केंद्रित संपत्ति पुनर्वसूली मॉडल और तकनीक, वित्तीय डेटा विश्लेषण व एजेंसियों के बेहतर तालमेल की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पारदर्शिता, जवाबदेही और पीड़ितों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया है।

- भारतीय जांच एजेंसी के काम को वैश्विक मॉडल बताया, 17520 करोड़ के पोंजी स्कैम का भी जिक्र



पटना: बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए सुरक्षाकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थानों के लिए रवाना होते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती आज करेंगी कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती गुरुवार को बिहार के कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जनसभा भभुआ हवाई अड्डे के पास मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसमें आसपास के जिलों तथा विधान सभा क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। बसपा कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने बूते पर लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी का यह जनसंपर्क अभियान राज्य के कई जिलों में लगातार जारी है। पार्टी के अनुसार बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राज्यसभा सांसद रामजी गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता बिहार में लगातार प्रचार अभियान में सक्रिय हैं।

### कश्मीर के पर्वतीय रिसॉर्ट्स में हिमपात मैदानी क्षेत्रों में बारिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्वतीय रिसॉर्ट्स- गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग तथा कई ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों में हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि ताजा हिमपात के कारण श्रीनगर- लेह राजमार्ग सहित प्रमुख राजमार्गों को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए है। गुरेज-बांदीपोरा मार्ग भी यातायात बंद कर दिया गया है। यात्रियों को संबंधित जिला नियंत्रण कक्षों से सड़क की नवीनतम स्थिति की पुष्टि किए बिना यात्रा न करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, जबकि उसके बाद मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है।

# हरियाणा का मुद्दा उछाल कर जनता को गुमराह कर रहे राहुल गांधी: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में विदेशी महिला के मतदाता पहचान पत्र और वोट चोरी का मुद्दा उठाने पर पलटवार करते हुए इस जनता को गुमराह करने का हथकंडा बताया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले संसद सत्र के दौरान एक महिला की तस्वीर टी-शर्ट पर छपवाकर पूरे संसद परिसर में घूमते रहे और उसके नाम को उछाला था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि उसी शाम उस महिला ने गलत बयानबाजी पर राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई थी। रिजिजू ने कहा कि अब, अपनी विपफलताओं को छिपाने के लिए नेता प्रतिपक्ष गांधी बिहार में मतदान से एक दिन पहले लोगों को हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे सापफ है कि विपक्ष के पास बिहार में तो मुद्दा बचा ही नहीं, इसलिए ध्यान भटकाने के लिए हरियाणा का मुद्दा गढ़ा जा रहा है। रिजिजू ने कहा कि श्री गांधी दावा कर रहे थे कि एग्जिट पोल में कांग्रेस जीत रही थी लेकिन चुनाव परिणाम अलग आने पर अब हायतौबा मचा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि 2004 के आम चुनाव में भी एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए को जिता रहे थे, लेकिन मतगणना के नतीजों में एनडीए की हार हुई। हमने जनादेश को मानते हुए परिणाम को स्वीकार किया और यूपीए को बधाई दी, लेकिन हमने चुनाव आयोग की आलोचना नहीं की। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार, दोनों को स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एग्जिट पोल जब कांग्रेस के पक्ष में होता है।

# श्रमिकों की बेटियों के विवाह पर अब 85000 सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया, राशि में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य विवाह पर 65000, अंतर्जातीय विवाह पर 75000 तथा सामूहिक विवाह पर 85000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयोजन के लिए 15000 की अलग से राशि दी जाएगी। यह सहायता सीधे पात्र श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि ष्श्रमिक परिवार समाज की नींव हैं। उनकी बेटियों के विवाह में सहयोग देना सरकार का नैतिक और मानवीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का संपूर्ण आयोजन श्रम विभाग और बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा, आवास, भोजन और परिवहन जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित रहेंगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

अब तक 18.94 लाख से अधिक आवेदनों पर 6336.61 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपए वार्षिक अंशदान के साथ योजनाओं के पात्र बन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन और निशुल्क है, जिसे जन सेवा केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। गौरतलब है कि बोर्ड द्वारा जन्म सहायता, शिक्षा सहायता, पेंशन, दिव्यांगता/मृत्यु सहायता और गंभीर बीमारी सहायता जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिनसे लाखों श्रमिक परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण

# 2017 में ही तय था उप्र की छवि बदलेंगे: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मुख्यमंत्री ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है, जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं।

अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उप्र की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में मापिफया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने।

### गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

# राजद का ‘कट्टा’ बिहार का बैठा देगा ‘भट्ठा’: केशव

**लखनऊ, वार्ता**



उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का ‘कट्टा’ बिहार का ‘भट्ठा’ बैठा देगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जाग चुकी है और वह परिवारवाद, जातिवाद और अपराधवाद की राजनीति को सदा के लिए उखाड़ पफेंकेगी। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इन दिनों उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजद और

कांग्रेस पर काफी हमलावर हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि रात-दिन संविधान बचाने का अलाप करने वाले महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव खुद लोकतंत्र की खिल्ली उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यादव परिवार को न लोक की लाज है, न संसद की मर्यादा की चिता। ऐसे बयान लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि तेजस्वी यादव के इस गैर-जिम्मेदाराना बयान का त्वरित संज्ञान लिया जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता संविधान और संसद की गरिमा के विरुद्ध बयान देने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर हो। वहीं बिहार चुनाव के बीच छठ पूजा को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि वे न तो भारत माता को मानते हैं और न ही ‘छठी मईया’ को।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौता फिलहाल नहीं

■ दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली/ऑकलैंड।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौते पर पिफलहाल सहमति नहीं बनी है और दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले के बीच बुधवार को हुई बैठक के बाद दोनों मंत्रियों ने मीडिया से बात की। खास बात यह रही कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लेक्सन संसद में प्रश्नकाल छोड़कर खुद ऑकलैंड पहुंचे और प्रेस वार्ता के बीच में दोनों मंत्रियों के साथ शामिल होकर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दिया। ऑकलैंड रवाना होने से पहले उन्होंने हालांकि इन अटकलों को खारिज किया कि व्यापार वार्ता में कोई गतिरोध आया है, जिसके कारण उन्हें अचानक जाना पड़ रहा है। लेक्सन ने ऑकलैंड में व्यापार वार्ता की प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि गोयल तथा मैकक्ले दृढ़ रहने वाले वार्ताकार हैं और उन्हें ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के पास कापफी अवसर हैं। व्यापार के अलावा रक्षा में दोनों देश पहले से ही साथ काम कर रहे हैं। जनसंपर्क में काफी संभावनाएं हैं, खेल में दोनों देशों के बीच पुराने संबंध रहे हैं और भारतीय हॉकी टीम के ऐतिहासिक न्यूजीलैंड दौरे (साल 1926 में) को 100 साल होने वाले हैं। अमेरिका के दरवाजे बंद करने के बाद भारतीय छात्रों के लिए न्यूजीलैंड में काफी अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और ऐसे में भारत के साथ व्यापारिक संबंध न्यूजीलैंड के लिए महत्व रखता है। इससे पहले गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले काफी चर्चा होनी है। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह के व्यापार समझौते में समय लगता है और व्यापार वार्ताएं हमेशा चुनौतीपूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष समाधानों पर सहमत हुए हैं। न्यूजीलैंड के लिए भारत के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। व्यापार लक्ष्यों के बारे में पूछे जाने पर मैकक्ले ने कहा कि कोई भी लक्ष्य तय करने से पहले हम समय ले सकते हैं। न्यूजीलैंड का प्रतिनिधिमंडल इस साल मार्च में भारत गया था और 33 समझौतों तथा सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर हुए थे, जिनमें एयर इंडिया और एयर न्यूजीलैंड साल 2028 तक दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने पर सहमत हुई थीं। श्री मैकक्ले ने कहा कि उनका न्यूजीलैंड के लिए संतुलित अवसर तलाशना है। टाटा और महिंद्रा के वाहनों की न्यूजीलैंड में लंबे समय से उपस्थिति के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में बनी गाड़ियां न्यूजीलैंड में स्थानीय जैसी हैं और जब भी व्यापार समझौता होगा, देश में भारतीय वाहनों की बिक्री में कोई बाधा नहीं आएगी।

### अमूल, इफको को विश्व की शीर्ष सहकारी संस्था होने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** केंद्रींय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमूल और इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! अमूल और इपफको को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह अमूल से जुड़ी लाखों महिलाओं के अथक समर्पण और इपफको में योगदान देने वाले किसानों के लिए सम्मान बात है। यह सहकारी संस्थाओं में असीम संभावनाओं का भी प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के वैश्विक मॉडल के रूप में बढ़ावा दे रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी मजबूत खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमतों में मंदी रही, जबकि गेहूं के दाम बढ़ गए। चीनी में भी तेजी दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 34 रिंगिट फिसलकर 4,109 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.65 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपए घटकर 3,841.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं पांच रुपए की मजबूती के साथ 2,862.37 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी 12 रुपए चढ़कर 3,320.06 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 143 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल भी नौ रुपए सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 63 रुपए और सूरजमुखी तेल 90 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 31 रुपए और पाम ऑयल 59 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। वहीं मसूर दाल में टिकाव रहा। चना दाल 10 रुपए और उड़द दाल 21 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल 36 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7882.59 रुपए, मसूर काली 8150.73 रुपए, मूंग दाल 10136.38 रुपए, उड़द दाल 10385.77 रुपए, तुअर दाल 10537.92 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.37 रुपए और चावल 3841.86 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4352.03 रुपए और गुड़ 5061.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मोदी से मिले हिमन्त, दो बड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन का निमंत्रण दिया

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य में दो बड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरमा ने मंगलवार शाम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा ने कल शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हरियाणा की तरह..**

स्वीटी, कभी सीमा तो कभी सरस्वती के नाम पर वोट डाले। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ब्राजीलियन मॉडल की फोटो दिखाई। राहुल ने सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन लड़की का क्या काम है। राहुल ने दावा किया कि मॉडल ने 22 बार वोट डाला। हरियाणा में पांच कैटेगरी में 25 लाख वोट चोरी हुए। एक अन्य महिला ने एक असेंबली में 100 बार वोट किया। राहुल गांधी ने ब्राजीलियन मॉडल का नाम नहीं बताया। हालांकि उसकी तस्वीर फोटोग्राफर मैथियस फेरेरो ने फ्री स्टाक इमेज प्लेटफॉर्म अपलोड की थी। राहुल गांधी ने यह तस्वीर वहीं से निकाली।

मॉडल की तस्वीर पहली बार 2 मार्च, 2017 को पब्लिश की गई थी और इसे न्देचर्सी लाइसेंस के तहत 5.9 करोड़ से ज्यादा बार देखा और 4 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार के जमुई से पांच लोगों को मंच पर बुलाया। उन्होंने बारी-बारी से बताया कि उनका वोटर लिस्ट से नाम कट गया है। दावा किया कि उनके गांव से करीब 300 लोगों को वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। एक वोटर ने राहुल से अपील की वह कुछ समाधान निकालें, ताकि अगले चुनाव में उनके साथ ऐसा न हो। राहुल ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में कई नाम ऐसे हैं जिनका हाउस नंबर 0 दिखाया गया। यानी कि वे लोग जिनका कोई घर नहीं है। इन्हीं में से एक नरेंद्र हैं, जिन्होंने वोट तो किया, लेकिन उनका घर नहीं है।

जैसा कि इन लोगों (भाजपा) ने मेरा घर छीन लिया था, वैसा ही नरेंद्र के साथ किया। दरअसल 2023 में सांसदी जाने पर राहुल गांधी का 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करा दिया गया था। उनका सामान मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास में शिफ्ट किया गया था। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई। राहुल ने कहा कि अब सुनते हैं ज्ञानेश का ज्ञान जो कहते हैं कि पुल के नीचे सड़क पर या लैंपपोस्ट के किनारे ऐसे लोगों का हाउस नंबर 0 होता है। ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाने के बाद राहुल ने कहा कि अब ये बेचारी बहुत ट्रोल होगी। राहुल गांधी का आरोप है कि महिला ने हरियाणा में 22 बार वोट किया। उसके कई नाम हैं जैसे सीमा, स्वीटी, सरस्वती, रश्मि, विमला। इस महिला ने 10 बूथ पर 22 बार वोट किया।

# ‘राजा भैया’ के खिलाफ बेंती आवास में शस्त्र पूजन की जांच पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** विजयादशमी के मौके पर बेंती आवास परिसर में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ ‘राजा भैया’ के शस्त्र पूजन को लेकर आजाद अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा की गई शिकायत को पुलिस ने अपनी जांच में निराधार पाया है। शिकायत में उनके प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा स्थित आवासीय परिसर में कथित रूप से धार्मिक भावना भड़काने और अनुचित गतिविधियों के आरोप लगाए गए थे।

आईजीआरएस पोर्टल पर शस्त्र पूजन को लेकर की गई संख्या 60000250236632 को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्राधिकारी कुंडा ने संबंधित स्थल का भौतिक निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों, स्थानीय निवासियों तथा पुलिस बल के सदस्यों के बयान दर्ज किए।

जांच में यह पाया गया कि आरोपित तिथि पर उक्त स्थान पर किसी प्रकार का विवादास्पद आयोजन या उत्तेजक गतिविधि नहीं हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजा भैया के महल परिसर के समीप स्थित धर्मशाला में केवल पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई थी, जो पूरी तरह से धार्मिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मौके पर कोई भी आपत्तिजनक भाषण, धार्मिक नारा या किसी समुदाय की भावना आहत करने वाला कार्य नहीं पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा लगाए गए आरोप असत्य, निराधार एवं मनगढ़ंत पाए गए हैं। जांच में ऐसा कोई भी तथ्य या प्रमाण नहीं मिला जिससे धार्मिक वैमनस्य या कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना सिद्ध हो। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में क्षेत्र पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। न तो किसी प्रकार की भीड़भाड़, न ही किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सूदखोरों के खिलाफ बुलडोजर की जरूरत

समीउल्लाह

**बिजनौर।** सूदखोरों की सम्पत्तियों को चिन्हित कर उन पर बुलडोजर चलाए जाने एवं सरकार के द्वारा उन्हें कब्जे में लेकर गरीबों को बांटे जाने से ही इस अवैध कारोबार पर अंकुश लग पाएगा। सूत्रों का कहना है कि अगर सूदखोरों की संपत्तियों को चिंहित कर उन्हें कब्जे में लेने का अभियान शुरू कर दिया गया, तो बड़े-बड़े सफेदपोशों के चेहरे बेनकाब हो जाएंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में हजारों की तादाद में सूदखोर मौजूद है। जो अवैध रूप से जरूरतमंदों को पांच से दस प्रतिशत की ब्याज दर पर रकम उधार दे रहे है। यह सूदखोर बेहद ही शातिर है। अगर यह एक लाख रुपए उधार देते है, तो दो लाख रुपए के जेवरात गिरवी रख लेते है। रकम बराबर होने पर यह जेवरात हजम कर जाते है। फिर यह जेवरात वापस नहीं करते है। इसी तरह कई ऐसे सूदखोर भी है, जो मोटी रकम देने पर जमीन का रजिस्टर्ड इकरारनामा व बैनामा भी करा लेते है। रकम वापस न कर पाने पर मजबूरन बैनामा करना पड़ता है।

सूत्रों का कहना है कि पूरे जनपद में सूदखोरों का जाल फैला हुआ है। सफेदपोश इस अवैध कारोबार में मालामाल हो रहे है। वह लगातार सम्पत्तियां खरीद रहे है। कई सफेदपोश तो ऐसे भी है, जो खुद सामने नहीं आते है और जगजाहिर



## नगीना, नजीबाबाद व चांदपुर में सबसे ज्यादा सूद का अवैध कारोबार

सूदखोरों के माध्यम से अपनी रकम को इस अवैध कारोबार में लगाते है। इन्होंने करोड़ों रुपए इस अवैध कारोबार में लगा रखे है। इस कारोबार में सबसे ज्यादा फायदा हो रहा है। यह बेहद गरीब व भूमिहीनों को सूद पर रकम नहीं देते है। बेहद शातिर सूदखोर कोई भी खतरा नहीं उठाते है। वह अपनी शर्तों पर रकम देते है।

वैसे तो पूरे जनपद में यह अवैध कारोबार हो रहा है। मगर नगीना, नजीबाबाद, चांदपुर एवं बिजनौर में सूदखोरों के कई मजबूत रैकेट सक्रिय है। इनके बारे में सभी जानते है और इनके अत्याचारों से पीड़ितों की संख्या भी लाखों में है। मगर इनके खिलाफ कोई भी आवाज नहीं उठाता है। जब कोई घटना हो जाती है, तो इनके अत्याचारों की चर्चा होती है। वक्त गुजरने के साथ ही सब घटना को भूल जाते है।

प्रशासन व पुलिस भी इस तरह के रैकेटों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए शिकंजा नहीं कसती है। पिछले दिनों नगीना में जब पुलिस ने सूदखोरों के खिलाफ शिकंजा कसने का प्रयास किया था, तो सफेदपोशों के पेट में दर्द होने लगा था। जिसके बाद पुलिस ने इस अभियान को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। नगीना की ताजा घटना के बाद एक बार फिर आवाज उठने लगी है। कि इन सूदखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। आय से अधिक संपत्ति रखने एवं अवैध कारोबार से संपत्ति जुटाने को लेकर इनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। इनकी अवैध सम्पत्तियों पर बुलडोजर चला कर उन्हें गरीबों को बांटा जाए। मगर सरकार शायद ही ऐसा कर पाएगी। क्योंकि इस तरह का अवैध कारोबार करने वाले ही मोटा चंदा भी विभिन्न अवसरों पर देते है। जिसकी कीमत पीड़ितों को अपनी जान दे कर चुकानी पड़ती है।

## कालोनियां काटने में खपा रहे अपनी अवैध कमाई

**बिजनौर।** ज्यादातर सूदखोर अपनी अवैध कमाई को सफेद करने एवं बढ़ाने के लिए उसे जमीन खरीद कर कालोनी काटने में लगा रहे है। सूत्रों का कहना है कि जहां-जहां कालोनियां काटी जा रही है, वहां-वहां सूदखोरों की भी रकम किसी न किसी तौर पर लगी हुई है। सफेदपोश सूदखोर अपना चेहरा पीछे रखते है और रिश्तेदारों व करीबियों के जरिए कारोबार में रकम लगाते है। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि सूदखोर संरक्षण हासिल करने के लिए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की भी हिस्सेदारी कर लेते है। इसीलिए अवैध रूप से कृषि भूमि में काटी जाने वाली कालोनियों पर प्रशासन न तो शिकंजा कसता है और न ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही होती है।

# एआरटीओ ने दो वाहन किए सीज



शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** परिवहन विभाग के एआरटीओ गौरीशंकर ठाकुर के नेतृत्व में नेशनल हाईवे मरम्मत कार्य में लगे बिना रजिस्ट्रेशन और फिटनेस वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर पकड़ कर सीज करते हुए दोनों वाहन पुलिस को सुपुर्द कर दिए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग के एआरटीओ गौरीशंकर ठाकुर के नेतृत्व मे वाहनों की चैकिंग अभियान के अन्तर्गत बिना कागजों वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली और टाइल्स और पत्थरों से ओवरलोडेड एक छोटा हाथी वाहन भी पकड़ा गया। इस वाहन को भी जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया। दोनों जब्त वाहनों को पुलिस लाइन में खड़ा कराया गया है। एआरटीओ गौरीशंकर ठाकुर ने स्पष्ट किया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना कागजों वाले, अवैध रूप से संशोधित और ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की भी हिदायत दी है।

## हादसे में दंपति की मौत, बेटा घायल

**किरतपुर।** लगन समारोह से लौट रहे एक दंपती की बाइक देर शाम हाईवे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार से टकरा गई। दर्दनाक हादसे में दंपति की मौत हो गई, जबकि उनका दस वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। गौरव पुत्र वीरपाल निवासी भरत विहार कॉलोनी, बिजनौर अपनी पत्नी अंजू और पुत्र आदित्य के साथ गांव मोचीपुरा से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे हाईवे पर पहुंचे, किरतपुर की ओर से आ रही स्कॉर्पियो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल अंजू और आदित्य को एम्बुलेंस की मदद से किरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने अंजू को मृत घोषित कर दिया। घायल आदित्य का इलाज जारी है।

# बसपा का अब नहीं रहा कोई जनाधार : खुर्शीद मंसूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष एवं साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने बसपा में शामिल होने वाले नेताओं को आईना दिखाते हुए कहा कि इस पार्टी का अब कोई जनाधार नहीं रहा है, जिसका सबूत पिछला विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव है। इन चुनावों में बसपा ने शर्मनाक प्रदर्शन किया था और मतदाताओं ने इसके उम्मीदवारों को दिन में ही तारें दिखा दिए थे।

आसपा के मंडल अध्यक्ष मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि जो भी पार्टी जनभावनाओं का सम्मान नहीं करती है और अपने मतदाताओं की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरती है, वो खत्म हो जाती है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने पार्टी के संस्थापक कांशीराम के मिशन को ताक पर रख कर सत्ता की खातिर मनुवादियों से ही समझौता कर लिया था। जिसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। जबकि आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर ही कांशीराम के मिशन को पूरा करने का काम कर रहे है। वह सिद्धांतों से समझौता नहीं कर रहे है। वह दलितों



## आसपा लड़ रही दलित व वंचित समाज की लड़ाई

व दबे कूचले समाज के लोगों के अधिकारों की लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे है। जबकि बसपा अध्यक्ष मायावती दौलतमंदों को जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि बसपा में शामिल होने वालों का कोई भविष्य नहीं है और वह अपना वक्त बर्बाद कर रहे है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनपद की आठों सीटों पर आसपा प्रत्याशियों की ही जीत होगी। दलित व दबा कूचला समाज आजाद समाज पार्टी के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। एक दिन पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।

# सपा की सांसद रूचि वीरा ने भाजपाईयों को दिखाया आईना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मुरादाबाद की सपा सांसद रूचि वीरा ने गंगा एक्सप्रेस वे जनपद बिजनौर से निकाले जाने की नागरिकों की मांग का समर्थन करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। सांसद रूचि वीरा ने तो जनभावनाओं का सम्मान कर लिया है, मगर प्रदेश में अपनी सरकार होने के बावजूद भाजपाई खामोश है और वह इस मांग को पूरा नहीं करा पा रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की सपा सांसद एवं बिजनौर की पूर्व विधायक रूचि वीरा ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद बिजनौर से निकाले जाने की मांग की है। सांसद रूचि वीरा ने अपने पत्र में गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद से निकाले जाने को लेकर उठ रही



## गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर सीएम को लिखा पत्र

आवाज का जिक्र करते हुए इसे जायज ठहराया है। उन्होंने कहा कि इससे जनपद का विकास होगा। सीएम को पत्र लिखने एवं मांग का समर्थन करने से सांसद रूचि वीरा की तारीफ हो रही है।

गौरतलब है कि गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद बिजनौर से निकाले जाने की मांग को पूरा करने को लेकर प्रदेश सरकार की नियत में शुरू से ही खोट नजर आ रहा है। इसीलिए आश्वासन मिलने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हो पा रही है।

सूत्रों का कहना है कि मुजफ्फरनगर के भाजपा नेता जनपद बिजनौर के भाजपाईयों पर भारी पड़ रहे है। जनपद के भाजपा विधायक व वरिष्ठ नेता सरकार पर दबाव बनाने में नाकाम नजर आ रहे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह भी नगीना क्षेत्र के रहने वाले है। मगर वो भी इस मांग को पूरा नहीं करा पा रहे है। गंगा जनपद बिजनौर से होकर निकलती है और यहां पर काफी नुकसान भी करती है, मगर जनपद के हिस्से में गंगा एक्सप्रेस वे का न आना भाजपा सरकार पर भारी पड़ सकता है।

# श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत सभा निकट एसडीएम कोर्ट नगीना में कथा विचार, कीर्तन एवं लंगर का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर गुरु घर को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में 3 नवम्बर को आरंभ हुए श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ की संपूर्णता सुबह गुरुद्वारा दीवान हाल में हुई। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन दीवान हाल में किया गया, जिसमें बाबा कृष्ण सिंह, भाई रामधन सिंह ने अपने रूहानी कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। भाई अमीर

## गुरु घर को फूलों से सजाया

सिंह और भाई हरदयाल सिंह सोढ़ी ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला। भाई तारा सिंह ने श्री गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और सभी संगतों से गुरु नानक देव जी द्वारा दिखाए रास्ते पर चलने का अनुरोध किया। दोपहर सरबत दे भले की अरदास के बाद लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर को छका। अरदास के बाद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा तथा लंगर की सेवा से जुड़े लोगों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, भाई रामधन सिंह, हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, शिवा मिगलानी, हरविंदर कौर, बक्शीस सिंह, बाबू चंद्रपाल सिंह, कुशदीप सिंह, रोहित, जगदीप ठकराल, रोहित रवि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, अनवर कुरैशी, महेंद्र सिंह, परमिंदर कौर, दीपक मल्होत्रा, चारु मल्होत्रा, अनमोल, ऋषभ, पूजा, अजीत कौर, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, प्रीत टंडन, मनमीत कौर, अतुल भारती आदि सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

## एक नजर

### शिव मंदिर में हवन-पूजन



**नहटौर।** सराय जोखा स्थित शिव मंदिर में मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत बुधवार को विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आयोजित इस पूजा में ग्रामवासियों सहित अनेक भक्तों ने भाग लिया। पूजा के दौरान भक्तों ने भगवान शिव की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूरे कार्यक्रम में भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। हवन-पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजेंद्र अग्रवाल, सोनू त्यागी, सुनील अग्रवाल, अनिल शर्मा, प्रमोद शर्मा, आशु कौशिक, विशाल वर्मा सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

### नगर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक



**नजीबाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश अनुसार नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद की एक मासिक बैठक नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास स्थान पर हुई। बैठक में SIR के सम्बन्ध में चर्चा हुई, जिसमें नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए घर-घर जाकर लोगों को जागरुक करे ताकि सभी अपने फार्म सही तरीके से भर सके। किसी भी कीमत पर किसी का नाम न कटे और अपने वार्ड मौहल्ले में लोगों की अधिक से अधिक हैल्प हो सके। बैठक में उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, डा. इकबाल खान, डा. वसीम अहमद, शराफत चौधरी, सिताब खान, हसीब सैफी, रईस खान, डा. सलीम सैफी, जफर आलम, परवेज आलम, कारी नौशाद आदि मौजूद रहे।

### पूर्णिमा पर्व पर नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ



**नजीबाबाद।** नगर में गायत्री शक्तिपीठ द्वारा गंगा स्नान कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर मां गंगा और मां गायत्री का पूजन कर नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराया गया। सुमन त्यागी और दीपक त्यागी ने मां गंगा और मां गायत्री के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पवित्र गंगा जल से सभी को पवित्रीकरण कराया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि मां गायत्री मन को शुद्ध करती है तो मां गंगा तन को स्वच्छ करती है, गंगा नदी नदी ही नहीं अपितु हमारी मां भी है। गंगा नदी हिमालय की दुर्लभ जड़ी-बूटियों में से होकर प्रवाहित होती है। इसलिए गंगा नदी का जल कभी खराब नहीं होता है। गंगा, गायत्री, गीता, गुरु वेद भारतीय संस्कृति की धरोहर है। नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ में गायत्री मंत्र, महामृत्युजंय मंत्र से सबको सद्बुद्धि सबके उज्वल भविष्य की कामना के साथ आहुतियां दी गई। इस दौरान मुंडन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। इस दौरान सारिका अग्रवाल, कामेश शर्मा, हरीश शर्मा, पुष्पा शर्मा, ओमपाल सिंह, रोहिताश सिंह सहित अनेक संख्या में गायत्री साधक उपस्थित रहे।

# पाशा से व्यक्तिगत लड़ाई लड़ रहे स्योहारा के एसएचओ मर्यादा भी भूले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.आर.पाशा से व्यक्तिगत लड़ाई लड़ रहे स्योहारा के एसएचओ सत्येंद्र सिंह मर्यादा भी भूल गए है और सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे है। अहम बात यह है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे है।

गौरतलब है कि एक प्रकरण को लेकर स्योहारा के एसएचओ सत्येंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुढ़नपुर निवासी एम.आर. पाशा के बीच विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर पाशा के विरोधियों ने सोशल मीडिया का जमकर इस्तेमाल किया।

बताया जाता है कि इसके पीछे स्योहारा के एसएचओ सत्येंद्र सिंह थे। जब पाशा ने स्योहारा के एसएचओ का विरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी, तो खुद एचएचओ भी वर्दी की लाज को ताक पर रख कर सोशल मीडिया

## सोशल मीडिया का कर रहे जम कर इस्तेमाल

पर सक्रिय हो गए। उन्होंने पाशा के विरोधियों के बयानों को सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। पाशा ने इनका स्क्रीन शॉट लेकर उसे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया है। कहा जा रहा है कि एसएचओ को ऐसा नहीं करना चाहिए था। उन्हें अगर पाशा से कोई शिकायत थी, तो उसे अपने वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाना चाहिए था। अधिकारियों के भी संज्ञान में अब यह पूरा प्रकरण है, उन्हें हस्तक्षेप कर इसका समाधान कराना चाहिए था। व्यक्तिगत लड़ाई से हमेशा विवादों को हवा मिलती है और अवसरवादी इन मौकों का फायदा उठाते है। जनपद में इस प्रकरण से खूब फजीहत हो रही है।

### लोक निर्माण विभाग की लापरवाही

# धामपुर में हादसे की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं की लापरवाही से धामपुर में बड़ा हादसा हो सकता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर-नहटौर मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। इस मार्ग के दोनों तरफ जेसीबी से खुदाई करा कर आरबीएम डाला जा रहा है। जिसकी वजह से सड़क दोनों तरफ काफी गहरी हो गई है। लोक निर्माण के अभियंताओं ने वाहनों को सड़क के दोनों तरफ गहराई में उतरने से बचाने के लिए कोई भी इंतजाम नहीं किया है। घने कोहरे में यह गहराई कतई भी दिखाई नहीं देगी। वैसे भी सामने से आने वाले वाहनों की तेज लाइट में फिलहाल भी यह गहराई दिखाई नहीं दे रही है। जिससे रात में बाइक सवार हादसे के शिकार हो रहे है।




दूसरी तरफ धामपुर में नहटौर मार्ग पर नई सब्जी मंडी है। यहां पर एक संकरी पुलिया है। पिछले दिनों यहां पर एक ट्रक पलट गया था। जिसकी वजह से पुलिया की दीवार टूट गई थी। लेकिन आज तक इस दीवार का न तो पुन: निर्माण कराया गया है और न ही सीमेंट के कट्टों में मिट्टी भर कर उन पर रिफलेक्टर लगाने के बाद यहां रखा गया है। जिससे वाहन चालकों को पता चल सके कि पुलिया की दीवार टूटी हुई है और नीचे काफी गहराई है। लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं की यह लापरवाही वाहन चालकों व यात्रियों की जान को जोखिम में डाल सकती है। वैसे भी इस मार्ग की हालत बेहद खस्ता है। धामपुर-नहटौर के बीच सड़क पर कई जगह गहरे-गहरे गढ्ढे हो गए है। पिछले दिनों इस मार्ग पर गढ्ढों को भरने का काम चल रहा था। जिसे पूरा किए बिना बीच में ही रोक दिया गया। रात में यह गढ्ढे दिखाई नहीं देते है।

जन प्रतिनिधि भी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे है। वह लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं से इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के लिए नहीं कर रहे है।

# आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डूबकी

## सभी मेला स्थलों पर रही पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था





शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** गंगा स्नान मेला शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। जिससे प्रशासन ने जरूर राहत की सांस ली होगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार बैराज घाट, विदुर कुटी, बालावाली, भूतपुरी, कालागढ़ एवं मुकरपुरी में इस मौके पर मेलों का आयोजन किया गया था। बीती शाम ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच चुके थे। सबसे ज्यादा श्रद्धालु विदुर कुटी में पहुंचे। यहां पर जिला पंचायत के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह स्वयं निगरानी रख रहे थे। यहां पर ऐसा लग रहा था, जैसे पूरा नगर बस गया हो। सफाई एवं प्रकाश की भी अच्छी व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सभी कार्य किए। ठंड के बावजूद आस्था के साथ गंगा, रामगंगा एवं खो नदी में डूबकी लगाई गई। सबसे ज्यादा श्रद्धालु विदुर कुटी एवं बैराज पर दिखाई दिए।

ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु विदुर कुटी पहुंचे और शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बैराज पर गंगा में डूबकी लगाई। नजीबाबाद, नगीना एवं धामपुर के श्रद्धालुओं ने हरिद्वार का रूख किया।

इस दौरान सभी मेला स्थलों एवं घाटों पर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद थी। गोताखोरों को भी अलर्ट रखा गया था। ड्रोन कैमरों से मेला स्थलों की निगरानी की गई। सभी ने व्यवस्था की सराहना की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### सर्पमित्र ने किया रसैल वाइपर रेस्क्यू



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम दरबारपुर निवासी जय सिंह के घर के सामने रखी लकड़ियों में एक सर्प दिखाई दिया। अपराह्न करीब तीन बजे सर्पमित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने रेस्क्यू करते हुए सर्प को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सर्पमित्र बी भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया सर्प रसैल वाइपर था। यह जहरीला होता है और इसके काटने से गलना व सड़ना भी शुरू हो जाता है। साथ ही रसैल वाइपर ठंड के मौसम में भी बाहर ही घूमता फिरता है और इसकी खास बात यह है कि यह सीधे बच्चों को जन्म देता है।

### प्रकाश पर्व पर धार्मिक कार्यक्रम



**किरतपुर।** नगर स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे पंजाबी समाज सहित अन्य समाजों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ से हुई। इसके पश्चात ज्ञानी हरदेव सिंह ने अरदास कराकर नगर व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को लंगर का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे पंजाबी समाज का इसमें पूर्ण सहयोग रहा। वातावरण गुरु की महिमा और भक्ति भाव से सराबोर रहां

### श्रद्धालुओं की चाय नाश्ता कराकर सेवा



**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम लक्खीवाला में कार्तिक पूर्णिमा एवं देव-दीपावली के शुभ अवसर पर विदुरकुटी मेले से गंगा स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की चाय नाश्ता कराकर सेवा की गई। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं को चाय नाश्ता कराने पर हमे बहुत प्रसन्नता होती है और बुजुर्ग व्यक्ति बहुत आशीर्वाद देते हैं। अध्यक्ष मनु अग्रवाल ने कहा जो हमें चाय पिलाने में संतोष मिला, वह संतोष हमें कहीं नहीं मिलता। सुधीर अग्रवाल ने कहा कि आज के दिन खिचड़ी आदि खिलाने का बहुत पुण्य मिलता है। आज के कार्यक्रम में सुधीर अग्रवाल, रीता अग्रवाल, मनुश्री अग्रवाल, डा. नीलम गुप्ता, गौरी अग्रवाल, अलका अग्रवाल, किंजल अग्रवाल, देवयानी अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, पायल आदि का विशेष सहयोग रहा।

### गुरुद्वारों में लंगर और कीर्तन दरबार



**नजीबाबाद।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर नजीबाबाद क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती पर विभिन्न गुरुद्वारों में लंगर और कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरु नानक देव जी के उपदेशों को याद किया। इसी तरह, तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के विभिन्न गुरुद्वारों में भी विशाल लंगरों का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और अरदास में शामिल हुए। गुरु नानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष सजावट की गई और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस पर्व का उद्देश्य गुरु नानक देव जी के उपदेशों को याद करना और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना है। नरेंद्र सिंह अध्यक्ष, हरभजन सहगल उपाध्यक्ष, मंत्री सरदार हरेंद्र सिंह, सरदार एसपी खन्ना खजांची आदि के द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि राणा प्रियंकर सिंह, पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राघव शरण गोयल ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गुरुद्वारा प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन, बीबी सुरेंद्र कौर तथा सरदार सतमीत सिंह मनी के परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन भी इसी अवसर पर किया गया। धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर से आए ज्ञानी गुरुशरण सिंह खालसा और भाई नाजर सिंह के रागी जत्थे ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सरदार गुरुचरण सिंह चावला, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, गगनदीप सिंह, महेंद्र पाल सिंह, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे। साहिबजादा बाबा अजीत सिंह दल के संरक्षक सरदार अमरजीत सिंह सीडाना के परिवार की ओर से विशाल लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास से हुआ।

### धर्मपुरा ग्राम पंचायत बनी जल संरक्षण की मिसाल

**झालू।** प्रखंड हल्दौर की ग्राम पंचायत धर्मपुरा ने जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। ग्राम प्रधान एवं प्रदेश सचिव, ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन शौबीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने मिलकर जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बना लिया है। ग्राम पंचायत धर्मपुरा अब ब्लैक वाटर मुक्त गाँव के रूप में उभरा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यह पहल ग्राम वासियों की जनसहभागिता और नवाचारपूर्ण सोच का परिणाम है। प्रधान शौबीर सिंह के अथक प्रयासों ने न केवल गाँव को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि जब सच्चा नेतृत्व और सामूहिक संकल्प साथ हों, तो कोई भी गाँव आदर्श बन सकता है।

# सीकरी में खुलेआम अवैध खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों अवैध खनन का कारोबार जोर पकड़ता जा रहा है। क्षेत्र में प्रशासनिक सख्ती के बावजूद रेत-मिट्टी का खनन दिन-रात जारी है।

समीपवर्ती ग्राम सीकरी में बड़े पैमाने पर जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध खनन कर भरान (मिट्टी भराई) का कार्य किया जा रहा है। इससे जहां सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा है, वहीं पर्यावरणीय असंतुलन भी बढ़ रहा है।



## दिन-रात चल रही जेसीबी मशीनें

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफिया रात के अंधेरे में धरती का सीना चीर कर मिट्टी उठा रहे है। कई बार अखबरों में खबरें भी प्रकाशित की गई लेकिन खनन अधिकारी मौन बने हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जाए और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जानकारी के अनुसार, कुछ क्षेत्रों में तो खनन स्थल खेतों के बीच तक पहुंच चुके हैं, जिससे भूमि का स्वरूप बिगड़ रहा है और भविष्य में कृषि कार्य भी प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो यह खनन भविष्य में बड़ी समस्या का रूप ले सकता है।

# गरीबों पर साहूकारों का कहर खुलेआम चल रहा अवैध धंधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साहूकारी पर प्रतिबंध और सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए जाने के बावजूद किरतपुर क्षेत्र में सूदखोरी का अवैध धंधा खुलेआम चल रहा है। क्षेत्र में कुछ साहूकार गरीबों की मजबूरी को लूट का जरिया बना चुके हैं। शासन की सख्ती केवल कागजों तक सीमित दिख रही है, जबकि जमीनी स्तर पर ये साहूकार कानून और प्रशासन दोनों को ठेंगा दिखा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार मामूली रकम उधार लेकर लोग महीनों बाद तक ब्याज की चपेट में फंसे रहते हैं। कुछ साहूकार ऐसे हैं जो उधार दिए पैसों से कई गुना वसूली करने के बाद भी मूल रकम को जस का तस बताकर दबाव बनाते हैं। हालत यह है कि कई परिवार खेत, घर, दुकान और जेवर बेचने पर मजबूर हो गए, फिर भी उनका कर्ज खत्म नहीं हुआ। पीड़ितों ने बताया कि रुपया लौटाने के बावजूद साहूकार धमकाते हैं,

## सरकार के आदेश की उड़ रही धज्जियां

गालियां देते हैं और ब्याज के नाम पर जबरन वसूली करते हैं। कुछ मामलों में साहूकारों ने राजनीतिक पहुंच का सहारा लेकर शिकायत करने वालों को चुप कराने की भी कोशिश की है।

लोगों का कहना है कि शासन ने साहूकारी को पूरी तरह गैरकानूनी घोषित कर दिया है, इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है। जनता के बीच यह चर्चा है कि यदि अधिकारी चाहें तो एक दिन में यह धंधा बंद हो सकता है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ खामोशी है। क्षेत्र के नागरिकों, समाजसेवियों और व्यापारी वर्ग ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही साहूकारों पर शिकंजा नहीं कसा गया तो यह अवैध व्यापार गरीबों को पूरी तरह तबाह कर देगा।

# अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के मेधावियों का सम्मान समारोह 16 को



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र छात्रा कल्याण समिति के तत्वावधान में 16 नवंबर को होने वाले अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के सम्मान समारोह की सफलता को लेकर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विक्की हल्दुवा, देवेन्द्र कुमारख ओमप्रकाश सिंह एवं चंद्रहास सिंह द्वारा प्रचार प्रसार किया गया।

16 नवंबर को इंदिरा बाल भवन में मेधावी सम्मानित किए जाएंगे। जिन्होंने वर्ष 2025 में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में 70%, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एमएड 60% से परीक्षा उत्तीर्ण की हो व आईएएस, पीसीएस, आईआईटी, एमबीबीएस, एमएस, पीएचडी, नेट, जीआरएफ, एमटेक परीक्षा उत्तर्ण की हो।

ऐसे मेधावियों के आवेदन अंकतालिका एवं जाति प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी को संलग्न कर राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, तेजपाल सिंह व डीएवी इंटर कॉलेज बिजनौर में लेफ्टिनेंट राजेंद्र कुमार, चंदू सिंह, राजवीर सिंह को 10 नवंबर तक जा कर सकते हैं।

# गुरु नानक प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गुरु नानक प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन हुआ। साथ ही प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सेवादारों को प्रबंध समिति द्वारा सरोंपे भेंट किए गए। संगत ने भारी संख्या में पहुंच कर लंगर के माध्यम से प्रसाद ग्रहण किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरु नानक प्रकाश उत्सव पर तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर से निर्धारित मार्गों से होती हुई प्रभात



फेरी का भी समापन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में गुरुद्वारा सजाया गया। जिसमें गुरु ज्ञानी त्रिवेंद्र सिंह ने गुरु वाणी के माध्यम से संगत को निहाल किया। साथ ही गुरु नानक के बताए गए आदर्श पर चलने का आह्वान किया। गुरु सभा की ओर से सेवादारों को सरोंपे भेंट किए गए तथा गुरुद्वारा परिसर में आयोजित लंगर में महिला-पुरुषों के माध्यम से प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर गुरु सभा के अध्यक्ष निशु सिंह, त्रिवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, विक्की, शानू, वंश, शिवा, परमजीत सिंह, गुरमीत सिंह, शक्ति सिंह आदि महिला पुरुषों ने भारी संख्या में भाग लिया।

इसके अलावा ग्राम बैरमपुर खजूरी में सभा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया, सत्यवीर सिंह, सुरजीत सिंह भाटिया, जगदीश सिंह, ओंकार सिंह आदि संगत ने भारी संख्या में भाग लिया। इसके अलावा मेहर अलीपुर बाकर नगर सिजौली, हरगनपुर मुनीमपुर सदरूद्दीन नगर फलौदी आदि ग्रामीण अंचलों में गुरु नानक प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में चार किशोर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** शादीपुर मार्ग पर गांव नरगदी के सामने दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार चार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार की सायं करीब 6:30 बजे नहटौर-शादीपुर मार्ग पर गांव नरगदी के सामने दो बाईकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें गांव गिलाड़ी के कार्तिक (15 वर्ष) पुत्र नरोत्तम, विशाल (17 वर्ष) पुत्र भगत सिंह व गांव नवादा चौहान के प्रतीक (16 वर्ष) पुत्र

## गंभीर हालत में किया जिला अस्पताल रैफर

सुरेंद्र, प्रिंस (15 वर्ष) पुत्र मेघराज घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि चारों घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि पुलिस मौके पर पहुंची है और जानकारी जुटा जा रही है।

# धामपुर में शातिर चोर अफ्फान अंसारी फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर में शातिर चोर अफ्फान अंसारी के गैंग ने नागरिकों की रातों की नींद हराम कर रखी है। बीती रात एक वारदात को अंजाम देने के दौरान उसका साथी तो पकड़ा गया, मगर वो चकमा देकर भाग गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर के मौहल्ला नई सराय निवासी राजू कबाड़ी का पुत्र अफ्फान अंसारी नशेड़ी और शातिर चोर है। उसने अपना गैंग बना रखा है। जो बंद घरों को निशाना बनाता है। यह ताला खोलने और खिड़की काट कर अंदर घुस कर वारदात को अंजाम देने में माहिर है। यह जेल भी जा चुका है। कई वारदातों में इसका नाम सामने आ चुका है, मगर परिजनों के द्वारा मोटी रकम दे कर इसे छुड़ा लिया जाता है। जिससे इसके हौंसले बुंलद हो गए है

## मौके से पकड़ा गया साथी

और इसने अपना गैंग बना लिया है।

बीती रात मौहल्ला नई सराय में इस गैंग के द्वारा चोरी की एक वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। इस दौरान आवाज सुनाई देने से पड़ौसी जाग गए। उन्होंने अन्य पड़ौसियों व पुलिस को सूचना दे दी। मौके से एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया गया और अफ्फान अंसारी चकमा देकर भाग गया। पुलिस ने उसके घर पर कई बार दबिश दी, लेकिन वो हत्थे नहीं चढ़ा है। राजू कबाड़ी भी भूमिगत हो गया है। राजू कबाड़ी की पत्नी का कहना है कि उसका पुत्र अफ्फान गंगा मेले में जाने की बात कह कर घर से गया था।

### सीसी रोड बनते ही पड़ गईं दरारें

**बिजनौर।** ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल की ग्राम पंचायत चांदपुर फेरू उर्फ चंदपुरा में सीसी रोड बनने साथ ही उसमें दरारें आ गईं। ग्रामीणों ने सड़क में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीण चंद्रवीर, रामकुमार, अशोक, अतर सिंह, रईस, अजीम और हनीफ आदि ने बताया कि 31 अक्तूबर को गांव में सीसी रोड का निर्माण हुआ था। एक नवंबर को उसमें दरारें आ गईं।

# वर्धमान क्रिकेट एकेडमी ने जीती सीरीज

## विजेता टीम को मेडल पहना कर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर के मैदान पर खेला 3 मैचों की सीरीज का अंतिम मैच खेला गया। कौशिक क्रिकेट एकेडमी नजीबाबाद को 121 रन से हरा कर वर्धमान क्रिकेट एकेडमी ने 3-0 से सीरीज को जीत लिया।

मैच में वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 में ओवर में 4 विकेट खो कर 253 रन का स्कोर बनाया। जिसमें आयुष कुमार ने 64 बॉल में 104 रन की शानदार नाबाद पारी खेली। कप्तान प्रलभ शांतनु ने 94, राज उजैर अली ने 11 रन बनाये।

कौशिक क्रिकेट एकेडमी नजीबाबाद की ओर से गेंदबाजी करते हुए सारीम ने दो व हर्ष सिंह ने




एक विकेट लिये। कौशिक क्रिकेट एकेडमी नजीबाबाद ने जवाब में बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट के खोकर पर 131 रन बना कर सिमट गई, जिसमें अभिनव ने 51, निशांत ने 12 व ईशान ने 10 रन बनाये।वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रिहान खान ने तीन, राज कश्यप ने दो, हिमांशु व अभी तोमर ने एक-एक विकेट लिये। अंपायर कृष कुमार और गौरांग विश्नोई रहे जबकि स्कोरर रूद्र यादव रहे। इस अवसर पर इंचार्ज डॉ. जयदीप शर्मा, कोच मौ. मोहसिन व नजीबाबाद के कोच आयुष पाल, अमित श्रीवास्तव, साजिद अली, बिशन सिंह व राजू सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि वर्धमान कॉलेज बिजनौर की प्रिंसिपल प्रीती खन्ना ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मनित किया।

## एक नजर

### बिंदल शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू



**चांदपुर।** चांगीपुर स्थित बिन्दल्स पेपर्स एंड डिस्टलरी यूनिट शुगर मिल के तृतीय नवीन गन्ना पेराई सत्र का मुजफ्फरनगर शुक्रतीर्थ से पधारे पंडित ओमप्रकाश शास्त्री एवं महाराज विष्णु आचार्य द्वारा हवन पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। पूजन कार्यक्रम में बिंदल ग्रुप के निदेशक अशोक बिंदल, राकेश बिंदल, मयंक बिंदल, अंकुर बिंदल, संस्कार बिंदल, आयुष बिंदल, सिविक बिंदल और परिवार के सदस्यों के अलावा मिलकर अध्यक्ष शशि गुप्ता, गन्ना मिल उपाध्यक्ष जितेंद्र मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह सहित मिल अधिकारी उपस्थित रहे। पूजन के बाद मिल निदेशक द्वारा प्रथम गन्ने से भरी बैलगाड़ी मिल में लाने वाले कृषक जगदीश सिंह निवासी ग्राम सेल का माल्यार्पण कर स्वागत किया तत्पश्चात शॉल उड़ाकर मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर मिल निर्देशकों ने मिल अधिकारी एवं कर्मचारी कर्मचारी गण के साथ चेन में गन्ना डालकर सत्र का शुभारंभ किया। मिल उपाध्यक्ष जितेंद्र मलिक एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने किसानों के नाम जारी अपने एक संदेश में कहा कि मिल परिसर में गन्ना लाने वाले सम्मानित किसानों को किसी भी प्रकार के असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

### खो नदी के तट पर उमड़ी श्रद्धा



**शेरकोट।** खो नदी के तट पर लक्ष्मण गंगा स्नान मेला कमेटी के तत्वाधान में गंगा स्नान मेले का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। सुबह सवेरे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नदी तट पर उमड़ पड़ी। लोगों ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर अपने और परिवार के कल्याण की कामना की। मेले में दूर-दराज के गांवों से भी श्रद्धालु पंहुचे। परम्परागत रूप से नवजात बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। मेले में पूड़ी-कचौरी, खिलौने, मिठाई और धार्मिक वस्तुओं की दुकानें सजाई गईं, जिससे पूरा मेला परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मेला क्षेत्र में मौजूद रहे। मेले में मेला कमेटी की ओर से गीत संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने नए गीत प्रस्तुत किये।

### संगीतमयी भागवत कथा 20 से




**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुल नगर स्थित पावन श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम में श्री लक्ष्मी नारायण जी का प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए महंत रविंद्र कुमार संघर्षी महाराज ने बताया कि इस दौरान मन्दिर परिसर में 20 से 26 नवम्बर तक कथा व्यास महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज के मुखारविंद से संगीतमयी श्री मद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**धामपुर।** श्री हनुमत सेवा समिति द्वारा मंगलवार की रात कालागढ़ रोड स्थित बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित पवन कौशिक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कराया।श्रद्धालुओं ने सात बार हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया और भजनों के जरिए प्रभु बजरंगबली की आराधना की। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ. ए.के. सक्सेना, डॉ. करिश्मा सक्सेना, नीरज पंवार, पंकज भटनागर, हिमांशु गुप्ता, सक्षम गुप्ता, तरुण शर्मा शास्त्री, चेतन सैनी, विनिता चौधरी, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में रेणु गोयल और प्रो. पूनम चौहान ने समिति के कार्यों की सराहना की।

### शादी समारोह में गए परिवार के मकान में चोरी



**नगीना।** मौहल्ला कायस्थी सराय निवासी दिलशाद राइन पुत्र अब्दुलहक का परिवार घर में ताले लगाकर शादी में गया था। चोरों ने घर के ताले तोड़कर कई तोले सोने के जेवरात और 70 हजार की नकदी चोरी कर ली। चोरी की सूचना से मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर का पता लगाने के लिए मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है। लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ.अफनान गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे व मेरे पति के कहने में नहीं है। हमारे साथ गाली-गलौच व बदतमीजी करता है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**शाहिन परवीन पत्नी मौहम्मद मेराज निवासी ग्राम मौ. अलीपुर भिक्कन निन्दडू, तहसील धामपुर ( बिजनौर )**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पिताजी का नाम ANEESUR REHMAN था। जिसको उन्होंने अपने जीवन काल में ANEES AHMAD कर लिया था। उनको अब तक ANEES AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाता है। मेरे समस्त प्रमाण पत्रों में उनका नाम ANEESUR REHMAN से बदलकर ANEES AHMAD कर दिया जाए। **शकील अहमद पुत्र अनीस अहमद निवासी मौहल्ला नौधा दक्षिणी, कस्बा नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

## दोनों बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार, तमंचे व लूटा गया सामान बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** थाना हल्दौर पुलिस ने महिला से लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों लुटेरों को पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी है। बदमाशों के पास से महिला के गहने, मोबाइल, अवैध तमंचे और घटना में प्रयुक्त टैम्पो बरामद किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शोभा वाल्मीकि पत्नी रोहताश निवासी ग्राम हुसमापुर, थाना नौगांवा सादात, जनपद अमरोहा अपने दो बच्चों के साथ देहरादून से बिजनौर आई थी। रोडवेज बस स्टैंड पर चांदपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान दो अज्ञात टैम्पो सवार युवकों ने उन्हें चांदपुर ले जाने के बहाने अपने वाहन में बैठा लिया।

दोनों टैम्पो सवार युवक महिला को बरूकी नहर खारी के पास सुनसान स्थान पर ले गए और डरा-धमकाकर उसके गहने, 300-400 रुपए नकद और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर थाना हल्दौर पुलिस ने तत्काल मुकदमा अपराध संख्या 254/2025 धारा 309(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीम गठित की। अगले दिन, पांच नवंबर 2025, थाना हल्दौर पुलिस को सूचना मिली कि लूटपाट करने वाले दोनों आरोपी कस्बा झालू से नवादा-मुकरदपुर नहर पटरी से बिजनौर-नूरपुर रोड की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने नहर पटरी पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। तभी सामने से एक हरे रंग का बजाज मैक्सिमा सीएनजी टैम्पो (यूपी 20 सीटी 0963) आता दिखाई दिया।

पुलिस को देखकर टैम्पो सवारों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजीव पुत्र दीवान सिंह, निवासी ग्राम छितावर, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर। अश्वनी शर्मा पुत्र जयकिशन शर्मा, निवासी ग्राम ढांकी हुसैनपुर, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर। दोनों के कब्जे से बरामद एक अंगूठी (पीली धातु), एक जोड़ी बाली (पीली धातु), एक मंगलसूत्र (पीली धातु), एक मोबाइल फोन (रियलमी कंपनी का), दो अवैध तमंचे 315 बोर, जिन्दा व खोखा कारतूस सहित, बजाज मैक्सिमा सीएनजी टैम्पो नंबर यूपी 20 सीटी 0963, दोनों आरोपी लूट की नीयत से टैम्पो चलाते थे। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि व जीविकोपार्जन के नाम पर टैम्पो चलाते थे, लेकिन सवारी के रूप में भोले-भाले लोगों को बैठाकर सुनसान जगहों पर ले जाकर लूटपाट करते थे।

महिला से लूटे गए गहने और मोबाइल को वह बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इस घटनाक्रम में थाना हल्दौर पुलिस की सराहनीय भूमिका रही। जिसमें थाना प्रभारी संजय कुमार, थाना हल्दौर, प्रभारी सर्विलांस/स्वाट सेल टीम, जनपद बिजनौर, पुलिस अधीक्षक ने हल्दौर पुलिस टीम की तत्परता, सक्रियता और बहादुरी की सराहना की है।

## सर्राफ को ठगने की कोशिश

**चारों ठगों से पूछताछ कर रही पुलिस**

**किरतपुर।** एक सर्राफा की दुकान पर एक महिला समेत चार लोगों ने फर्जी लूट का ड्रामा रचकर दुकानदार को ठगने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की सजगता से चारों लोगों पकड़े गए। पुलिस चारों ठगों से पूछताछ कर रही है।

मंगलवार को एक सर्राफा की दुकान पर पहले एक महिला और पुरुष पहुंचे और दो सोने की चुड़ियों का वजन कराकर भाव पूछने लगे। इतनी देर में दो युवक और दुकान पर आएं और चालाकी दिखाते हुए सोने की चुड़ियों को लूट कर फरार हो गए। चूड़ी लाने वाले महिला पुरुष ने दुकानदार पर ही चूड़ी लूटवाने का आरोप लगाते हुए ड्रामा शुरू कर दिया। दुकानदार ने तुरंत पुलिस बुला ली। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो महिला समेत चारों लोग साथ साथ नजर आए। पुलिस दुकानदार पर लूट का आरोप लगाने वाले व्यक्ति को थाने ले गई। जिसके बाद महिला समेत चारों दो अन्य युवक भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस चारों से पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

### गंगा मेले का गजेन्द्र टिकैत ने किया शुभारंभ



**स्योहारा।** ग्राम किवाड़ में श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बन चुका एक दिवसीय गंगा स्नान मेला बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। यह मेला सिंबल वाले बाबा के नाम से पिछले 24 वर्षों से लगातार लगता आ रहा है। मेले का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान केवल आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि यह हमारे समाज की एकता और परंपरा का भी प्रतीक है। ऐसे मेले हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं। चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान यूनियन हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को बुलंद करती रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम किवाड़ जैसे आयोजनों से सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंबल वाले बाबा के दरबार में जो भी सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि हर वर्ष यह मेला आस्था का केंद्र बनता जा रहा है। इस अवसर पर आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में लोग मेले में पहुंचे। भक्तों ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और बाबा से आशीर्वाद लिया। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। मेले में व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ग्राम प्रधान एवं प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस मौके पर जयवीर सिंह, अमित चौधरी, सोनू चौधरी, विनय त्यागी, राजेश सैनी, बंटी कुमार, योगेंद्र सिंह, गुड्डू प्रधान, फैयाजुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने गंगा मेले में लगाया कैंप



**स्योहारा।** नगर से ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित रामगंगा पुल पर लगने वाले गंगा स्नान मेले के अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि गंगा स्नान आस्था का पर्व है, जिसमें प्रशासन और समाज के सहयोग से श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं विधायक पुत्र प्रियंकर राणा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा और धार्मिक आयोजनों के सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और गंगा स्नान जैसे आयोजनों में सेवा कर पवित्र भाव से श्रद्धालुओं का स्वागत करना गौरव की बात है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, डा. दीप सौरभ, मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार राणा, मंडल मंत्री अमित कुमार वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, विपिन शर्मा, मनोज कुमार, सुरेंद्र सैनी, डायरेक्टर दिनेश कुमार, मंडल मंत्री दीपांशु, विजय पाल, शरणजीत जोशी, सेवक वाल्मीकि, मदनपाल चौहान, कोषाध्यक्ष संजीत कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा से अकरम अल्वी, हाजी इंतजार अहमद, मंडल महामंत्री सुरेश तोमर, करण सिंह, रोहिताश सिंह, हरिओम, परमवीर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. नेपाल सिंह, सेक्टर संयोजक मनुज वर्मा, बूथ अध्यक्ष करण सिंह एवं उनकी समिति सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व समाजसेवी समाजसेवी कनिष्क वर्मा, निखिल वर्मा, पं राजेंद्र शास्त्री, हेमंत वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अक्षय वर्मा, सोनू वर्मा, मोहित वर्मा, शोभित वर्मा, विवेक वर्मा, अंशुल वर्मा, हरीश अरोड़ा, कृष्ण अरोड़ा, सुभान भाई, मौ. अहमद भाई विपिन मिगलानी सलमान भाई महेंद्र सिंह सैनी कुश कुमार दीपांशु चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पीड़ित सीधे आकर मिलें: थाना प्रभारी



**नूरपुर।** नवनियुक्त थाना प्रभारी विकास कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पीड़ित व्यक्ति सीधा मुझसे आकर मुलाकात कर अपनी समस्या को बता सकता है। किसी भी दलाल को लाने की जरूरत नहीं। उनकी समस्या को गंभीरता के साथ हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चोर उचक्के बदमाश क्षेत्र में अपराध करना छोड़ दें। वरना चोर, उचक्के व बदमाश को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। चाहे अपराधी कितना बड़ा क्यों न हो। कोई भी कानून से खिलवाड़ न करें। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के सम्मानित व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता के बगैर पुलिस अधूरी है। इसलिए पुलिस बाहर से आने वाले हर व्यक्ति का सम्मान करें। उनकी समस्या को सुनकर तुरंत हल कराने का काम करें। सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारा कायम रखें। क्षेत्र में ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारा कायम रखें। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों पर नजर बनाए रखें। थाना प्रभारी विकास कुमार रात्रि में लगातार क्षेत्र में गश्त करते नजर आ रहे हैं। गश्त करने से क्षेत्र में चोरी की घटना कम हुई है। चोरी की घटना कम होने से क्षेत्र की जनता ने राहत की सांस ली।

### गंगा स्नान मेले में लिखे पोस्ट कार्ड



**नांगल सोती।** गंगा स्नान मेले में गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर खूब पोस्ट कार्ड लिखे गए। बिजनौर वासियों की यह मांग अब धीरे धीरे जनांदोलन का रूप ले रही है। सभी इस एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर प्रयासरत दिखाई दे रहे है। बिजनौर की धरती से गंगा एक्सप्रेसवे निकाले जाने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन, राजनैतिक दल, व्यापारिक संगठन, किसान संगठन, छात्र संगठन, बार संगठन अपने अपने तरीके से सरकार से मांग कर रहे है। वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के वरिष्ठ नेता दिगम्बर सिंह के आह्वान पर गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर बीते एक माह से लगातार किसान, नेता, छात्र, ग्रामीण, व्यापारी पोस्ट कार्ड पर एक्सप्रेसवे की मांग लिखकर मुख्य मंत्री के नाम भेज रहे है। जानकारी के अनुसार अब तक एक लाख से अधिक पोस्ट कार्ड भेजे जा चुके है। मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लिखने का यह सिलसिला अब जनांदोलन बन चुका है। गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति पोस्ट कार्ड लिखने के लिए लालायित दिखाई दे रहा है। पोस्ट कार्ड लिखकर मुख्यमंत्री के नाम भेजने का सिलसिला लगातार जारी है, जिस कारण डाकघरों में पोस्ट कार्ड की भारी कमी हो गई है। वहीं नांगल के गंगा स्नान मेले में एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पोस्ट कार्ड लिखकर मुख्यमंत्री के नाम भेजे। पोस्ट कार्ड लिखने का यह सिलसिला अब हर घर के द्वार पर पहुंच चुका है, जिसके प्रतिदिन डाकघरों से पोस्ट कार्ड खरीदे जा रहे है। ग्रामीण पोस्ट कार्ड लिखकर उसकी सेल्फी सोशल मीडिया पर डाल रहे है।

## एक नजर

### गुरु नानक जयंती पर प्रभातफेरी निकाली



**नूरपुर।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सिख संगत ने गुरु वाणी कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया। इस जुलूस का नेतृत्व निशांत साहब ने किया और श्रद्धालु गुरु नानक देव की झांकी के साथ वाहेगुरु सतनाम के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान गुरुवाणी का गायन हुआ और भक्तों ने उत्साह से भाग लिया। प्रभात फेरी की शुरुआत गुरुद्वारा परिसर में अरदास के बाद हुई। पंज प्यारे (सिख धर्म के पांच प्रियजन) ने प्रभात फेरी का नेतृत्व किया। उनके पीछे संगत निशान साहिब लहराते हुए चल रही थी। संगीत और जय कारे ढोल मंजीरा की धुन पर वाहेगुरु सतनाम और अन्य शब्दों के जय कारे लगाए गए। प्रभात फेरी का स्वागत विभिन्न समाजों और परिवारों द्वारा अपने निवास पर पुष्प वर्षा और जलपान से किया गया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा परिसर में अरदास और प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुई। जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### प्रकाश पर्व पर भव्य धार्मिक समागम



**हल्दौर।** नगर के पोखर बाजार के समीप स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु नानक बाग साहिब में आज प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश पर्व पर भव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरबाणी, शब्द-कीर्तन एवं अटूट लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समागम में अमृतसर से पधारे प्रसिद्ध रागी जत्थेदार हरपाल सिंह लिटिल वीर जी तथा गुरुद्वारा हेड ग्रंथी ज्ञानी सतनाम सिंह ने मधुर वाणी में कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भावविभोर कर दिया। नगर की श्रद्धालु संतोष कौर, बबली कौर, जसबीर कौर एवं रजनी कौर ने भी गुरबाणी व शब्द कीर्तन से श्रद्धालुओं को निहाल किया। गुरु का लंगर निरंतर चलता रहा। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। पूरे परिसर में 'वाहे गुरु' के जयघोष गूंजते रहे। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरवेंद्र सिंह दिगवा, हरपाल सिंह टॉक, सतेंद्र सिंह काके, गुरनाम सिंह, राजन पीतांबर सिंह, जगमोहन सिंह भट्टी, अजीत सिंह सलूजा, गुरनीत सिंह उर्फ सन्नी, मनिंदर सिंह शेरा, गुरनाम सिंह, नानक सिंह सहित अन्य श्रद्धालु व नगरवासी मौजूद रहे।

### गंगा मेले में उमड़े श्रद्धालु

**कालागढ़।** कार्तिक गंगा स्नान पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामगंगा बैराज गंगा घाट पर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। बैराज गंगा घाट पर करीब 40 हजार भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। गंगा घाट पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मेले की रौनक बढ़ाई। मेले में बढ़ी संख्या में दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को सजाया। मेले में कई प्रकार के झूले भी आकर्षण का केंद्र बने। मेले में बने पार्किंग में हजारों की संख्या में वाहनों की शुल्क पर्ची काटी गई। कार्तिक पूर्णिमा मेले में सबसे बड़ी बात यह देखने में आई कि मेले में पुलिस प्रशासन ने अंडों की सप्लाई को पूरी तरह से रोक दिया और किसी प्रकार से अंडों का उपयोग नहीं होने दिया। इस अवसर पर कई दुकानदारों ने नाराजगी व्यक्त की। मेले में सुरक्षा की पूर्ण सुरक्षा का इंतजाम किया गया। थानाध्यक्ष संजीव ममगाई, सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह कालागढ़, थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह अफजलगढ़ ने सुरक्षा व्यवस्था की चाक चौबंद रखी।

# आहार व पोषण जागरूकता विषय पर प्रतियोगिता



**छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में आहार एवं पोषण जागरूकता विषय पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने नॉन फ्लेम कुकिंग,पोस्टर मेकिंग तथा कोलाज प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी कालरा (नगीना विधानसभा प्रभारी, बीजेपी शोध प्रमुख) एवं श्रीमती मरियम खान (मैनेजर, मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने की, जबकि संचालन डा. शमशाद हुसैन ने किया। अपने संबोधन में मौहम्मद साईम राजा ने छात्रों की शिक्षित और व्यवहारिक बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए, किरतपुर क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार के लिए राजा गजंफर अली खान मरहूम के योगदान को याद किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी कालरा ने कहा कि जीवन में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए, लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखो और आलोचकों की परवाह किए बिना मेहनत करते रहो। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों की सराहना की। वहीं श्रीमती मरियम खान ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुस्लिम फंड बसी किरतपुर के सेक्रेटरी मुंशी हसीनुद्दीन तथा वजातुल्लाह खान ने भी छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद पेश की।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में नॉन फ्लेम कुकिंग में प्रथम सदफ नाज, द्वितीय नाजरीन, तृतीय सानिया परवीन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम सुब्हानी, द्वितीय शिफा मुस्तकीम, तृतीय अलीशा खुर्शीद तथा कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम नाजिया, द्वितीय शिफा मुस्तकीम, तृतीय सूफिया परवीन रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. बेगराज यादव, डा. अनुज कुमार राजपूत, डा. चारु बंसल, निखिल भटनागर, दानिश परवेज, डा. अजय कुमार राणा, सायमा, उजमा, आसमा, बैतूल निशा, अल्फिया, नशरा, मौहम्मद निशात सोहेल, वीरेंद्र, ईरम एवं ऐमन का विशेष योगदान रहा।

# कभी टीआई, तो कभी एसएसआई दर्शन सिंह!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** परिवहन विभाग (रोडवेज) में टाइम कीपर दर्शन सिंह कभी टीआई बनकर बसों की चैकिंग करता है, तो कभी एसएसआई बनकर व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना प्रेषित करता है, जिसके स्क्रीनशॉट स्पेशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

रोडवेज कर्मचारियों में अपना रौब बनाने के उद्देश्य से टाइम कीपर होते हुए भी दर्शन सिंह द्वारा स्वयं को एसएसआई बिजनौर डिपो संबोधित करते हुए जानकारी भेजी जा रही है। एक व्हाट्स ऐप ग्रुप दर्शन सिंह बिजनौर डिपो नाम से संचालित का स्क्रीन शॉट भी वायरल हो रहा है, जो कि डिपो का ऑफिशियल ग्रुप न होकर व्यक्तिगत ग्रुप है। सूत्रों ने बताया कि कर्मचारियों को उस ग्रुप में जोड़कर समस्त प्रकार की ऑफिशियल सूचनाएं एवं गतिविधियां भी उसी ग्रुप के माध्यम से की जाती हैं। जिससे विभाग की गोपनीयता भंग होती है। उक्त ग्रुप में डिपो के सर्वोच्च अधिकारी भी जुड़े हैं जिससे साफ जाहिर है कि अधिकारी की मिली भगत है।

आपको बता दें कि दर्शन सिंह के टीआई बनकर बसों की चैकिंग का सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो रहा है, जिसके संबंध में एआरएस अशोक कुमार ने बताया था कि वायरल फोटो की सत्यता की जांच कराई जा रही है और टाइम कीपर को नोटिस देता स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन के प्रदेश सचिव बने शोबीर सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्राम पंचायत धर्मपुरा, ब्लॉक हल्दौर के ग्राम प्रधान शोबीर सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य, नेतृत्व क्षमता और पंचायत प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में समर्पण को देखते हुए ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक चंद्र अवस्थी ने जारी मनोनयन पत्र में कहा गया कि शोबीर सिंह ने पंचायत स्तर पर जनहित, जल संरक्षण, ग्रामीण विकास और सामाजिक उत्थान में सराहनीय योगदान दिया है। उनके अनुभव और नेतृत्व से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। मनोनयन पत्र 04 नवंबर 2025 से प्रभावी रहेगा। संगठन ने उम्मीद जताई है कि शोबीर सिंह अपने कार्यों से संगठन की गरिमा को और बढ़ाएंगे तथा पंचायत प्रतिनिधियों की आवाज को सशक्त मंच प्रदान करेंगे।

ग्राम पंचायत धर्मपुरा एवं क्षेत्रवासियों में इस मनोनयन को लेकर हर्ष का माहौल है। घर पर शुभचिंतकों का बंधाई देने बालो का तांता लगा हुआ है।

# उत्तम शुगर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ



**पहले गन्ना लाने वाले किसान सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पूजा अर्चना हवन यज्ञ के बाद मिल की चेन में गन्ना डालकर नवीन पराई सत्र शुरू कर दिया। इस मौके पर मिल अधिकारी और अनेक किसान मौजूद रहे। पेराई सत्र के शुभ आरम्भ के बाद सभी मौजूद लोगों को मिल प्रशासन की ओर से प्रसाद वितरण किया गया।

बुधवार को नांगल सोती क्षेत्र की उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के पराई सत्र वर्ष 2025- 26 का शुभ आरम्भ किया गया। पेराई सत्र शुरू करने से पूर्व मिल परिसर में पंडित राजेंद्र प्रसाद और कपिल प्रसाद ने मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना व हवन यज्ञ कराया। हवन यज्ञ के बाद मिल संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर व अन्य अधिकारियों ने मिल की चेन में गन्ना डालकर नए सत्र का श्रीगणेश किया। मिल में सबसे पहले गन्ना लाने वाले बैल बुग्गी किसान हरपाल सिंह निवासी सबलपुर बीतरा, ट्रैक्टर ट्राली किसान महिपाल सिंह कबूलपुर और सराय आलम गन्ना क्रय केंद्र के ट्रक ड्राइवर श्रीराम का संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने तिलक कर व माला पहनाकर स्वागत किया। नरपत सिंह राठौर ने मिल हित में किसानों से साफ सुथरा और ताजा गन्ना मिल में लाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से कहा कि आर्थिक हानि से बचने के लिए किसान अपना गन्ना कोल्हू पर बेचने से बचे और अपना बेसिक कोटा पूरा करे, इसके साथ ही अच्छी प्रजाति 15023 और 118 की अधिक से अधिक बुवाई करे।

इस मौके पर जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह, सचिव सुभाष सिंह, एससीडीआई संदीप चौधरी, महाप्रबंधक वित्त आशीष बंसल, जेपी त्रिपाठी, अर्जुन कौशिक, अजय शर्मा, यशवीर सिंह, अतेंद्र शर्मा, विकास पुंडीर, कुलदीप सिंह, अतुल चौहान, अनिल शर्मा, रविन्द्र पाल सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# कार्तिक गंगा स्नान मेले में हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी





**श्रद्धालुओं ने दीपदान, पिंडदान और बच्चों का कराया मुंडन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** कार्तिक गंगा स्नान मेले में सोमवार और मंगलवार की सुबह सवेरे से श्रद्धालुओं का भैंसा बुग्गी, ट्रैक्टर-ट्राली और पैदल चलकर गंगा तट पर पहुंचना शुरू हो गया था। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने देर शाम से ही गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगानी शुरू कर दी थी।

नांगल सोती के गंगा के पावन तट पर उत्तर भारत का गंगा स्नान मेला सोमवार से सजना शुरू हो गया था। जिसके बाद यहां स्नान के लिए श्रद्धालु अपने ट्रैक्टर ट्राली और भैंसा बुग्गी और पैदल पहुंचने शुरू हो गए थे। मंगलवार की शाम से ही गंगा घाट पर हजारों भक्तों ने गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगानी शुरू कर दी थी, वह सिलसिला लगातार जारी है, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने दीपदान पिंडदान और अपने बच्चों का मुंडन कराकर ब्राह्मणों को दान दक्षिणा दी। इसके साथ ही मेले में महिलाओं और बच्चों ने दुकानों से खेल खिलौने, श्रृंगार और मिट्टी के बर्तनों की जमकर खरीदारी की और चाट पकौड़ी का आनंद लिया और बच्चों और महिलाओं ने झूले का भी जमकर आनंद उठाया। मेला समिति ने मेले में पहुंचने के लिए अच्छा रास्ता बनाने के लिए काफी प्रयास किए। फिर की कई ट्रैक्टर गंगा की दलदल में फंसे नजर आए। मेले में थाना प्रभारी सतेंद्र मलिक और दरोगा सुनील पुनिया अपने पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे।

### स्टंटबाज ट्रैक्टर चालकों ने मचाया हुड़दंग

**नांगल सोती।** यह मेला काफी पुराना है। यहां हमेशा मेला समिति श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मुस्तैद दिखाई देती थी, लेकिन मंगलवार की रात मेला समिति मेले से पूरी तरह नदारत थी, जिस कारण कई स्टंटबाज ट्रैक्टर चालक और उस पर बैठे युवा मेले में जमकर हुड़दंग मचाते रहे।

### मेले में दुकानदारों से हुई जमकर वसूली

**नांगल सोती।** मेला संरक्षक ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने मेले में कोई भी वसूली न होने का अनाउंसमेंट कराया था, लेकिन कुछ लोगों ने अपने आप को मेला समिति का सदस्य बताते हुए दुकानदारों से जमकर वसूली की। जिसकी शिकायत दुकानदारों ने ब्लॉक प्रमुख से की।

# गंगाघाट पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

- जिला पंचायत अधिकारियों को था चार लाख से अधिक का अनुमान
- गंगा घाट पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- घाटों पर नाव के साथ गोताखोर रहे मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट व मिनी कुंभ मेला सिसौना डांडा में कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर लाखों की संख्या में लोग गंगा घाट पर स्नान को पहुंचे। स्नान घाट पर लोग कार, ट्रैक्टर, टेंपो, बाइको से पहुंचे। लोग डग्गामार वाहनों से पहुंचे। गंगाघाट पर लोगों की सुरक्षा को गोताखोर नाव के साथ मौजूद रहे। मेले में पुलिस मुस्तैद रही।

मेले में जैसा जिला पंचायत को अनुमान था कि मिले मे लाखों की संख्या में लोग आएंगे वह पूर्ण हो गया। मेले में श्रृद्घालुओं ने सुबह से ही आना शुरू कर दिया था। दोपहर को मेला खचाखच भर गया। लोगों ने स्नान घाट पर पहुंचकर अपने बच्चों के कन्छिदन व् मुंडन संस्कार कराये। स्नान के बाद लोगों ने घर से साथ लाया भोजन किया। मेले में को बच्चों को खोया पाया केंद्र व स्काउट गाइडो ने अपने माता-पिता व् अभिभावकों से मिलवाया। जिला पंचायत मेले में कठपुतली व् जादूगर के कार्यक्रम प्रस्तुत कराए। मेले में कृषि विभाग वन विभाग बाल विकास शिक्षा विभाग डीएसएम शुगर मिल रजपुरा स्वच्छ भारत मिशन ट्रैक्टर आदि के स्टाल लगे थे।

इन पर लोगों की भीड़ जुटी। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि गंगा घाट पर चार लाख से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। मेले में बेतहाशा भीड़ रही। मेले में फायर गाड़ी एंबुलेंस गाड़ी पुलिस व्यवस्था घाट पर नाव के साथ गोताखोर मुस्तेद रहे। स्नान काफी अच्छा रहा। मेले में ऐसी भीड़ उमड़ी जिसका अनुमान लगाना पहले से मुमकिन नहीं था।



बबराला- राजघाट गंगाघाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करते स्नानार्थी।



बबराला- सिसौना मेले में कर्षि प्रदर्शनी जिला पंचायत अध्यक्ष को फूल देकर सम्मानित करते।

### मेले में घूमती रही पुलिस

**बबराला।** मेले में पुलिस व्यवस्था बनाने में जुटी रही।ताकि किसी को परेशानी न हो।मेले में मेन रोड पर घूम रहे घुड़ सवारों को भी हटा कर दूसरे स्थान से भेजा गया। जिससे कोई बच्चा घायल न हो जाए।राजघाट गंगा घाट पर सीओ गुन्नौर आलोक सिद्दू व् बबराला थानाधयक्ष नरेंद्र कुमार घाट पर पूरे समय डटे रहे ।पुलिस मेले में चप्पे-चप्पे पर जीप से चक्कर लगाती रही।

### मेले में झूले चरख चले खूब

**बबराला।** मेले में झूला व् चरख पर बच्चों का महिलाओं की भीड़ रही। भीड़ के चलते पुलिस को बार-बार मशक्कत करनी पड़ी। युवाओं की काफी भीड़ रही।मेले में पुलिस व्यवस्था बनाने में जुटी रही।ताकि किसी को परेशानी न हो।

### दो दिवसीय किसान मेला

**बबराला।** गंगा मेला सिसौना डांडा में जिला पंचायत सम्भल के प्रबंधान में आयोजित गंगा मेला में जिला पंचायत अधयक्ष डक्त अनामिका यादव ने ख्रषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव/किसान मेला का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। जबकि मेले में किसानों को फसल उगाही और फसलों को रोगों से बचाने व तरह-तरह की फसले लगाकर अधिक मुनाफा पाने के लिए जागरूक किया गया।

### खूब बिकी जलबी और पकौड़ियां

**सम्भल।** मेले में जलेबी और पकोडी की खूब बिक्री हुई।सभी दुकानदारों को इसकी पूर्ति करना मुश्किल हो गया। दुकानदारों ने जलेबी साठ रुपये किलो लाइन लगाकर बेचीं।

### गुम हुए बच्चों को स्काउट गाइड ने मिलाया

**बबराला।** मेले में खोया पाया की व्यवस्था अच्छी रही। गंगा मेले में लगे केंद्र और स्काउट गाइड ने मेले में बिछड़े बच्चों को उनके अभिभावकों से मिलवाया।

### भीड़ से सुबह से लगा रहा जाम

**बबराला।** कार्तिक स्नान पर हाईवे जाम बबराला कार्तिक पूर्णिमा पर स्नानार्थियों की भीड़ के कारण आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह से ही जाम रहा। जाम की स्थिति के कारण कई घंटे वाहन जाम में फंसे रहे एक और से वाहन निकल गए फिर दूसरी तरफ के वाहन निकाले गए। इस कारण यात्रियों को कफ़.पी परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुन्नौर से नरौरा रोड पर जाम का झाम रहा।

### सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों पर रही भीड़

**सम्भल।** मेले के मीना बाजार में महिलाओं की काफी भीड़ रही। दुकानों से महिलाओं ने सिंगार का खूब सामान लिया। अधिक बिक्री से दुकानदारों की बल्ले-बल्ले रही।


## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- परिजनों ने पीएम कराने से किया इंकार

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के कस्बा निवासी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्ज़े में कर घटना के बारे में जानकारी हासिल कर पोस्टमार्टम को कहा, जिस पर परिजनों तैयार नहीं हुए। दोनों पक्षो में समझौता हो गया।

कस्बे के मौहल्ला गिन्नौरी निवासी नजारूल का विवाह कोतवाली सम्भल के मौहल्ला चौधरी सराय निवासी सईद की बेटी शबाना (42) के साथ बीस वर्ष पूर्व हुआ था।जिसके मात्र एक बेटा (22) है जो विदेश में नौकरी करता है। जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति ने सुबी मृतका के परिजनों को उसकी मौत हो जाने की सूचना दी। सूचना पाकर परिजनों के अलावा थाना हजरत नगर गढ़ी प्रभारी अनुज कुमार तोमर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील कुमार व चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल हमराहियों सहित घटना स्थल पहुंचे और दोनों पक्षों से मालूमात की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा। जिस पर मृतका के पति इन्कार करने लगा। जब उसके परिजन महिला के साथ मारपीट करने का आरोप लगा रहे थे। इसी बीच चैयरमेन कौसर अब्बास व अन्य लोगो ने दोनों पक्षों से बात कर समझौता करा दिया और शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। गौर तलब है कि मृतका का शव मकान की पहली मन्जिल पर मिला था। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चायें हो रही थी। इस मौके पर बड़ी संख्या में मर्द, महिलाएं मौजूद रहीं। दोनों पक्षों में समझौते के बाद शव को दफनाने की तैयारियां की जा रही थीं।



सिरसी- महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर जानकारी करती पुलिस।

## बाघऊ में अंडरपास निर्माण कार्य हुआ आरम्भ

- निर्वतमान सांसद संघमित्र मौर्य ने दिलाई थी मंजूरी
- जाम और हादसों से मिलेगी बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर से सटे गांव बाघऊ के पास स्थित रेलवे फाटक पर लंबे समय से प्रतीक्षित अंडरपास का निर्माण कार्य आखिर आरम्भ हो गया। यह लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला अंडरपास क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। प्रस्तावित अंडरपास लगभग 120 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा होगा, जो रेलवे ट्रैक के नीचे से होकर गुजरेगा। इसे पूरी तरह भूमिगत स्वरूप में तैयार किया जाएगा, जिससे वाहनों का आवागमन बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से हो सकेगा। गौरतलब है कि बाघऊ गांव का मानवरहित रेलवे फाटक सुरक्षा कारणों से पूर्व में स्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इससे ग्रामीणों को आवागमन के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती थी। अंडरपास बनने से न केवल बाघऊ गांव बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को भी सुरक्षित और सीधा मार्ग मिलेगा। इसके साथ ही गवां रोड पर यारा फर्टिलाइजर्स रेलवे क्रॉसिंग के पास लगने वाले जाम और हादसों की संभावना में भी कमी आएगी। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने कहा कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी इस मांग को धयान में रखते हुए तत्कालीन सांसद डा. संघमित्र मौर्य ने रेलमंत्री से इस परियोजना को मंजूरी दिलाई थी। अब कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह और संतोष का माहौल है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर दो दिन का अवकाश हो घोषित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** कार्तिक पूर्णिमा पर ककोड़ा मेला बदायूं जनपद की तर्ज पर ही सम्भल जनपद के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में सिसौना डांडा मेला लगने लगा है तो इसके लिए स्नान पर्व का दो दिन का अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। क्योंकि ककोड़ा मेला पर अवकाश दो दिन होता है। अब भी बदायूं जनपद में अवकाश जारी है तो सम्भल जनपद के सिसौना डांडा मेले को देखते हुए अवकाश किया जाना चाहिए। पहले गुन्नौर तहसील बदायूं का हिस्सा थी तो दो दिन ककोड़ा मेले का अवकाश मिलता था। अब गुन्नौर तहसील के संभल जिले में जाने से समाप्त हो गया है। सम्भल की जिला पंचायत ने गुनौर तहसील में ककोड़ा मेला की तर्ज पर सिसौना मेला लगाना आरंभ कर दिया है तो इस पर्व पर अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। लोगों की स्नान पर्व में गहरी आस्था है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों ने दो दिन का अवकाश कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर 5 व 6 नबंवर को किए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। मांग करने वालों में नीरज, प्रशान्त कुमार, बीरेन्द्र, प्रमोद, योगेंद्र सिंह यादव, संजीव कुमार, सुरेश कुमार आदि हैं।



सम्भल-गुरुपर्व पर गुरुनानक गुरुद्वारा में साहू दिनेश गुप्ता को सम्मानित करते।

## भक्ति भावना श्रद्धा उत्साह के साथ मनाया गुरु पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू श्रीगुरूनानक देव का गुरू पर्व श्रृद्वा व उत्साह भक्ति भावना के साथ मनाया गया। महान कीतन दरबार में संगतों को निहाल कर दिया।

सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू श्रीगुरूनानक देव का आमन कार्तिक पूर्णिमा को हुआ था। सिक्ख समाज के लिए यह दिन शुभ है और इसका महान महत्व है। जिसमें सिमरन सेवा, लंगर, सच्ची कमाई आज भी संगते जीवन में अपनाकर जन्म सफल करती हैं। गुरूवार को गुरूद्वारा श्रीगुरूनानक दरबार में गुरू पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रात्रि मेंकवि दरबार, दीपमाला और बच्चों की गुरवाण्री पाटक कराया गया। जबकि वीर खालसा सेवा दल व सुखमनी महिला सोसाइटी के हरदीप सिंह, धर्म सिंह, कुलदीप सिंह, गुरजीत सिंह, जोगेश ठकराल, अशोक, कुलवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, हरज्ञान सिंह, कपिल, एसपी गम्भीर, रंजीत सिंहं, मुन्ना लाल, विनोद, अभीत, जसजीव सेवा व सहयोगी रहेंगे। इसके अलावा नगर सुख शांति आपसी भाईचारे की अरदास के साथ गुरू का लंगर सभी धर्म जाति की संगतों को एक साथ मिलकर बैठकर छका गया। इसके अलावा धार्मिक सामाजिक, राजीनतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने गुरूद्वारा में मत्था टेका। इसके अलावा कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के डी सी वीरेन्द्र सिंह व लल्लन प्रसाद यादव ने गुरूद्वारा में हाजरी लगाई। महिला सुखमनी सोसाइटी, की ओर से सुरेन्द कौर, मोहन कौर,जगजीत कौर, करमजीत कौर, सुखविन्दर कौर, सिमरन, सोनिया मदान,रितु गांधी रितु पनेसर, सुप्रीत कौर, सुखमनी साहिब के पाठ की सेवा की।

## लकड़ी माफिया बागों को चंद देर में बना देते हैं मैदान

- सूचना देने के बाद भी वन विभाग आंखे मूंद लेता

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एक ओर जहां सरकार पौधारोपण के लिए जोर दे रही है, जबकि हर वर्ष लाखों पौधे रोपित कर लोगों को भी पौधे लगाने को प्रेरित किया जाता है लेकिन दूसरी और मिनटों में ही हरे-भरे बागों को मैदान बना दिया जाता है। इनमें वन विभाग की भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जिससे लकड़ी माफिया पेड़ की जड़े धड़ल्ले से काट रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना देने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। ऐंसा एक दो बार नहीं बल्कि कई स्थानों पर रातों-रात पेड़ों को काटकर उसे मैदान बना दिया जाता है। इसमें वन विभाग की भूमिका संदिग्ध मानी जाती रही है। सरकार पौधे लगाने के लिए जोर दे रही है, इसके लिए करोड़ों खर्च भी किए जाते है। पेड़ों के कटान से प्रकृति को हाने वाले नुक्सान से बचाने को सरकार प्रतिवर्ष पैद्यारोपण के लिए जागरूक करने के साथ लोगों को धरती हरी-भरी बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करती है लेकिन पर्यावरण और प्रकृति के दुश्मन पेड़ों को जड़ों से धड़ल्ले से काट रहे हैं। उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। जबकि परमीशन हर-भरे वृद्व फल विहीन होने का नाम देकर दी जाती है। क्षेत्र में बगैर लाइसेंस के आरा मशीनें भी चल रही हैं। जहां अवैध रूप से काटे गए पेड़ों को ठिकाने लगा दिया जाता है।

## हयात नगर कोतवाली से संजीव कुमार सोम को हटाकर उमेश सिंह बनाए गए प्रभारी निरीक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हयात नगर थाने के प्रभारी का हटाकर नये प्रभारी निरीक्षक को नियुक्त कर दिया है।

हयात नगर कोतवाली का प्रभार संजीव कुमार सोम सम्भाल रहे थे। अचानक संजीव कुमार सोम को हटाकर उनके स्थान पर पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक उमेश सिंह को हयात नगर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। अचानक संजीव कुमार सोम को हटाना जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाये रखने और प्रशासनिक समायोजन के मददेनजर रखते हुए जनहित में तत्कालित प्रभाव से स्थानान्तरित/नियुक्त किया जाना कहा गया है लेकिन अचानक संजीव कुमार सोम को हटाने को को लेकर तरह-तरह की चर्चायें की जा रही है।

## देव दीपावली पर राजघाट पर हुआ दीपदान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर दीपदान किया गया। देव दीपावली का पर्व मनाया गया। देव दीपावली का अर्थ 'देवताओं की दिवाली' है। दिवाली के पंद्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन देवता गंगा स्नान के लिये पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। यह पर्व भगवान शिव द्वारा त्रिपुरासुर पर विजय की स्मृति में मनाया जाता है, इसलिये इसे त्रिपुरोत्सव भी कहा जाता है। सन्तोषी माता श्रीबांके बिहारी मन्दिर के पण्डित श्याम बिहारी ने कहा कि धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया था। देव दीपावली की रात देवता काशी में उतरते हैं, इसलिए इस दिन दीपदान करने से अज्ञान और दु:ख दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन गंगा स्नान, दीपदान और दान-पुण्य विशेष पुण्यदायी माना गया है। पूजा का शुभ समय- देव दीपावली की पूजा प्रदोष काल में की जाती है। इस दौरान भगवान शिव, विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करना बहुत फलदायी माना गया है। गंगाघाट राजघाट के गंगा आरती पुरोहित पुष्पेन्द्र शर्मा व सत्यम मिश्र ने बताया कि देव दिवाली पर शाम के समय तुलसी के समक्ष घी का एक दीपक जरूर जलाएं। फिर तुलसी की तीन बार परिक्रमा करते हुए मां लक्ष्मी के मंत्रें का जाप करें। विष्णु जी की आराधना करते हुए उन्हें तुलसी दल का भोग भी अर्पित करें। इस दिन घर में तुलसी का नया पौधा रोपना भी बहुत उत्तम माना जाता है। इस दौरान पूजा गोयल, अतुल गोयल, लक्ष्मीकांत शर्मा, कार्तिक गोयल, सात्विक, गर्वित गोयल, संजय शर्मा आदि रहे।



बबराला- देव दीपावली पर दीपों से सजा राजघाट गंगाघाट

## राज्यमंत्री ने मेले का फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सिसौना डांडा के घाट पर लगने वाले गंगा मेला का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने फीता काटकर किया।

विकासखंड रजपुरा के ग्राम सिसौना डांडा में लगे गंगा मेले में राज्यमंत्री ने स्काउट गाइड कैंप तथा विभिन्न विभागों के द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया जबकि एनआरएलएम, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, पशुपालन एवं ख्रषि विभाग तथा पंचायती विभाग आदि विभागों की स्टालों का अवलोकन किया। इसके अलावा प्रभारी मंत्री कृषि विभाग के अन्तर्गत सरसों के बीज की मिनी किट किसानों को वितरित की गयी। तथा राज विद्या केंद्र अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय शान्ति वक्ता प्रेमरावत ने शांति का संदेश वीडियो कार्यक्रम का का भी फीता काट कर शुभारम्भ किया। जबकि राज्यमंत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी, क्षेमनाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ एवं अन्य अतिथियों ने मां गंगा की प्रतिमा का अनावरण किया एवं गंगा नदी में पूजा अर्चना कर मां गंगा को दुग्धाभिषेक किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह तथा कृषि उप निदेशक अरूण कुमार त्रिपाठी,जिला कृषि अधिकारी प्रबोधमिश्रा, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर,नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू आदि मौजूद रहे।

## गौर शंकर चौधरी को मिली प्रदेश की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में नगर निवासी गौरी शंकर को प्रदेश संगठन मंत्री की कमान दी गई। उनका नगर मंत्री बनाने पर व्यापारियों में हर्ष का माहौल है।

मंगलवार को लखनऊ के होटल एस पी इंटरनेशनल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्पूर्ण बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की अधयक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रिपिन कंसल की उपस्तिथि में युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने युवा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें उत्तर प्रदेश के सम्भल जिले से गौरीशंकर चौधरी को प्रदेश संगठन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए संगठन को गति देने के लिए पश्चिमी क्षेत्र को मजबत बनाने की जिम्मेदारी सौपी। इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। और जो सम्मान उन्हे सौंपा गया है। एसे पूरी तनमयता ,ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह व्यापारियों के हित में सदैव तत्पर रहेंगे। गौरशंकर चौधरी को प्रदेश संगठन मंत्री बनाने पर जिला संगठन और व्यापारियों में हर्ष का माहौल है।



सम्भल- गौर शंकर चौधरी को प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व सौंपते।

## पूर्व चेयरमैन के कार्यक्रम में पहुंचे सभी दलों के नेता

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राजनैतिक मंच हो अथवा अन्य सार्वजनिक स्थान या फिर कोई अन्य कार्यक्रम एक दूसरे को फूटी आंख न सुहाने व अपशब्दों की बौछार करने से नहीं चूंकने वाले नेता पूर्व चैयरमेन के पीडीए, सपा और भाजपा बंटे हुए नहीं बल्कि एक ही थाली में भोजन करने वाली कहावत को चरित्रार्थ करते दिखायी दिए।

मंगलवार की देर सांय नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन व राष्ट्रीय सदभावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत इलाही की बेटी हादिया इलाही की इंगेजमेंट कार्यक्रम था। जिसमें सपा, भाजपा और बसपा व कांग्रेस के कर्णधारों को आंमत्रित किया गया था। इंगेजमेंट सेरेमनी में सपा के सदर विधायक इकबाल महमूद, पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खान, पूर्व विधायक अकीलुर्रहमान खां, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, बसपा नेता हाजी ताहिर कुरैशी पूर्व कोआर्डिनेटर साजिद सैफी, पूर्व प्रत्याशी हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा एवं पूर्व प्रत्याशी आंवला साजिद खां तथा कांग्रेस नेता एवं मुरादाबाद से पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की शामिल हुए। पूर्व चैयरमेन की बेटी की रिंग सेरेमनी न कोई सपा का था और न ही भाजपा अथवा बसपा और कांग्रेस का बल्कि सब एक नजर आये।



सम्भल- हाजी नुसरत इलाही की बेटी के रिंग सेरेमनी में एक दूसरे का हाथ पकड़कर खुशी का इजहार करते भाजपा, बसपा नेता व साथ में खड़े सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

## आर्य समाज व पतंजलि योग साधना शिविर

**सम्भल।** कार्तिक गंगा मेला में पतंजलि परिवार की ओर से दो दिवसीस योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। सिसौना डांडा जिला में विगत बर्षो की भांति आर्य समाज व पतंजलि परिवार के सौजन्य से तीन दिवसीय योग साधाना,यज्ञ,वेद प्रचार के अन्तर्गत आज योग व यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। दयाशंकर आर्य ने बताया कि लोगों को योग क्रियाओं को कराया गया।सुबह को यज्ञ किया गया। जिससे सभी मौजूद रहे।

# कटघर थाना क्षेत्र में खाली पड़े बेसमेंट के कचरे में लगी भीषण आग, क्षेत्र में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के हनुमान मूर्ति तिराहे के पास खाली पड़े एक बेसमेंट के कचरे में अचानक आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बेसमेंट में लंबे समय से जमा कचरा आग की चपेट में आने से धू-धू कर जलने लगा और देखते ही देखते तेज धुआं और लपटें उठने लगीं। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने धुआं उठता देखा तो तुरंत इसकी सूचना फायर विभाग और थाना कटघर पुलिस को दी।सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। करीब एक घंटे की मेहनत के बाद आग पूरी तरह बुझाई जा सकी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग बेसमेंट में जमा प्लास्टिक, कागज और अन्य ज्वलनशील कचरे में लगी थी, जिससे आग तेजी से फैल गई। हालांकि आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन बेसमेंट में रखा कचरा जलकर राख हो गया। घटना के दौरान क्षेत्र में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया था। लोग आग की लपटें और धुआं देखकर इधर-उधर भागते नजर आए। पुलिस ने आसपास का इलाका घेरा. बंदी कर सुरक्षा व्यवस्था संभाली और लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने के निर्देश दिए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बेसमेंट लंबे समय से खाली पड़ा है और उसमें लगातार कचरा फेंका जा रहा था। बेसमेंट के कचरे में आग कैसे लगी इसकी जांच पड़ताल में दमकल विभाग और कटघर थाना पुलिस की टीम जुटी हुई है।

# स्कूटी चोरी करने के दो आरोपियों को नागफनी पुलिस ने किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना नागफनी पुलिस ने स्कूटी चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई स्कूटी भी बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।जानकारी के अनुसार, दिनांक 04 नवंबर की सुबह थाना नागफनी क्षेत्र के एक निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके घर के नीचे खड़ी स्कूटी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस संबंध में थाना नागफनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम सक्रिय हुई और उसी रात संदिग्धों की तलाश में इलाके में चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने मेहनत और सतर्कता के साथ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों अजय गोस्वामी पुत्र बुद्धीनाथ गोस्वामी निवासी जोगियान गली, थाना नागफनी और अजब सिंह पुत्र हुकम सिंह निवासी लाइन पार मझोला मंडी, थाना मझोला को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की स्कूटी भी बरामद कर ली है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

## एक नजर

### संजीवनी हॉस्पिटल ने लगाया पानूवाला में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**ठाकुरद्वारा।** संजीवनी हॉस्पिटल काशीपुर द्वारा जरूरतमंदों की मदद करने के लिए पानूवाला में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने करीब 100 मरीजों की जांच कर उपचार की सलाह दी। बुधवार को उत्तराखंड के काशीपुर स्थित संजीवनी हॉस्पिटल द्वारा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम राजूपुर कला पानूवाला में वरिष्ठ अधिवक्ता नसीम अहमद एडवोकेट व वरिष्ठ अधिवक्ता सलीम अहमद के आवास पर को संजीवनी हॉस्पिटल काशीपुर के द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया इगया। स्वास्थ्य कैंप में तमाम ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और तीन दिन की नि:शुल्क दवाइयां का वितरण किया गया । स्वास्थ्य कैंप में करीब 100 से अधिक महिला पुरुष और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई और नि:शुल्क दवाई दी गई । साथ ही कैंप में ब्लड और शुगर की जांच फ्री की गई हैं । कैंप में संजीवनी हॉस्पिटल काशीपुर के एमडी के पुत्र यश गुंबर ने बताया कि समय समय पर क्षेत्र के गांव जरूरतमंदों की मदद के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते है। कैंप में मार्केटिंग मैनेजर मोहम्मद रिजवान , डॉक्टर अतीक अहमद डॉक्टर शिवानी शर्मा ,डॉ मोहम्मद तालिब, कैंप के संयोजक डॉ मोहम्मद जावेद अंसारी पूर्व विधायक प्रत्याशी 26 विधानसभा क्षेत्र ठाकुरद्वारा सहित कैंप में रफी सलमानी शहाबुद्दीन अंसारी सलीम अंसारी एडवोकेट राजू सिंह शमसेर डीलर चौहान सुभाष सिंह चौहान इंतजार हुसैन डीलर विमल कुमार अली आदि उपस्थित रहे।

### आस्था की डुबकी लगाकर की पूजा अर्चना, बच्चों का कराया मुण्डन

**ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर के निकटवर्ती बिजनोर सीमा पर स्तिथ गांव जयनगर व डिलारी के गक्खरपुर , रायभूड़ में रामगंगा नदी पर गंगा स्नान पर्व धूमधाम से मनाया गया। गंगा स्नान पर सभी स्थानों पर राम गंगा नदी



के किनारे मेलो का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी मे स्नान कर विधि विधान से रामगंगा नदी की पूजा अर्चना की। ओर गंगा स्नान पर्व पर रामगंगा नदी के किनारे लगने वाले मेलों की सभी तैयारियां एक दिन पूर्व कर ली गई की । मंगलवार की रात्रि को मेले में पहुंचे दुकानदारों ने अपनी दुकान सजाई। बुधवार की प्रात: से ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी के घाट पर लगने वाले मेले में पहुंचकर किसी ने आस्था की डुबकी लगाई तो किसी ने अपने बच्चों का मुण्डन कराया।

श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी पर पहुंचकर दूध, नारियल, काशीफल व मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया। महिलाओं ने गंगा नदी के किनारे बैठकर पूजा कर पुष्प चढ़ाएं। इसके प्रसाद श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने श्रृंगार के साथ-साथ घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीदारी की बच्चों खिलौने खरीदे और झूले का आनंद लिया। जयनगर ग्राम प्रधान विपिन कुमार, रायभूड़ ग्राम प्रधान भानूप्रताप सिंह व गक्खरपुर ग्राम प्रधान ने मेले की पूरी व्यवस्था कराई और अपनी टीम के साथ दोनों दिन मेले में उपस्थित रहकर सहयोग किया। सुरक्षा की दृष्टि से रामगंगा घाट पर गोताखोर उपस्थित रहे लेकिन थाना अफजलगढ़ पुलिस प्रशासन मेले मे अपने अग्नि सामन गाड़ी को खड़ा कर वहाँ से चले गए और मेले में कोई भी पुलिस प्रशासन मौजूद नही रहा।

### पुलिस प्रशासन की लापरवाही से नॉएंट्री से गुजर रहे ओवर लोड रेत-बजरी के वाहन

**ठाकुरद्वारा।** पुलिस की लापरवाही के चलते नगर में सायं ढलते नॉएंटी में ओवर लोड रेत बजरी से भरे डंपर दौड़ रहे है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशसान के कार्यालय के सामने से होकर गुजरते हुए ओवर



लोड वाहन। लेकिन कोई अधिकारी इन वाहनों पर नॉएंटी से गुजरने पर कोई नही होती है। इससे साफ जाहिर है कि स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण ही नॉएंटी में वाहन गुजरते है। सुबह 6.00 बजे से सायं 9.00 बजे नगर में ओवर लोड रेत बजरी से भरे डंपरों को नगर में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए नॉएंटी लगी है। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण पूरे दिन ओवर लोड रेतबजरी से भरे डंपर बिना रोक टोक नॉएंटी में होकर गुजर रहे है। बतादें कि इस मार्ग पर उपजिलाधिकारी आवास और पशु पति गेस्ट हाउस है । पशुपति गेस्ट हाउस में पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, सहित अन्य अधिकारी रहते है। अधिकारियों के बिना खौंफ के नॉएंटी में रेत बजरी गुजर है। इससे साफ जाहिर है कि स्थानीय प्रशासन का कही न कहीं इन ओवर लोड वाहन संचालकों से कोई झोल है। बिना खोफ नॉएंटी से गुजर रहे है।

# सपा ने गुरु नानक जयंती पर दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव फुरकान अली के नेतृत्व मे सपा पदाधिकारीयों ने कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर बधाई दीं ताड़ीखाना स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा मे गुरुनानक जयंती पर सभी को लख लख शुभकामनायें देते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है। जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि गुरु नानक जी दार्शनिक, समाज सुधारक, कवि, योगी और देशभक्त थे। समाज से अंधविश्वास, आडंबर और जात-पात की बुराई खत्म करने के लिए उन्होंने सिख धर्म की स्थापना की। वे सिखों के प्रथम गुरु थे। सिख धर्म के माध्यम से उन्होंने मानवता को निर्गुण उपासना, नि:स्वार्थ सेवा, त्याग, समर्पण और ईमानदारी का रास्ता दिखाया। जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव ने कहा गुरुनानक जी ने गरीब-अमीर, छोटे-बड़े और सभी जाति के लोगों को अपनाया। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही सामाजिक न्याय, परस्पर एकता और सद्भावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था कायम हो सकती है। गुरु द्वारा सिंह सभा ने सपा पदाधिकारियों का सम्मान भी किया और भूरी भूरी प्रसंशा की। इस अवसर पर लंगर भी छका जिसमें महासचिव फुरकान अली, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव, पाल, दलप्रीत सिंह, केदार सिंह, भूरा कुरैशी, इंद्रजीत सिंह, महेंद्र सिंह.माजिद, विक्की आदि मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर रामगंगा में लाखों लोगों ने लगाई आस्था की डबकी



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रामगंगा स्थित नील सरोवर और दरियापुर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के मेले का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे लाखों की संख्या में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। मेले में श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार कराए और स्नान करके भगवान को स्मरण किया मेले में कई सामाजिक एवं राजनीति संगठनों ने अपने-अपने कैंप लगाकर खिचड़ी प्रसाद वितरण के साथ-साथ पीने के पानी और बैठने की व्यवस्था कराई।

इस पवित्र स्थान पर स्थित मंदिर में चल रहे श्री अखंड रामायण पाठ का भी समापन हुआ और आरती उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया मेले में जाने वाले वाहनों के कारण रामगंगा पुल पर दिनभर जाम के हालात बने रहे हालांकि पुलिस प्रशासन ने मसक्कत करने के बाद आवागमन सुचारू कराए रखा लेकिन इस मार्ग से निकलने वालों को कई बार जाम का सामना करने को मजबूर होना पड़ा मेले की व्यवस्था के लिए जगह-जगह पर पुलिस तैनात रही अधिकारियों ने भी सुरक्षा को लेकर मेले का भ्रमण किया बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मेले में खान और खिलौनो का लुफ्त उठाया कुल मिलाकर बड़ी संख्या में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई और मेला सकुशल संपन्न हो गया।

# चक्रवर्ती सम्राट भरत की दिग्विजयी यात्रा के अभिनंदन को टीएमयू ने बिछाए पलक पांवडे

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का कैंपस दिव्य, भव्य और आध्यात्मिकता की अनुभूति से लबरेज नजर आया। सुबह आठ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक- करीब नौ घंटे सम्पूर्ण परिसर मशहूर वाद्य यंत्रों की भक्तिमय धुनों, रंग-बिरंगे परिधानों में हाथियों, घोड़ों, ऊंटों, स्वर्ण रथ, बग्गियों की मौजूदगी ने चक्रवर्ती सम्राट भरत की दिग्विजय यात्रा में चार चांद लगा दिए। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इन अद्भुत एवम् आलौकिक दृश्यों को बरसों तक याद रखा जाएगा। बागड़पुर फ्लाईओवर के नीचे दिग्विजय यात्रा को बतौर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने 12:15 बजे हरी झंडी दिखाकर कैंपस के लिए रवाना किया। टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन चक्रवर्ती सम्राट भरत और श्रीमती ऋचा जैन सुभद्रा चक्रवर्ती की भूमिका में रथ पर सवार थे, जबकि दिग्विजय यात्रा अंतिम छोर पर अजमेर से आए ज्ञान-विज्ञान संयम उत्सव विशाल रथ पर कुलाधिपति एवम् महायज्ञ नायक श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन विराजमान थे। चक्रवर्ती सम्राट भरत के रथ के आगे-आगे परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज, मुनि श्री 108 सभ्यानंद जी मुनिराज ससंघ एवम् गिरनार गौरव आचार्य श्री 108 निर्मल सागर जी महाराज के परम



प्रभावी शिष्य क्षुल्लकरत्न गिरनार पीठाधीश श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज ससंघ तीन दर्जन से अधिक श्रावकों के घेरे में चल रहे थे। करीब एक बजे चक्रवर्ती सम्राट भरत के रथ को हजारों श्रद्धालुओं ने जयकारों और मंगल ध्वनि के साथ ऐतिहासिक मंगल प्रवेश करवाया। रथ पर सवार टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन ने चक्रवर्ती सम्राट भरत और श्रीमती ऋचा जैन ने सुभद्रा चक्रवर्ती के रूप में सेकेंड सिक्योरिटी चेकपोस्ट पर स्टाफ रूपी प्रजा को फलों की टोकरी का वितरण किया। श्री ऋषि जैन सौधर्म इन्द्र, श्रीमती निधि जैन-शचि इंद्राणी, वीसी प्रो. वीके जैन-महामंडलेश्वर, श्री मनोज जैन- बाहुबली, प्रो. विपिन जैन-कुबेर की भूमिका में दिग्विजय यात्रा में शामिल रहे। इस विशाल यात्रा के दौरान चौतरफा जैन पताका, मंगल कलश, आचार्य विद्यासागर जी महाराज, गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता जी सरीखे जैन संतों के कटआउट्स की भव्यता देखते ही बनती थी। रिद्धि-सिद्धि भवन होते हुए भव्य दिग्विजय यात्रा ने पूरे टीएमयू कैंपस का भ्रमण किया। यूनिवर्सिटी के कण-कण को धर्म की ऊर्जा से संचित कर दिया। अंत में वापस रिद्धि-सिद्धि भवन में अभिषेक और शांतिधारा के संग दिग्विजय यात्रा का समापन हो गया।

दिग्विजय यात्रा में पुणे का वाद्य यंत्र-झांज पथक, केरल के ढोल- चेंडा मेलम, रहली पटना सागर से ऐरावत हाथी, दिल्ली का नासिक ढोल, खुरई से रमतुला दलदल घोड़ी, दिल्ली से शहनाई, ऊंट, बग्गी, मंगल कलश, जबलपुर का प्रसिद्ध श्याम बैंड, अम्ब्रेला नृत्य आदि की झांकियां और हजारों श्रद्धालुओं का संगम अद्भुत एवम् अप्रतिम नजर आए। अम्ब्रेला ढोल नृत्य मणिपुरी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किया गया। पूरे कैंपस में मगध, काशी, गांधार, पांचाल आदि छह स्टॉल्स भी सजाए गए, जिनमें श्रावक-श्राविकाओं ने इन राज्यों की ओर से चक्रवर्ती सम्राट के सम्मान में कल्चरल इवेंट प्रस्तुत की गईं। उल्लेखनीय है, इन राज्यों के राजाओं ने चक्रवर्ती सम्राट भरत की आधीनता स्वीकार की थी। इस यात्रा का सबसे रोमांचक और अविस्मरणीय क्षण हेलीकॉप्टर के जरिए दो घंटे तक पुष्प वर्षा रहा। दिग्विजय यात्रा में मुरादाबाद जैन समाज के श्री अनिल जैन, रामगंगा विहार जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री संदीप जैन, महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती नीलम जैन, उद्यमी श्री आकाश जैन, श्री अनिल अग्रवाल के संग-संग 100 किमी के दायरे से जैन समाज के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डॉ. कल्पना जैन, प्रो. रवि जैन, डॉ. अंकिता जैन, डॉ. हर्षित जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. प्रवीन जैन, डॉ. अर्चना जैन आदि भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने दिग्विजय यात्रा के पश्चात कुलाधिपति आवास-संवृद्धि पर वात्सल्य भोज किया । उल्लेखनीय है, श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान जैन संतों के सानिध्य में रिद्धि-सिद्धि भवन में 30 अक्टूबर से विधि-विधान से चल रहा है, जिसका समापन विश्व शांति महायज्ञ के संग 07 नवम्बर को होगा।

# थाने के पास तक चौड़ीकरण करने के उपरांत फिर रुका काम, लोग परेशान

**कांठ( शाह टाइम्स )।** सड़क के चौड़ीकरण को लेकर नगर एवं आसपास के लोग उकता गए हैं सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार ने लापरवाही की इंतहा कर दी है। सड़क के किनारे गहरे करने के बाद इसमें माल डालने को लेकर ढील की जा रही है।

लोगों ने नगर के भीतर चौड़ीकरण का काम जल्द पूरा कराए जाने की मांग उठाई है। बतादे की सहसपुर से छजलैट के बीच सड़क के चौड़ीकरण का काम पिछले साल शुरू हुआ था लेकिन यह सड़क आज तक नहीं बन पाई सहसपुर से कांठ तक तो सड़क निर्माण पूरा हुआ इसके बाद काम रोक दिया गया अब काम शुरू हुआ तो धीमी गति लोगों के लिए मुसीबत बन गई अभी पिछले हफ्ते संबंधित विभाग ने फिर काम शुरू किया और सड़क के चौड़ीकरण को थाने तक पहुंचा दिया इसके बाद आगे की सड़क बनाने के लिए दोनों साइडों को गहरा कर दिया गया लोगों में आस जगी कि अब जल्द ही एक-दो दिन में इसका निर्माण पूरा होगा लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण को आगे नहीं बढ़ाया गया इससे फिर वही पुरानी स्थिति पैदा हो गई दो पहिया वाहन साइड में गिरकर चोटिल होने लगे नगर एवं क्षेत्र के लोगों को अब इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे पड़े पत्थर भी लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं नगर के लोगों ने नगर के बीच में होने वाले चौड़ीकरण के काम को शीघ्र पूरा कराए जाने की मांग उठाई है।




# कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष स्नान करने का मिलता है फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर गायत्री यज्ञ के साथ सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान कार्तिक पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष स्नान करने का फल मिलता है।

बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य आदि शक्ति मां गायत्री शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। कार्तिक पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि हिंदू धर्म में पूर्णिमा का व्रत



महत्वपूर्ण स्थान रखता है। परंतु कार्तिक पूर्णिमा को गंगा स्नान करने से वर्ष भर स्नान करने के बराबर फल प्राप्त होता है। कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा व गंगा स्नान के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नमक भयानक असुर का अंत किया। तब से शिवजी को त्रिपुरारी भी कहते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसी मान्यता है कि इस दिन कृतिका में भोलेनाथ के दर्शन करने से सात जन्म तक व्यक्ति ज्ञानी और धन्यवाद बना रहता है। चंद्रोदय के समय शिव, संभूति, संतति, प्रीति, अनसूया और क्षमा इन 6 कृतियों का पूजन करने से शिव जी की प्रसन्नता प्राप्त होती है। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर तमिलनाडु में अरुणाचल पर्वत की 13 किलोमीटर की परिक्रमा होती है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से आदित्य राघव अभी हर्ष सक्षम दक्ष समर समर रुचि राघव सजल राघव रचना नितल शिवानी गीता देवी आदि सहित अनेकों गायत्री परिजन मौजूद रहे।

# ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** रेलवे यात्रियों से मोबाइल, पर्स और चेन आदि की चोरी करने वाले शातिर गिरोह का जीआरपी मुरादाबाद ने पर्दाफाश किया है। चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को रेलवे स्टेशन परिसर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद हुई है। दोनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं और ट्रेनों तथा प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को टारगेट कर कीमती सामान चोरी करने में लिप्त थे।जानकारी के अनुसार, एक महिला रेल यात्री द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 24 अगस्त 2025 को ट्रेन नंबर 14207 में रायबरेली से दिल्ली यात्रा के दौरान उसका लेडीज पर्स चोरी हो गया था। पर्स में चार आधार कार्ड, दो एटीएम कार्ड, कार की चाबी, कार की आरसी,



ड्राइविंग लाइसेंस, दो पैन कार्ड, 6000 रुपए नकद और वीवो मोबा. इल फोन थे। इस संबंध में थाना जीआरपी मुरादाबाद पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को जम्मू तवी से वाराणसी यात्रा के दौरान एक महिला यात्री से चेन और मंगलसूत्र छीन लिए गए थे, जिसके संबंध में भी मुरादाबाद जीआरपी पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। रेलवे के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध रोकथाम अभियान और मिशन शक्ति के तहत पुलिस टीम ने 5 नवंबर को प्लेटफॉर्म पर चेकिंग के दौरान शाकिब पुत्र निजामुद्दीन और अनस पुत्र मुन्ना निवासी भवाना जे. जे. कॉलोनी, दिल्ली को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक वीवो मोबाइल फोन व 1000 रुपए तथा 9500 रुपए आरोपियों के कब्जे से पुलिस टीम में बरामद किए हैं।

पकड़े गए दोनों आरो. पियों ने पुलिस को बताया कि वह ट्रेनों व स्टेशन परिसर में यात्रियों के कीमती सामान की चोरी कर उसे बेचकर लाभ कमाते थे।

# दुर्घटनाओं के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अलग-अलग जगह हुई दुर्घटनाओं के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रुस्तमनगर सहसपुर के बड़ी मस्जिद के रहने वाले अबू नसर पुत्र अब्दुल हसन ने मुकदमा दर्ज कराया कि तीन अक्टूबर को सबेरे 10 बजे वह रूस्तमनगर सहसपुर में मंदिर के सामने रिक्शा लेकर खड़े थे। तभी ई रिक्शा चालक रिंकू पुत्र रामस. ेवक निवासी काली मंदिर ने अपना ई रिक्शा तेजी से चलते हुए उनके पिता अब्दुल हसन को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनके पिता की पसली में फैक्चर हो गया। ई रिक्शा चालक टक्कर मार कर फरार हो गया। जहां से अपने पिता को वह निजी अस्पताल में ले गए। जहां हालत गंभीर बनी हुई है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे मामले में जिला संभल के थाना बनियाठेर के गांव खेड़ा निवासी कल्याण सिंह पुत्र पूरन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 31 अक्टूबर को शुक्रवार शाम 7 बजे उसका भतीजा अंकित पुत्र गजेंद्र बाइक से मोहम्मदपुर टांडा घरेलू सामान खरीदने जा रहा था। शाम 7:15 बजे ठाकुर ढाबा सरथल के पास तेज रफ्तार चंदौसी से आई हुई रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंकित के दोनों पैर कुचल गए। बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गंभीर हालत देखते हुए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर पर पुलिस ने बस चालक पर मुक. दमा दर्ज कर लिया।

# नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद अपहरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग युवती के अपहरण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर किशोरी भी बरामद कर ली गई। किशोरी को परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जबकि आरोपी युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया। 22 सितंबर को बिलारी के एक गांव निवासी ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी को देवीपुरा नगला का रवि पुत्र जयप्रकाश बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार किया। वहीं नाबालिग किशोरी को भी बरामद कर लिया। किशोरी को कोतवाली लाया गया।जहां परिजनों को बुलाकर परिजनों की सपुर्दगी में दे दिया गया। जबकि आरोपी रवि को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# भोजपुर में नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**भोजपुर।** गौहरपुर सुल्तानपुर के रहने वाले ग्रामीण अरविंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार को थाना मंझोला के गांव रसूलपुर निवासी अभिषेक पुत्र दिनेश सिंह ने उनकी 14.वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला. फुसलाकर भगा लिया। अरविंद सिंह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अभिषेक के खिलाफ नाबालिग को बहला.फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर में उल्लेखित घटना के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़िता के परिजनों से विस्तृत बयान दर्ज किए। उन्होंने कहा, "हमने पीड़िता की खोजबीन के लिए विशेष टीम गठित कर दी है। साथ ही आरोपी के संभावित ठिकानों की जानकारी एकत्र की जा रही है।

" पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की घटनाओं में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और नाबालिग की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। अरविंद सिंह ने अपनी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी स्कूल से घर लौटते समय अचानक गायब हो गई। उन्होंने बताया कि अभिषेक ने पहले भी कई बार उनकी बेटी से बातचीत की थी और उसे बहला.फुसलाकर अपने साथ ले जाने की कोशिश की थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (नाबालिग को बहला.फुसलाकर ले जाना) के तहत केस दर्ज किया गया है।

आगे की जांच में यह पता लगाया जाएगा कि आरोपी ने इस कार्य में किसी अन्य व्यक्ति की मदद ली थी या नहीं। पुलिस ने यह भी कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति इस घटना से संबंधित जानकारी रखता है तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे, ताकि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। भोजपुर के इस इलाके में पहले भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नाबा. लिगों की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा और दोषी को कानून के कटघरे में लाया जाएगा।

## निर्माणाधीन लेंटर गिरने से मजदूर हुआ घायल

**चन्दौसी।** बदायूं चुंगी स्थित वन विभाग के सामने शिवपुरी कॉलोनी में बुधवार को एक निर्माणाधीन लेंटर अचानक ढह गया, जिससे मौके पर काम कर रहे कई मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के समय लगभग आठ मजदूर छत पर काम कर रहे थे, जिनमें से दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवा. सियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर घायलों को मलबे से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी में भर्ती कराया। बताया गया कि निर्माण कार्य नन्हें नामक व्यक्ति द्वारा कराया जा रहा था।



## जीआरपी चन्दौसी पुलिस ने एक अभियुक्त पकड़ा, 2150 रुपये बरामद

**चन्दौसी।** जीआरपी चन्दौसी पुलिस द्वारा बुधवार को लवली उर्फ रामबहादुर पुत्र सुमेरी निवासी बाजपुर थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखंड को बहजोई बस स्टैण्ड पानी की टंकी के पास झाड़ी से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से 2150 रुपये बरामद किये। अभियुक्त को उ0नि0 सूरजपाल सिंह, हे0का0 प्रेमराज सिंह, हे0का0 पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## 35बी रेलवे फाटक पर सड़क मरम्मत से रूट डायवर्जन

**चन्दौसी।** पिछले दो दिनों से 35बी रेलवे फाटक के पास सड़क मरम्मत कार्य चलने के कारण प्रशासन द्वारा रूट डायवर्जन लागू किया गया, जिससे आसपास के इलाकों में भारी जाम की स्थिति बनी रही। विशेष रूप से लक्ष्मनगंज वारिसनगर में वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह से लेकर शाम तक स्कूल बसें, ऑटो, ई-रिक्शा, टेंपो और दोपहिया वाहन घंटों तक फंसे रहे। गर्मी और धूल में फंसे यात्रियों, छात्रों और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कई स्कूल बसें निर्धारित समय से देर से पहुंचीं।

# धूमधाम से मनाया गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के गुरुद्वारा में गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारे की ग्रंथी चरनजीत कौर द्वारा तीन दिन से किए जा रहे अखंड पाठ का समापन हुआ।

मुरादाबाद से आए रागी जत्थे के अजीत सिंह अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि ने कीर्तन से संगतों को निहाल किया। इस अवसर पर श्री निशान साहिब का चोला भी बदला गया। लंगर में नगर और ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रुस्तमपुर खास मंदिर के स्वामी ब्रह्मानंद पुरी, मगन लांबा, प्रीतम कौर, मनजीत सिंह खुराना, स्वर्णजीत कौर, बलजीत कौर, गुरजीत कौर मगन लांबा परमीत सिंह, सरजीत सिंह, दिलवारा सिंह, पंजाबी समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग, निर्मल सिंह आदि शामिल रहे।

# सभी बीएलओ समय सीमा के अंदर अपने कार्य को करें पूरा: उपजिला निर्वाचन अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रदेश भर के साथ मुरादाबाद जनपद में भी मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत हो गई है। अभियान के पहले दिन ही बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) क्षेत्र में सक्रिय दिखाई दिए और घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया। यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा, जिसके दौरान मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटि रहित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।अभियान के तहत बीएलओ प्रत्येक घर में जाकर निवासियों से गणना प्रपत्र भरवाएंगे, साथ ही मतदाताओं के नाम, पता, आयु, पहचान और अन्य विवरणों का मिलान करेंगे। इसके अलावा, जो नए पात्र मतदाता हैं, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा, उन्हें भी सूची में शामिल करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। वहीं, ऐसे नाम जिनमें गलतियां हैं या जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनकी जानकारी भी अपडेट की जाएगी ताकि सूची को सटीक और व्यवस्थित बनाया जा सके।उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता देवी ने बताया कि मुरादाबाद जनपद में कुल छह विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें कुल 2511 मतदान केंद्र (बूथ) स्थापित हैं। प्रत्येक बूथ पर



तैनात बीएलओ को निर्धारित समय सीमा में सभी घरों का सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के तहत कोई भी परिवार मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया से वंचित न रहे, इसके लिए योजना बद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।संगीता देवी ने कहा कि मतदाता सूची का यह विशेष पुनरीक्षण लो. कतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि बीएलओ के घर आने पर आवश्यक दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, पहचान पत्र, आयु प्रमाणपत्र आदि उपलब्ध कराएं और अपने विवरणों का सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में मतदान से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न न हो।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की भागीदारी पर निर्भर करती है, और सही व अद्यतन मतदाता सूची उसके लिए आधार है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने सही विवरणों की पुष्टि करे और नए पात्र मतदाताओं को भी जागरूक करे।

प्रशासन ने भी अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।आम जनता में अभियान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। कई स्थानों पर लोगों ने दस्तावेज तैयार रखकर बीएलओ का सहयोग किया। चुनाव विभाग को उम्मीद है कि अभियान के अंत तक जनपद की मतदाता सूची पूरी तरह से अद्यतन और त्रुटिरहित हो जाएगी

# श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर में 121-दीपदान सेवा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नया मुरादाबाद-श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर में इस वर्ष 121.दीपदान सेवा का विशेष आयोजन किया जा रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति ने सभी मुरादाबाद के भाई.बहनों से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर मंदिर में आकर पूजा.अर्चना करें और सेवा का लाभ उठाएँ। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में दीप जलाने से घर. घर में सुख.समृद्धि और शांति का प्रवाह होता है। मंदिर परिसर में माँ दुर्गा, भगवान राम, शिवजी, त्रिपति बालाजी, भगवान गणेश सहित कई प्रमुख देवताओं की मूर्तियाँ स्थापित हैं। इन प्रतिमाओं की भव्यता और शांति का माहौल ऐसा है जैसे अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित मूर्तियों की अनुभूति होती है। इस कारण यह स्थान न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक भी बन गया है। समय: 11घ्दीप (दीपा.ॅ) को प्रज्वलित करने का विशेष कार्यक्रम सुबह 6 बजे से शुरू होगा। - स्थान: श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर, नया मुरादाबाद।- उद्देश्य: सभी परिवारों को एकत्रित कर, शांति, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द की कामना करना। - आह्वान: सभी मुरादाबादवासी, विशेषकर महिलाएँ और युवाओं से निवेदन है कि अपने परिवार के साथ आएँ, दीप जलाएँ और इस पवित्र कार्य में भाग लें। समिति के अनुसार, इस प्रकार के सामूहिक दीपदान से न केवल व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि सम्पूर्ण समाज में सकारात्मकता का प्रसार भी होता है। मंदिर के प्रमुख पुजारी ने बताया कि "जब हम सभी एक साथ दीप जलाते हैं, तो वह प्रकाश हमारे घरों तक पहुँचता है और हर घर में खुशहाली लाता है।"श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर में आयोजित यह 121.दीपदान सेवा न केवल एक धार्मिक समारोह है, बल्कि मुरादाबाद के लोगों के बीच एकता और भाईचारे का प्रतीक भी बन रही है। आप सभी से निवेदन है कि इस अवसर को न चूकें और अपने परिवार के साथ मंदिर में उपस्थित होकर इस पावन कार्य में भाग लें। क्या आप इस सूचना को और विस्तृत रूप में या किसी विशेष शैली में चाहते हैं? कृपया बताइए, मैं उसी अनुसार तैयार कर दूँगा।



# नोएडा साइबर पुलिस की सतर्कता रंग लाई, सात पीड़ितों को करोड़ों के नुकसान से बचाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की साइबर क्राइम यूनिट ने एक बेहद सटीक, तेज और इंटेलिजेंस-आधारित कार्रवाई को अंजाम देते हुए ऑनलाइन निवेश ठगी में फंसे देशभर के 7 'लाइव पीड़ितों' को लाखों नहीं, बल्कि संभावित करोड़ों के आर्थिक नुकसान से बचा लिया। पुलिस ने इन पीड़ितों को समय रहते खोजा, संपर्क किया और उन्हें फंस रहे फ्रॉड के बारे में अवगत कराया, जिसके बाद इन लोगों ने आगे की रकम भेजना रोक दिया। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर की गई, जिसमें साइबर कमांडो सचिन धामा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से प्राप्त साइबर एवं वित्तीय इंटेलिजेंस का उपयोग कर संदिग्ध लेनदेन के नेटवर्क और पैटर्न का गहराई से विश्लेषण किया। इसी विश्लेषण के आधार पर पुलिस को पता चला कि कुछ लोग लगातार ऑनलाइन निवेश योजनाओं में बड़ी रकम जमा करा रहे हैं और इनके खाते एक सक्रिय फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। टीम ने रिपोर्टेड मामलों की वित्तीय प्रवाह से जुड़ी जानकारी का अध्ययन किया और डेटा एनालिटिक्स की सहायता से देश के विभिन्न राज्यों, तमिलनाडु, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा और राजस्थान, में रह रहे 7 ऐसे नागरिकों की पहचान की, जो महीनों से निवेश धोखाधड़ी का शिकार हो रहे थे।

# वाहन चुराने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा और सेंट्रल नोएडा पुलिस ने रेकी कर बाइक और स्कूटी चुराने वाले तीन बदमाशों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से चोरी की बाइक, मोबाइल और चाकू समेत अन्य सामान बरामद हुआ। बदमाशों के खिलाफ पहले से कई केस दर्ज हैं। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि फेज-1 थाने की पुलिस बुधवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सेक्टर-14 नाले की पटरी के पास दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में एकत्र हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों से पूछताछ करनी शुरू कर दी।

उनके पास से चोरी की फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी कुख्यात वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं। आरोपियों की पहचान जौनपुर के उमरी निवासी संकल्प उर्फ गोलू और बिहार के सिवान निवासी विनीत के रूप में हुई।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर

● टीम इंडिया सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने को आत्मविश्वास से भरी हुई है

**क्वींसलैंड, वार्ता।** भारत गुरुवार को कैरारा ओवल में सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने के इरादे से आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ट्रैविस हेड के एशेज सीरीज के लिए स्वदेश लौटने के साथ, ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल का सामना करना पड़ेगा, जिससे भारत को अपनी बढ़त का फायदा उठाने और कड़े मुकाबले वाली सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने का सुनहरा मौका मिलेगा। शुभमन गिल और निडर अभिषेक शर्मा की अगुवाई में भारत का शीर्ष क्रम लगातार लय बना रहा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच के ओवरों में अपनी आक्रामकता और आक्रामकता दिखाते हैं, जो मुश्किल परिस्थितियों को भारत के पक्ष में मोड़ने में सक्षम हैं। भारत की बल्लेबाजी में गहराई - जिसमें जितेश शर्मा, वाशिगटन सुंदर और शिवम दुबे या रिकू सिंह शामिल हैं - यह सुनिश्चित करती है कि पूरी पारी में दबाव बनाए रखा जा सके, एक ऐसा कारक जो थोड़े अस्थिर ऑस्ट्रेलियाई लाइनअप के खिलाफ निर्णायक साबित हो सकता है। गेंदबाजी आक्रमण भी उतना ही संतुलित है। जसप्रीत बुमराह भारत के अगुआ बने हुए हैं, जबकि अर्शदीप सिंह दूसरे छोर पर गति और नियंत्रण प्रदान करते हैं। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी मैच आगे बढ़ने के साथ कैरारा की सूक्ष्म स्पिन का पूरा फायदा उठाने के लिए उपयुक्त है, और बीच के ओवरों में विकेट लेने की उनकी क्षमता खेल का रुख बदल सकती है। हेड की अनुपस्थिति के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया मिशेल मार्श, टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस और चंचल ग्लेन मैक्सवेल की आक्रामक बल्लेबाजी पर काफी हद तक निर्भर करेगा। नाथन एलिस और मैथ्यू कुहनेमैन भारत की रन गति पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट तेज गेंदबाजी में गहराई लाएंगे। मेजबान टीम को नियंत्रण हासिल करने के लिए सामूहिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी, खासकर उस सतह पर जो ऐतिहासिक रूप से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के अनुकूल रही है, जहां लगभग 180-190 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर है। टॉस निर्णायक भूमिका निभा सकता है, क्योंकि टीमें पहले गेंदबाजी करने की संभावना रखती हैं, जिससे कैरारा ओवल की शुरुआती सीम मूवमेंट और बाद के चरणों में स्पिनरों की क्षमता का फायदा उठाया जा सकता है। एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है, जहां गति में बदलाव, तेज पारी और रणनीतिक गेंदबा. जी बदलाव परिणाम तय कर सकते हैं। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, भारत को बढ़त हासिल करने का एक अच्छा मौका दिख रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए फिर से संगठित होकर पलटवार करना होगा। चौथा टी-20 मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा, जिससे प्रशंसकों को तीव्रता, नाटकीयता और क्रिकेट की चमक से भरपूर एक रोमांचक मुकाबले का वादा किया जा सकता है।

टीमें : ऑस्ट्रेलिया: टिम डेविड, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल मार्श (कप्तान), मिशेल ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), जोश फिलिप (विकेटकीपर), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, एडम जम्पा, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन

भारत: सूर्या (कप्तान), गिल, तिलक, रिकू, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिगटन सुंदर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

● पंत की टीम में वापसी हुई है जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं

**मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत को उपकप्तान की भूमिका मिली है, जबकि शुभमन गिल टीम की अगुआई करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवम्बर से होगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा रहे थे। करुण नायर की एक बार फिर अनदेखी हुई है। वह हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में दिखे हैं। वहीं, टीम की ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर यशस्वी और राहुल पर ही होगी। सुदर्शन नंबर तीन की भूमिका निभाएंगे। वहीं, नंबर तीन पर सुदर्शन और नंबर चार पर देवदत्त पडिक्कल या ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका मिल सकता है। अक्षर, कुलदीप, सुदंर और जडेजा के रूप में टीम में चार स्पिनर हैं, जबकि बुमराह, सिराज और आकाश के रूप में तीन पेसर हैं। नीतीश पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर से कोलक. ाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवम्बर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 30 नवम्बर से छह दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, फिर नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। भारत की टेस्ट टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर, उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेढी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आक. ाश दीप।

भारत-ए टीम भी घोषित-इसके अलावा चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारत-ए टीम घोषित की। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तान हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय खिलाड़ियों ने किया बैटिंग और बॉलिंग का अभ्यास

**करारा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही पांच टी-20 मैचों की सीरीज के चौथे मुक. ाबले से एक दिन पहले बुधवार को भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर बल्लेबाजी और गें. दबाजी अभ्यास किया। यहां मैच से एक दिन पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहयोगी सदस्यों के संरक्षण में अभ्यास सत्र के दौरान तेज गें. दबाज, जसप्रीत बुमराह और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने अभ्यास किया। इसके साथ ही पिछले दो मुकाबलों बड़ा स्कोर करने में विफल रहे शुभमन गिल और तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी का जमकर अभ्यास करते देखे गए। भारतीय टीम पिछले मैच में मिली जीत से उत्साहित है और वह कल होने वाले मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बढ़त के इरादे से मैदान में उतरेगी।

### एशेज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में लाबुशेन की वापसी

मेलबर्न, वार्ता। जेक वेदरल्ड को पर्थ में खेले जाने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि मार्नस लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। वेदरल्ड के अलावा, मेजबान टीम ने दो अन्य अनकैप्ड खिलाड़ियों - सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट - को भी टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय वेदरल्ड को पिछले सीजन में शेफ़ील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है, जहां उन्होंने तस्मानिया के लिए 18 पारियों में 50-33 की औसत से 906 रन बनाए थे। सैम कोंस्टास के टीम से बाहर होने के बाद, वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया की पहली टेस्ट टीम: स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, बोलैंड, कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, ग्रीन, हेजलवुड, ट्रैविस हेड, इंगलिस, उस्मान,लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क

# रोहित-कोहली का द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ खेलना लगभग असंभव



● चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं है और इन मैचों के लिए दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलना मुश्किल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के दक्षिण अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे पर आने वाली तीन मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है।

भारत ए टीम 13, 16 और 19 नवम्बर को राजकोट में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी - सभी दिन/रात के मैच-लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल एकदिवसीय प्रारूप में खेलने वाले इन दो वरिष्ठ क्रिकेटरों के टीम में शामिल होने की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक-दो दिन में भारत ए टीम की घोषणा कर सकता है, लेकिन पता चला है कि चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं हैं और इन मैचों के लिए इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की संभावना नहीं है। रोहित और विराट, जिन्होंने सभी प्रारूपों में भारत का नेतृत्व किया, ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैच खेले और दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रोहित, वास्तव में, मैन ऑफ द सीरीज रहे, लेकिन उन्हें लय में आने के लिए दो या तीन मैचों की आवश्यकता थी। पहले मैच में असफल रहने के बाद, रो. हित ने 73 और नाबाद 121 रनों की पारी खेलकर मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार अपने नाम किया, जबकि विराट ने पहले दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद तीसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया (नाबाद 74)। अगर दोनों ऑस्ट्रेलिया में इतने प्रभावशाली नहीं होते तो स्थिति अलग हो सकती थी। वर्तमान में भारत ए की एक टीम बेंगलुरु के सीओई में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैचों की लाल गेंद की श्रृंखला खेल रही है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली भारत ए ने 2 नवम्बर को समाप्त हुए पहले चार दिवसीय मैच में जीत हासिल की। दूसरा मैच गुरुवार (6 नवम्बर) से शुरू होगा। भारतीय चयनकर्ता जल्द ही टेम्बा बावुमा की टीम के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करने के लिए बैठक करेंगे और इसी बैठक में भारत ए टीम का भी चयन हो सकता है। टेस्ट टीम की बात करें तो हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है।


## रोमांचक मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड ने यूनियन एसजी को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** एटलेटिको मैड्रिड ने चैंपियंस लीग के रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम की टीम यूनियन सेंट-गिलोइस को 3-1 से हराया।

एटलेटिको के लिए जूलियन अल्वारेज ने मंगलवार रात खेले गए मुकाबले में 39वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में एंटोनी ग्रिजमैन का एक गोल रद्द कर दिया गया, जब नहुएल मोलिना ने क्रॉसबार पर शॉट मारा था और ग्रिजमैन ने स्लाइड करके गोल करने का प्रयास किया।

लेकिन कॉनर गैलाघर ने 78वें मिनट में एटलेटिको की बढ़त को दोगुना कर दिया। एटलेटिको आरामदायक बढ़त पर था, लेकिन यूनियन एसजी के खिलाड़ियों ने कभी हार नहीं मानी और रॉस साइक्स ने एक जोरदार हेडर से उन्हें मैच में वापस ला दिया। यूनियन एसजी के गोलकीपर केजेल शेर्पेन ने शानदार शानदार बचाव करते हुए अल्वारेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मार्कोस लोरेंटे ने इंजरी टाइम के आखिरी मिनट में एक आसान फिनिश के साथ एटलेटिको का तीसरा गोल किया।

# सबालेंका ने दूसरी जीत दर्ज की



● सबालेंका ने जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 3-6 वह 6-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**रियाद, वार्ता।** बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने महिला टेनिस एसोसिएशन (डब्ल्यूटीए) फाइनल्स के ग्रुप स्तर पर अमे. रिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत में जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक खेले, पहले तीन गेम ड्यूस तक ले गए और दोनों ने अपनी सर्विस बचाई। सबालें. का ने 5-2 की बढ़त के लिए पहला ब्रेक हासिल किया। पेग. ुला ने एक सेट पॉइंट बचाया और अंतर को 4-5 कर दिया, लेकिन सबालेंका ने फिर से ब्रेक लेकर सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में अपना लेवल बढ़ाया, दो बार ब्रेक किया और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाकर सेट 6-2 से जीत लिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में पहले ब्रेक लेकर 2-1 की बढ़त बनाई, लेकिन दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी ने लगातार चार गेम जीतकर 6-3 से जीत हासिल कर ली।

दिन के एक अन्य एकल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन अमेरिका की कोको गॉफ ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराया।

## मेरा इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं : खन्ना

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने स्पष्ट किया है कि उनका इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं है। खन्ना ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया में यह खबर आई है कि इंडियन हेवन प्रीमियर लीग को उसके मालिकों और आयोजकों ने उन कारणों से रद्द कर दिया है जो उन्हें ही पता हैं।

इस संदर्भ में, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि मेरा इस लीग से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक हमारी जानकारी और विश्वास है, लीग का स्वामित्व और संचालन पूरी तरह से युवा सोसाइटी के पास है। मैं न तो इसका सदस्य हूं, न ही कार्यवाहक या पदाधिकारी, और न ही मैं किसी भी तरह से उक्त सोसाइटी से जुघ हूं। सुरेन्द्र खन्ना का लीग से कोई भी संबंध नहीं है - भूतकाल, वर्तमान या भविष्यकाल में - और उन्हें एक अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वे किसी भी तरह से लीग की योजना, वित्तीय व्यवस्था, प्रशासन, व्यवस्था, संगठन या निरंतरता से जुड़े नहीं हैं और न ही कभी रहे हैं। साथ ही, खन्ना का इस लीग से कोई वित्तीय हित नहीं था और वे किसी भी लाभ के हकदार नहीं थे, वे केवल एक अतिथि थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लीग के निर्माण, संचालन और समाप्ति से संबंधित सभी निर्णय विशेष रूप से युवा सोसाइटी और उसके आयोज. कों के पास हैं।

# ओलंपिक भारोत्तोलन वर्ग में बदलाव के बाद मीराबाई अपना वर्ग बदलने को तैयार

● लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित लॉस एंजेलिस 2028 के लिए ओलंपिक भार वर्गों के पुनर्गठन के बाद भारतीय स्टार मीराबाई चानू को एक वर्ग ऊपर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। टोक्यो 2020 में महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली और पेरिस 2024 में इसी वर्ग में चौथे स्थान पर रहने वाली मीराबाई चानू अब लॉस एंजेलिस में इस वर्ग में भाग नहीं ले पाएंगी। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी। आईडब्ल्यूएफ ने लॉस एंजे. लिस 2028 में 12 नए वर्गों की पुष्टि की है। पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह। पेरिस 2024 में प्रत्येक लिग के लिए पांच वर्ग थे।

लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक भारोत्तोलन भार वर्ग

पुरुष: 65 किग्रा, 75 किग्रा, 85 किग्रा, 95 किग्रा, 110 किग्रा, 110 किग्रा

महिला: 53 किग्रा, 61 किग्रा, 69 किग्रा, 77 किग्रा, 86 किग्रा, 86 किग्रा

पेरिस 2024 में, पुरुषों के लिए 61 किग्रा, 73 किग्रा, 89 किग्रा, 102 किग्रा और 102 किग्रा और महिलाओं के लिए 49 किग्रा, 59 किग्रा, 71 किग्रा, 81 किग्रा और 81 किग्रा थे। आईडब्ल्यूएफ ने अब एक साल से भी कम समय में दो बार भार वर्ग बदले हैं। इस साल की शुरुआत में, आईडब्ल्यूएफ द्वारा ओलंपिक कार्यक्रम से 49 किग्रा वर्ग को हटाने के बाद, चानू 48 किग्रा वर्ग में आ गईं। 49 किग्रा वर्ग को तब से आईडब्ल्यूएफ के विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसे ओलंपिक में शामिल नहीं किया जाएगा। मीराबाई चानू की सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां - जिनमें तीन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप पदक और तीन राष्ट्रमंडल खेल पदक शामिल हैं - 50 किग्रा से कम भार वर्ग में ही आई हैं। हालांकि, भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि यह बदलाव मीराबाई के पक्ष में काम कर सकता है। शर्मा ने कहा कि यह (49 किग्रा हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है ।

# पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को हराया



● नसीम शाह और अबरार ने 3-3 विकेट हासिल किए, आगा सलमान ने 62 और रिजवान ने 55 रनों की पारी खेली

**फैसलाबाद, वार्ता।** नसीम शाह और अबरार अहमद (तीन-तीन विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के बाद आगा सलमान (62) और मोहम्मद रिजवान (55) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहले एकदिवसीय मुकाबले में दो गेंदे शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को लुआन-द्रे प्रेटोरियस और क्विटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े। 16वें ओवर में सैम अयूब ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस (57) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 25वें ओवर में नसीम शाह ने क्विटन डी कॉक (63) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते रहे। पाकिस्तनी गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका को 49-1 ओवर में 263 के स्कोर पर रोक दिया। टोनी डीजॉर्जी (18), सिनेतेम्बा केशिले (22), कप्तान मैथ्यू ब्रीत्जके (42) और कॉर्बिन बॉश ने 41 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट लिए। सैम अयूब को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए फखर जमान और सैम अयूब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत की। डॉनोवन फरेरा ने सैम अयूब (39) को आउटकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद उन्होंने फखर (45) को भी अपना शिकार बना लिया। तीसरे विकेट के रूप में बाबर (सात) को ब्योर्न फोर्टेन ने पगबाधा आउट किया। अफ्रीकी गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में मेजबान टीम को रोकने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन रिजवान ने 55 रन बनाकर बीच के ओवरों में अपनी टीम को शांत रखा।

# स्टालिन ने पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया

● हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा



**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन ने आज एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया। हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। स्टालिन ने राज्य सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चमचमाती ट्रॉफी और टूर्नामेंट के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी उपस्थित थे, जिनके पास खेल विकास एवं युवा कल्याण विभाग का प्रभार भी है और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और हॉकी इंडिया के अधिकारी भी मौजूद थे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे- मनोहरन भी उपस्थित थे। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025, 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान देश भारत ने 2001 और 2016 में दो बार यह टूर्नामेंट जीता है और वह तीसरी बार अपनी धरती पर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद करेगा। भारत को ओमान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

## आयरलैंड सीरीज के बाद सलाहुद्दीन सहायक कोच का पद छोड़ेंगे

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के बाद अपने पद से हटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 5 नवम्बर को बीसीबी में शामिल हुए सलाहुद्दीन का 2027 विश्व कप तक का अनुबंध था, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ एक साल पूरा करने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने का फैसला किया है। क्रिकबज को पता चला है कि उन्होंने बोर्ड को अपना इस्तीफा भेज दिया है क्योंकि उन्हें अपनी भूमिका पसंद नहीं आ रही है, और देश के प्रमुख स्थानीय कोच ने इस बात को स्वीकार किया है। सलाहुद्दीन ने मंगलवार को क्रिकबज से कहा कि हां, मैं इस्तीफ़ा दे रहा हूं। उन्होंने ज़्डादा जानकारी दिए बिना यह बात कही।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए रवाना हुए। रोडवेज बसों, रेलगाडियों और निजी वाहनों से श्रद्धालुओं ने राजघाट, नरौरा सहित विभिन्न गंगा घाटों पर पहुंचकर पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।



प्रात:काल की बेला में हर-हर गंगे के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने स्नान कर धर्म, दान और पूजन-अर्चन के माध्यम से पुण्य अर्जित किया। गंगा तटों पर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाएं कलश और दीप लेकर स्नान के पश्चात गंगा आरती में सम्मिलित हुईं। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। कार्तिक पूर्णिमा को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है, इस दिन गंगा स्नान से सभी पापों का नाश और मोक्ष की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक स्नान कर ईश्वर से देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# सर्वर अपडेट के कारण कई दिनों तक रजिस्ट्री कार्य रहेगा बाधित

**कांठ( शाह टाइम्स )**भूमि खरीद से जुड़े लोगों के लिए जरूरी खबर है। सर्वर अपडेट कार्य के चलते आठ से 11 नवंबर तक उप-निबंधक कार्यालयों में रजिस्ट्रियों का कार्य नहीं हो सकेगा। आइजी निबंधन नेहा शर्मा की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किये गए हैं। एआइजी स्टांप अनिल कुमार ने बताया कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के आनलाइन पोर्टल के लिए प्रयुक्त मेघराज क्लाउड सर्वर को नेशनल गर्वमेंट क्लाउड (एनजीसी)पर स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसी के चलते चार दिन आठ से 11 नवंबर तक सर्वर पर रख-रखाव एवं स्थानांतरण कार्य किया जाएगा। इसके चलते आनलाइन लेखपत्र पंजीकरण एवं अन्य आवेदनों का कार्य अस्थायी रूप से बाधित रहेगा। उप निबंधक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य नहीं किया जा सकेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विभाग से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित रहकर नियमित कार्य करें।

# गुरु नानकदेव व देशबंधु चितरंजन दास की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सिक्ख धर्म के प्रवर्तक सतगुरु गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व तथा महान स्वतंत्रता सेनानी देशबंधु चितरंजन दास की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता अम्बरीष श्रोत्रिय व संचालन नगर महामंत्री पंडित बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने किया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने गुरु नानक देव को समाज सुधारक, संत-कवि व भारतीय संस्कृति के महान चिंतक बताते हुए कहा कि उन्होंने सत्य, प्रेम, समानता और सेवा भाव का संदेश दिया तथा पाखंड और अंधविश्वास का विरोध किया। साथ ही उन्होंने देशबंधु चितरंजन दास जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने



स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्र के नाम समर्पित कर दी और स्वराज पार्टी की स्थापना की। कार्यक्रम में एन.के. शर्मा, दुष्यंत कुमार सिंह, हरी सिंह यादव, मनोज शर्मा, बसंत गोस्वामी, योगेश कश्यप, ओम शंखधार, गंगा देवी, रजनी शर्मा, सुरेशचंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## महिला की शिकायत पर पुलिस ने 10 के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**कांठ (शाह टाइम्स)** महिला की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है मामला थाना छजलैट के गांव दयानाथपुर का है वहां की गंगावती पत्नी जयकुमार का आरोप था कि 2 नवंबर को उसके ससुर की आरष्ठी थी जिसमें सभी मेहमान आए हुए थे कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात शाम को 6:00 बजे आजाद दीपराज राहुल दलजीत जयवीर शोभित जीतू उसके घर पर आ गए और परिवार को बंधक बनाकर मारपीट और गाली गलौज करनी शुरू कर दी महिला ने उक्त लोगों पर उनके कपड़े फाड़ने और छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया और कहा कि घर से बाहर निकल जाओ महिला के मुताबिक उक्त लोगों ने पिछले महीने जंगल की जमीन का दान पत्र लिखवाया था महिला की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की है।

# जमीन के पैसे लेकर नहीं कराया बैनामा अदालत के आदेश से पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जमीन बेचने के नाम पर ग्रामीण से पैसे ले लिए ना पैसे लौटाए ना कृषि भूमि का बैनामा कराया और जो भूमि पहले बेच चुका था उसका भी बच्चों के नाम दान पत्र कर दिया। अदालत के आदेश से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

थाना क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर निवासी भुवनेश कुमार पुत्र राजेंद्र का कहना है कि उसने गांव के एहसान अली से एक भूमि खरीदी थी जिस पर लोन होने के कारण उसका दाखिल खारिज नहीं हुआ पीड़ित ने उसे लोन जमा करने की बात कही तो उसने और भूमि बेचने की बात कहते हुए पैसे ले लिए फिर किसान एहसान के झांसे में आ गया और पैसे दे दिए लेकिन उसने बैनामा नहीं कराया बाद में पता चला कि पैसे लेने के बाद एहसान गायब हो गया और उसके परिजनों ने गुमशुदी भी दर्जी करा दी। लेकिन बाद में पता चला कि एहसान ने सारी भूमि अपने बच्चों के नाम दान पत्र कर दी पीड़ित थाने पहुंचा लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई पीड़ित ने फिर अदालत का दरवाजा खटखटाया अदालत के आदेश से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित किसान ने एहसान को भूमि खरीदने के लिए दिए गए पैसों का विवरण दी अदालत में पेश किया है।

## डाक विभाग का सर्वर ठप होने से कामकाज प्रभावित

**कांठ( शाह टाइम्स )।** जिले के डाक विभाग का कामकाज पिछले दो दिनों से पूरी तरह प्रभावित है। दो दिन से प्रधान डाकघर सहित जिले के सभी डाकघरों का सर्वर प्रभावित हो गया, जिससे धन जमा और निकासी, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, आरडी, सुकन्या समृद्धि व बीमा योजनाओं से जुड़े सभी कार्य ठप हो गए।मंगलवार को भी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। प्रधान डाकघर में कर्मचारी समय पर पहुंचे, लेकिन सर्वर की तकनीकी खामी के चलते काउंटरों पर काम शुरू नहीं हो सका। मजबूरन कर्मचारियों ने श्सर्वर डाउनश का बोर्ड लगाकर लोगों को लौटा दिया। घंटों लाइन में लगने के बावजूद ग्राहकों को किसी तरह की राहत नहीं मिल पाई। कई लोग पासबुक अपडेट, खाते से निक.ासी और जमा के लिए पहुंचे थे, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा।

ग्रामीण क्षेत्रों के डाकघरों में भी यही स्थिति रही। वहां भी डाक सेवाएं बाधित होने से ग्रामीणों को आवश्यक वित्तीय लेनदेन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से आरडी और सुकन्या समृद्धि खातों में किश्त जमा कराने पहुंचे अभिभावकों को परेशानी झेलनी पड़ी। डाक विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार को सर्वर में तकनीकी खामी आई थी, जिससे काम प्रभावित हुआ। हालांकि मंगलवार को दोपहर बाद दो से तीन घंटे ही सर्वर ने परेशानी दी, उसके बाद कामकाज धीरे-धीरे शुरू हो गया। बावजूद इसके, कई जगह नेटवर्क की गति धीमी होने के कारण काम पूरी तरह सुचारू नहीं हो सका।

# अभाकिमस का धान खरीद केंद्रों के प्रभारियों पर बिचौलियों के धान खरीद को प्राथमिकता देने का आरोप, प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला सचिव कामरेड हर स्वरूप सिंह के नेतृत्व में किसानों की धान खरीद को लेकर मंडी समिति में लगे सरकारी एजेंसियों के धान खरीद केदो पर खरीद न करने पर विरोध प्रदर्शन किया गया वहां पर उपस्थित किसानों ने धान तोल प्रभारियों पर बिचौलियों के धान खरीद को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया और कहा कि बिचौलियों की धान की 150 कुंतल से 200 कुंतल तक की ट्रालियां भरकर आती है और प्राथमिकता के आधार पर उनकी खरीद कर ली जाती है और किसान खड़े का खड़ा रह जाता है किसान नेता प्रीतम सिंह भी मंडी समिति पहुंचे और जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा को किसानों की समस्या के बारे में अवगत कराया तथा आश्वासन दिया गया कि किसी भी बिचौलिए की खरीद नहीं की जाएगी जो भी वास्तविक किसान हैं प्राथमिकता के तौर पर उन्हीं के धान की खरीद की जाएगी किसानों को अपने धान से भरे हुए वाहनों को निगरानी करते हुए देखकर किसान नेता प्रीतम सिंह ने चिंता व्यक्त की कि वास्तविक किसान सरकारी धान क्रय केदो पर परेशानी का सामना कर रहा है और बिचौलियों को प्राथमिकता दी जा रही है यह न्यायोचित नहीं है और सरकारी एजेंसियों ने राइस




मिलर्स को ओने पोने दामों में धान खरीद की खुली छूट दी है और धान खरीद केंद्र सही तरीके से संचालित ना होने के कारण किसानघ1500 से 2000 प्रति कुंतल तक बेचने के लिए मजबूर हुआ है जो कि किसानों के साथ खुला धोखा है मंडी समिति में लगभग 35 ट्रालियां धान की भरी हुई खड़ी हुई है जिनमें कुछ वाहन बिचौलियों के हैं मंडी समिति में कुल 6 केंद्र लगे हुए हैं जिन पर पूरे दिन में 5 या 6 ट्रालियों की खरीद की जाती है जो कि बहुत कम है किसानों की भीड़ को देखते हुए आज मंडी समिति में धान खरीद की जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ किसान 5 दिन से वहां खड़े हैं और चेतावनी दी कि अगर किसी बिचौलिए कै धान की खरीद की गई और दो दिन के भीतर मंडी समिति में खड़े किसानों के वाहनों को खाली नहीं करवाया गया तो मंडी समिति का गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस दौरान नरेश सिंह भूपेंद्र सिंह नवनीत चौहान कृपाल सिंह रवि चौहान नरेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह भुवनेश कुमार अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

# आस्था की डुबकी लगाकर की पूजा अर्चना, बच्चों का कराया मुण्डन



**सुरजननगर।** निकटवर्ती बिजनोर सीमा पर स्तिथ गांव जयनगर में रामगंगा नदी पर गंगा स्नान पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसको लेकर जयनगर और राम गंगा नदी के किनारे मेलो का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी मे स्नान कर विधि विधान से रामगंगा नदी की पूजा अर्चना की। ओर गंगा स्नान पर्व पर रामगंगा नदी के किनारे लगने वाले मेलों की सभी तैयारियां एक दिन पूर्व कर ली गई की । मंगलवार की रात्रि को मेले में पहुंचे दुकानदारों ने अपनी दुकान सजाई। बुधवार की प्रात: से ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी के घाट पर लगने वाले मेले में पहुंचकर किसी ने आस्था की डुबकी लगाई तो किसी ने अपने बच्चों का मुण्डन कराया। श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी पर पहुंचकर दूध, नारियल, काशीफल व मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया। महिलाओं ने गंगा नदी के किनारे बैठकर पूजा कर पुष्प चढ़ाएं। इसके प्रसाद श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने श्रृंगार के साथ-साथ घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीदारी की बच्चों खिलौने खरीदे और झूले का आनंद लिया। ग्राम प्रधान विपिन कुमार ने मेले की पूरी व्यवस्था कराई और अपनी टीम के साथ दोनों दिन मेले में उपस्थित रहकर सहयोग किया सुरक्षा की दृष्टि से रामगंगा घाट पर गोताखोर उपस्थित रहे लेकिन थाना अफजलगढ़ पुलिस प्रशासन मेले मे अपने अग्नि सामन गाड़ी को खड़ा कर वहाँ से चले गए और मेले में कोई भी पुलिस प्रशासन मौजूद नही रहा।

# गांव के दो घरों से गहने चोरी व तीन घरों में चोरी की सूचना

## मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं फोरेंसिक टीम

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** मंगलवार की रात थाना कुढ फतेहगढ क्षेत्र के गांव मुडिघ्या खेड़ा के पांच घरों को चोरों ने निशाना बनाया जिसमें दो घरों के परिजनों ने गहने चोरी की बात कही तथा वहीं तीन घरों में चोरी का प्रयास किया, आहट होने पर भाग गये। मंगलवार की रात चोरों ने सत्यपाल पुत्र बैनी के घर कमरे का ताला तोड़ने का प्रयास किया। आहट होने पर छोड़ कर चले गए।

वहीं दूसरी जगह अमीरचंद पुत्र चंद्रपाल के घर सूने घर का ताला तोड़कर खंगालने पर कुछ नहीं मिलने पर छोड़ गये। तीसरी जगह पूर्व प्रधान स्व0 शील कुंवर के घर अमीरचंद की छत के रास्ते घुसकर ऊपर बने कमरे का ताला तोड़कर रखें चांदी के कुछ सिक्के चोरी की बात शील कुंवर की पत्नी कन्यावती ने बताई। चौथी जगह विजय सिंह पुत्र रामप्रसाद ने कमरे का ताला तोड़कर चांदी व सोने के गहने चोरी की बात कही। पांचवी जगह प्रेमपाल पुत्र फूलसिंह के घर



महिला को आहट होने पर कमरे को बाहर से बंद कर चले गए। एक रात में पांच घरों में चोरी की सूचना पर हड़कंप मच गया और थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्दौसी एवं फोरेंसिक टीम गांव पहुंची और पीडिघ्त परिवारों के लोगों से पूछताछ की तथा फोरेंसिक टीम ने चोरी हुए घरों में बिखरे हुए सामान के नमूने एवं फोटोग्राफ एकत्र किए। वहीं पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के दौरान घटना संदिग्ध लगने पर दो घरों में गहने एवं चांदी के सिक्के चोरी की झूठी कहानी गढ़ने का पर्दाफाश करते हुए चोरी बताये गये गहने उनके घरों से ही बरामद करने की बात कही है।

## कार्यक्रम का भुगतान न मिलने पर किन्नरों ने कोतवाली में दी तहरीर

**चन्दौसी।** कार्यक्रम कराने के बाद भुगतान न मिलने से नाराज किन्नरों ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। किन्नरों का कहना है कि अतरसिंह और कुलदीप नामक व्यक्तियों ने उन्हें एक लाख रुपये में कार्यक्रम के लिए अनुबंधित किया था। उन्होंने करीब दो माह तक काम किया, जिसमें से 83 हजार रुपये तो कंपनी के मालिक हरेन्द्र ने दे दिए, लेकिन शेष 17 हजार रुपये के भुगतान में लगातार टालमटोल की जा रही है। किन्नरों का आरोप है कि जब उन्होंने बार-बार रुपये मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं, दूसरी ओर श्रीवास्तव नामक व्यक्ति ने भी तहरीर देकर बताया कि 19 अक्टूबर को उसका डांस कार्यक्रम 90 हजार रुपये में तय हुआ था, जिसमें 70 हजार रुपये दे दिए गए, पर शेष 20 हजार रुपये अब तक नहीं मिले। किन्नरों ने कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सुबह की बिजली कटौती से नगरवासी परेशान

## अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने बिजली समस्या पर जताया रोष

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बुधवार को बैठक आहूत की गई। बैठक में शहर में सुबह 06 बजे से 09 बजे तक हो रही लगातार बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों और आम जनता में गहरा आक्रोश देखने को मिला। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि सुबह के समय की यह कटौती लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बिगाड़ रही है। घरों में महिलाएं गैस या इंडक्शन पर नाश्ता नहीं बना पा रहीं, बच्चों के स्कूल जाने की तैयारी प्रभावित हो रही है। बिजली न होने से पंखे और मोटर बंद रहते हैं, इससे पानी की समस्या झेलनी पड़ती है। बताया कि सुबह का यही समय दिन की सबसे व्यस्त घड़ी होती है, जब हर घर में भागदौड़ चलती है बच्चों को स्कूल भेजना, नौकरी या व्यापार के लिए तैयारी करना। ऐसे में बिजली जाने से पूरा कामकाज ठप पड़ जाता है। छात्राओं का अंधेरे में तैयार होकर निकलना खतरे से खाली नहीं है। गलियों और



रास्तों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि व्यापार मंडल विद्युत विभाग के अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान मांग करेगा। संगठन ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो इस विषय पर जनआंदोलन चलाने पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में नगर के कई पदाधिकारी, व्यापारी और सामा.जिक कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होंने एक स्वर में कहा कि विद्युत विभाग सुबह की बजाय दोपहर या रात 03 से 05 बजे के बीच कटौती करे, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

बैठक में रमाकांत शर्मा, गणेश वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, सुमित यादव, कुश कुमार रावत, विक्की गौड,घ्सोनू, मयंक वार्ष्णेय, प्रियांशु अग्रवाल, प्रभात आदि मौजूद रहे।

# कैथल-शमसोई मार्ग का चौड़ीकरण कार्य पूरा, सड़क को दिया जा रहा अंतिम रूप



**चन्दौसी।** क्षेत्रवासियों के लिए राहत की खबर है कि कैथल-शमसोई मार्ग का चौड़ीकरण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब सड़क निर्माण कार्य को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क के चौड़ीकरण से आवागमन में सुविधा बढ़ेगी और भारी वाहनों को भी आसानी से आवा.जाही का मार्ग मिलेगा। पहले यह मार्ग संकरा था। इसी को लेकर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी पहल की गई थी। अंतिम चरण के कार्य पूरे होते ही मार्ग को आम जनता के लिए पूर्ण रूप से खोल दिया जाएगा।

# महिला संस्था ने किया भंडारा वितरण सेवा का आयोजन



**मुरादाबाद।** हर साल की भांति इस साल भी यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल महिला संस्था द्वारा गंगा स्नान के पावन पर्व पर एक विशाल भंडारा वितरण सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा में सभी महिलाओं ने अपना सहयोग दिया और भंडारा वितरण बड़े प्रेम भाव से किया।भंडारा वितरण सेवा बरादरी स्थिति बाला जी मंदिर पर किया गया, जहां सभी भक्तों ने प्रसाद बड़े प्रेम से ग्रहण किया।भंडारा वितरण सेवा में पूजा गोयल, दिशा, दीपा, श्वेता, प्रियंका, पलक आदि महिलाएं मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर इस सेवा को सफलतापूर्वक संपन्न किया।इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर भंडारा वितरण किया और भक्तों को प्रसाद वितरित किया। यह आयोजन सभी के सहयोग और प्रेम भाव का प्रतीक था।

# धोखाधड़ी का पैमाना

डिजिटल धोखाधड़ी की वर्तमान लहर को पारंपरिक साइबर अपराध से जो बात अलग करती है, वह है इसका औद्योगिक पैमाना और सीमा-पार संरचना। डिजिटल घोटालों के बढ़ते खतरे की व्यापक जांच का सुप्रीम कोर्ट का आह्वान, भारतीय नागरिकों के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खतरनाक पैमाने को दर्शाता है। पीठ का खास ध्यान डिजिटल अरेस्ट घोटालों पर था, जहां धोखेबाज पैसे ऐंठने के लिए कानून प्रवर्तन अधिका. रियों का रूप धारण करते हैं, जो इन करतूतों के परिष्कृत तौर-तरीकों और निर्लज्जता को रेखांकित करता है। घोटाला परिसरों का एक विशाल नेटवर्क दक्षिण-पूर्व एशिया के उन संघर्षग्रस्त क्षेत्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों, खासतौर पर म्यांमार में स्थित, से संचालित होता है जहां राज्य का नियंत्रण न्यूनतम है और जहां, चिंताजनक रूप से, शासन की मिलीभगत स्पष्ट दिखाई देती है। गुलामी के इस आधुनिक रैकेट की कार्यप्रणाली बेहद ही भयावह है। पीड़ितों को वीजा-मुक्त व्यवस्था का फायदा उठाते हुए, अक्सर बैंकाक के रास्ते, आकर्षक वेतन और सुविधाओं का वादा करने वाले धोखाधड़ी भरे नौकरी के विज्ञापनों के जरिए लुभाया जाता है। वहां से, उन्हें सीमा पार, मुख्य रूप से म्यांमार के उन क्षेत्रों में तस्करी कर लाया जाता है, जो सैन्य जुंटा से संबद्ध सीमा रक्षक बलों द्वारा नियंत्रित होते हैं। ये परिसर डिजिटल स्वेटशाप के रूप में कार्य करते हैं, जहां तस्करी कर लाए गए व्यक्तियों को हिंसा, यातना और यौन उत्पीड़न के जरिये व्यापक घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें पीग बुचरिंग, रोमांस और क्रिप्टोकरेंसी निवेश से जुड़े धोखाधड़ी का एक परिष्कृत संयोजन शामिल होता है। म्यांमार के गृहयुद्ध ने इन कारगुजारियों के फलने-फूलने के लिए आदर्श परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। जुंटा के 2021 के तख्तापलट और उसके बाद के संघर्ष ने जातीय मिलिशिया को बढ़ावा दिया, जिन्हें सीमा रक्षक बलों के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया और जिन्होंने इन घोटाले केंद्रों के संचालन को राजस्व के एक ऐसे आकर्षक स्रोत के देखा, जिन पर सैन्य अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए ह्करह्न लगाया जा सकता है। धोखाधड़ी के जरिये हासिल आय को ह्म्यूल्स और कंबोडिया के हुइओन पे जैसे संदिग्ध वित्तीय संस्थानों के जरिये लाकर क्रिप्टोकरेंसी में तब्दील किया जाता है, जिसके बाद उसके सिरे का पता लगाना और उसकी वसूली लगभग असंभव हो जाती है। वैश्विक पर्यवेक्षकों ने इन अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों के संचालकों के रूप में चीन के संगठित अपराध सिंडिकेटों की पहचान की है। भारत दोहरे संकट का सामना कर रहा है, इसके हजारों नागरिकों को क्रूर परिस्थितियों में जबरन श्रम के लिए तस्करी करके लाया जाता है, जबकि घर पर हजारों लोग उन्हीं धोखाधड़ी का शिकार होते हैं जिन्हें ये बंधक जबरन अंजाम देते हैं। इससे निपटने के लिए एक बहुआयामी जवाबी कार्रवाई की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर इन घोटालों के बारे में व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए तथा साइबर अपराध से निपटने के बुनियादी ढांचे और पुलिसिंग क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए।

## ...ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके



हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था, बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है, चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लो. कतंत्र को मारा जा सके, ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला, इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई, 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया, अब ये व्यवस्था क्या है, हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायाब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है, सैनी कहते हैं, मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है, हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व



रजनीश कपूर



विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णकाल कहा जाता है। यही वह समय होता है जब व्यक्ति का चरित्र, सोच और भविष्य की दिशा तय होती है। इस अवस्था में यदि कोई एक गुण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो वह है अनुशासन। अनुशासन केवल समय पर विद्यालय जाने, पढ़ाई करने या नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं हैय यह जीवन की एक सोच और आदत है जो व्यक्ति को आत्मसंयम, जिम्मेदारी और सम्मान सिखाती है। अनुशासन वह मार्गदर्शक है जो विद्यार्थी को उसके लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करता है। यदि विद्यार्थी अपने समय, ऊर्जा और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सीख ले, तो वह किसी भी चुनौती का सामना साहस और विवेक से कर सकता है। परंतु आज के समय में, जब विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और मानसिक दबावों से गुजर रहे हैं, अनुशासन का पालन पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अनुशासन विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण की नींव रखता है। यह उन्हें आलस्य, असंगठितता और गैर-जिम्मेदारी से बचाता है। नियमित अध्ययन, समय पर कार्य पूरा करना, नियमों का सम्मान करना और स्वयं के प्रति ईमानदार रहना, ए आदतें उसी अनुशासन का परिणाम हैं। एक अनुशासित विद्यार्थी न केवल अकादमिक सफलता प्राप्त करता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में संतुलित और आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में उभरता है। जब विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में अनुशासन अपनाता है, तो वह जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की क्षमता भी विकसित करता है। वह समय की कीमत समझता है, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना सीखता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानता है। आज के दौर में विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगिता, सहपाठियों की तुलना, सोशल मीडिया और अन्य कई दबावों से गुजरते हैं। कई बार ए दबाव मानसिक थकान, असंतोष और असफलता की भावना जन्म देते हैं। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भावनात्मक सहारा और मानसिक स्थिरता प्रदान करना भी आवश्यक हो जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों की समस्याओं और भावनाओं को समझने की को. शिश करनी चाहिए। संवाद के द्वार खुले रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि बच्चा अपनी चिंताओं को बिना डर के व्यक्त कर सके। यदि माता-पिता केवल अंकों या रैंकों पर ध्यान देंगे, तो बच्चा अनुशासन को भय या दबाव के रूप में देखने लगेगा। लेकिन जब वही अनुशासन प्रेम, समझ और प्रेरणा से जोड़ा जाएगा, तो विद्यार्थी उसे जीवन का हिस्सा बना लेगा। साथ ही, बच्चों को यह भी समझना चाहिए कि माता-पिता की अपेक्षाएं केवल सफलता के लिए नहीं होतीं, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं। माता-पिता अपने जीवन के अनेक सुख-त्याग कर बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों के लिए यह समझना जरूरी है कि उनके माता-पिता द्वारा दिए गए अनुशासनात्मक सुझाव विरोध नहीं, बल्कि मार्गदर्शन हैं। हर विद्यार्थी का स्वभाव और क्षमताएं अलग होती हैं। अतः सभी पर समान दबाव डालना अनुचित है। माता-पिता को यह समझना चाहिए कि बच्चों की तुलना किसी और से नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तिगत विकास और रुचि के आधार पर बढ़ने देना चाहिए। दूसरी ओर, विद्यार्थियों को यह सिखाया जाना भी आवश्यक है कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत का अवसर होती है।

अनुशासन का संबंध मानसिक संतुलन से भी है। उचित नींद, संतुलित भोजन, खेलकूद और योगाभ्यास विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त रखते हैं। जब मन शांत और संतुलित होगा, तभी अनुशासन का पालन भी सहज बनेगा। वहीं शिक्षक का दायित्व केवल पाठ पढ़ाना नहीं है। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करते हैं। शिक्षक वह आदर्श प्रस्तुत करते हैं जिसे विद्यार्थी अनजाने में अपनाते हैं। जब शिक्षक अपने व्यवहार और कार्यशैली में अनुशासन दिखाते हैं, तो विद्यार्थी भी उसे अपने जीवन में उतारने के लिएप्रेरित होते हैं।शिक्षकों को चाहिए कि वे अनुशासन को दंड के रूप में नहीं, बल्कि आत्म-विकास के साधन के रूप में प्रस्तुत करें। कठोर नियमों से भय नहीं, बल्कि स्नेह और संवाद से अनुशासन स्थापित किया जा सकता है। एक प्रेरणादायक शिक्षक विद्यार्थियों के भीतर आत्म-नियंत्रण, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर ही अनुशासन की सु. ढ़ नींव बना सकते हैं। यदि समाज में सफल व्यक्तियों को केवल धन या पद की दृष्टि से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और अनुशासन के आधार पर सम्मान मिले, तो विद्यार्थी भी सही आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।शिक्षा व्यवस्था में भी अनुशासन को सिलेबस का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केवल नियमों के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहारिक अभ्यास के तौर पर। सामूहिक कार्य, सामाजिक सेवा और आत्म-अनुशासन संबंधी प्रायोगिक गतिविधियों से विद्यार्थी में जिम्मेदारी और आत्मसंयम की भावना विकसित की जा सकती है। अनुशासन विद्यार्थी जीवन का सबसे विश्वसनीय साथी है। यह वह मूल्य है जो व्यक्ति को सफलता, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। माता-पिता यदि प्रेमपूर्वक दिशा दें, शिक्षक अनुशासन का आदर्श प्रस्तुत करें, और विद्यार्थी उसे आत्मसात करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा। अनुशासन वही पुल है जो शिक्षा को व्यक्तित्व से जोड़ता है और सपनों को वास्तविकता में बदलता है।समाज को प्रगतिशील और जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता है, और यह तभी संभव है जब विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को अपनाया जाए। अनुशासन जीवन में सफलता की नींव है, जो विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और चरित्र प्रदान कर उन्हें विश्व का नेतृत्व करने योग्य बनाता है। प्रत्एक छात्र को चाहिए कि वह अनुशासन की महत्ता को समझे और अपने जीवन में इसे अपनाकर समाज, राष्ट्र और स्वयं के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विकसित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को २० जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे।**

# बुढ़ापा रोकने में लगे वैज्ञानिक

एक दशक पूर्व जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के शिन्या यामानाका को ऐसे प्रोटीन्स की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था जिनकी मदद से वयस्क कोशिकाओं को वापिस उनकी प्रारंभिक स्थिति (स्टेम कोशिकाओं) में तबदील किया जा सकता है। अब दो शोधकर्ता दलों ने दावा किया है कि ये प्रोटीन्स सिर्फ कोशिकाओं को नहीं बल्कि पूरे जीव को उसकी प्रारंभिक स्थिति में ला सकते हैं। यानी बुढ़ापे को पलट सकते हैं। इनमें से एक दल एक बायोटेक कंपनी में कार्यरत है और उसने तथाकथित यामानाका फैक्टर को जीन-उपचार की तकनीक से बूढ़े चूहों में प्रविष्ट कराया और उनके जीवनकाल को थोड़ा लंबा करने में सफलता पाई।

दूसरे दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से चूहे विकसित किए और बुढ़ापे के लक्षणों को पलटा। दोनों ही मामलों में लगता है कि यामानाका फैक्टर्स ने चूहों के एपिजीनोम को बदल दिया। एपिजीनोम डीएनए और प्रोटीन्स में होने वाले रासायनिक परिवर्तनों को कहते हैं जो जीन्स की अभिव्यक्ति को बदल देते हैं। उसे ज्यादा युवावस्था जैसा बना देते हैं। गौरतलब है कि इस प्रक्रिया में डीएनए के क्षारों में या उनके क्रम में परिवर्तन नहीं होता। इससे पहले भी कई समूहों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे तैयार किए हैं जो वयस्क होने पर खुद यामानाका फैक्टर्स बनाने लगते हैं और बुढ़ापे के कुछ लक्षणों को पलटने में सक्षम होते हैं। अब जो प्रयोग किए गए हैं उनका मकसद मनुष्यों के लिए कुछ उपचार खोजना है। इसी संदर्भ में रीजुविनेट बायो नामक कंपनी के शोधकर्ताओं ने उक्त यामानाका फैक्टर्स के जीन्स से युक्त एक वायरस को चूहों में इंजेक्ट किया। देखा गया कि इसके बाद ये चूहे 18 सप्ताह तक जीवित रहे जबकि शेष चूहे मात्र 9 सप्ताह। शोधकर्ताओं ने बायोआर्काइव्स में बताया है कि इन चूहों में डीएनए मिथायलेशन का पैटर्न अपेक्षाकृत युवा चूहों जैसा हो गया था। डीएनए मिथायलेशन एपिजेनेटिक परिवर्तन का एक प्रकार है। वैसे कुछ अन्य अध्ययनों में पाया गया था कि यामानाका फैक्टर्स कैंसर को बढ़ावा देते हैं लेकिन इस अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं देखा गया। दूसरा अध्ययन हारवर्ड मेडिकल स्कूल के डेविड सिन्क्लेयर के दल द्वारा सेल में प्रकाशित किया गया है। कहते हैं कि सिन्क्लेयर पिछले दो दशकों में कई वृद्धावस्था रोधी विवादास्पद हस्तक्षेपों के प्रणेता रहे हैं। सिन्क्लेयर का दल वृद्धावस्था के सूचना सिद्धांत के आधार पर काम कर रहा था। इस सिद्धांत में कहा जाता है कि हम बूढ़े इसलिए होते हैं क्योंकि समय के साथ एपिजेनेटिक चिंह खत्म होते जाते हैं। सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विक. सित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को 20 जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे। अब शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या एपिजेनेटिक बदहाली के इन लक्षणों को पलटाया जा सकता है। उन्होंने एक वायरस के



साथ यामानाका फैक्टर्स दिए और देखा कि बुढ़ाते चूहों की दृष्टि सुधर गई थी। कई अन्य मामलों में यामानाका फैक्टर्स ने एपिजेनेटिक सुधार किए थे। इसके आधार पर सिन्क्लेयर का मत है कि बुढ़ापे को आगे-पीछे कर सकते हैं और कुछ इलाज उभर सकता है। बहरहाल, जैसा कि हमेशा होता है, पूरे मामले में कई अगर-मगर हैं। एक तो यही कि जो एपिजेनेटिक परिवर्तन किए गए थे वे कुदरती नहीं थे। पता नहीं कुदरती परिवर्तन किस तरह होते हैं और उनका क्या असर होता है। दूसरा कि चूहे और मनुष्य बहुत अलग-अलग हैं। तीसरा कि बुढ़ाना एक पेचीदा प्रक्रिया है और ए प्रयोग उसका सरलीकरण करते हैं। इन सारे अगर-मगर के बावजूद शोधकर्ता आगे बढ़कर मनुष्यों पर प्रयोग करने को उत्सुक हैं। बंदरों पर जांच तो शुरू भी हो चुकी है।

**...स्रोत फीचर्स**

# ब्रज और आसपास के क्षेत्र का खानपान एवं व्यंजन

आजकल यूट्यूब,टीवी चैनल्स, मैगजीन्स, समाचार पत्र सारी जगहों पर रेसिपीज और खाने पर काफी चर्चा और शो देखने-पढ़ने को मिलते हैं। इनके माध्यम से हमको विभिन्न देशों और खुद अपने देश के विभिन्न इलाकों के खाने के इतिहास, खाने की संस्कृति और खाने की चीजों के विषय में जानकारी मिलती है जो काफी अच्छी और रोचक भी होती है।

अगर हम केवल अपने देश की बात करें तो कह सकते हैं कि जितना हमारे देश में विभिन्न इलाकों के मौसम, जलवायु और क्षेत्रीय संस्कृतियों में फर्क है उतना ही हर क्षेत्र के खाने में और जैसे इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हम सब एक हैं यानी कि भारतीय वैसे ही इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हमारे सभी खानों का मूल स्वाद और भाव एक ही है यानी कि हिंदुस्तानी-विशुद्ध भारतीय। आज अपने इस लेख के द्वारा मैं चर्चा करना चाहूंगा एक क्षेत्र विशेष यानी ब्रज क्षेत्र और उसके आगे भी आस-पास के परंपरागत खान-पान की। इनमें से अधिकतर व्यंजन इस इलाके में अधिकांश लोगों के खान-पान का हिस्सा सदियों से रहे हैं और कुछ चतुर्वेदी समुदाय के विशेष रूप से।

जब मीडिया या सोशल मीडिया में हम भारतीय खान-पान की चर्चा देखते-सुनते-पढ़ते हैं तो हमको दक्षिण भारतीय, उत्तर-पूर्व, राजस्थानी, गुजराती, मुगलई, बंगाली, कश्मीरी और न जाने कितने किस्म के खानों की चर्चा सुनने को मिलती है किंतु जिस इलाके का खान-पान बिल्कुल सादा होते हुए भी अद्भुत है, बिल्कुल सात्विक होते हुए भी तमाम राजसी भोजनों को मात देने वाला है, जहां से ही 56 भोग की शुरुआत हुई उस इलाके यानी ब्रज-क्षेत्र के खाने का जिक्र कुछ अपवादों को छोड़ कर अधिकतर चर्चाओं में दिखता-मिलता ही नहीं है।

सच यह है कि खाना तो हर जगह का अच्छा ही है किंतु सुबह जलेबी-बेड़ई/कचौड़ी साथ में शानदार रायता और आलू की सब्जी का नाश्ता हो या दोपहर में गेहूं के अलावा बेझर बेसन की रोटी साथ में उड़द की दाल हो या बाजरा की रोटी और गुड़ सर्दी के मौसम में। शाम की चाट-पकौड़ी हो, मूंग की दाल के मंगोड़े हों या चाय के संग भीमसेन या पंछी की दालमौठ। रात के भोजन की बात हो तो परांठे और सब्जी इन सभी का स्वाद अलग ही होता है और साथ में विविध किस्म के मिष्ठान और फिर बाद में भरपूर मेवा युक्त औटाया हुआ दूध वो भी कुल्हड़ में, पर इसमें से तो अधिकांश चीजें तो हम जानते ही हैं इसलिए अब बात कुछ उन खान-पान की चीजों की जो खाते तो हम रोज रहे हैं किंतु धीरे-धीरे उनका इलाका सिमटता जा रहा है और आजकल के ग्लैमर भरे चर्चा-प्लैटफॉर्म्स पर उनकी चर्चा लगभग न के बराबर होती है। सुबह बासी परांठे और मट्ठे के नाश्ते के बाद हमारे इलाके में दोपहर के भोजन में दाल-रोटी आदि के अलावा खीर, मीठा भात, धोई, भात, झोर, मीठी मूंग, पालक का रसे वाला बेसनयुक्त साग, आलू-बरी, भट (बैंगन) बरी, मीठी सिकिंद आदि का प्रचलन रहा है और यह व्यंजन कई बार किसी विशेष आयोजन का अंग भी होते हैं जैसे माथुर चतुर्वेदी समुदाय के लोगों में कतरों के झोर की जन्मदिन-वर्षगांठ पर बनाने की परंपरा रही है और मूंग-भात-झोर शादी में घुड़चढ़ी के दिन।

यहां जो झोर है यह है तो बेसन की ग्रेवी का ही किंतु इसके आयुर्वेदिक औषधियों के गुण युक्त मसाले, खास तौर पर गरम मसाले इसको अन्य इलाकों की कढ़ी से भिन्न बनाते हैं। झोर में बेसन के कतरों का झोर, मटर-बरी का झोर,आलू-बरी का झोर,पकौड़ी का झोर आदि। इसके अतिरिक्त विशेष अवसरों पर या मौका लगते ही पूरी-कचौड़ी, सब्जी, रायता, सौंठ आदि। रायता मौसम के अनुसार बून्दी, बथुआ, पुदीना, आलू, टमाटर, बैंगन या फलों का मीठा रायता भी हो सकता है। धोई धुली हुई पीली मूंग की दाल की सूखी (थोड़ी सेमी सॉलिड किस्म की) नमकीन चीज है जबकि मीठी मूंग छिलके सहित गुड़ से मीठी की गई मूंग की दाल का व्यंजन है। जब खीर की बात करें तो मथुरा में बहुत सी जगहों पर गाढ़ी या सेमी सॉलिड किस्म की फीकी चावल की खीर बनती है और पत्तल में परोस कर उसमें बूरा मिला कर उसको स्वादानुसार मीठा करके खाया जाता था। अच्छी खीर वो है जो सामने दीवाल पर फेंक कर मारें तो चिपक जानी चाहिए।मथुरा की इस खीर के अलावा घुटे चावल की खूब औटाई हुई किंतु सेमी-लीक्विड किस्म की खीर अन्य स्थानों पर प्रचलित है ही जिसमें से सौंधी महक आती हो। चावल की खीर के अतिरिक्त सिवइयों की खीर, गणेश चौथ के व्रत के दिन शकरकंदी की खीर, सिंघाड़े के आटे की लप्सी,कूटू की पकौड़ी और पूड़ी, अन्य व्रतों में मखाने-छुआरे की खीर का भी प्रचलन रहा है। सिकिंद दही को घोल कर पिसी हुई इलायची के फ्लेवर का एक रायता नुमा पेय है जिसमें चावल डाल कर भी खाते हैं।इसके अलावा शरद पूर्णिमा की रात को बनने वाली बासौन्धी। वृंदावन के पवित्र-पावन स्थल तटीय स्थान पर राधा-अष्टमी को बनने वाली सूखी अरवी की सब्जी का दिव्य स्वाद जिसने चखा है वही जानता है। मथुरा की गरम मसाले युक्त तेज मसालेदार स्वाद की आयुर्वेदिक गुणों से युक्त आलू की चटपटी रसे की सब्जी और सर्राटे का रायता जिन्होंने खाया है वो ही उसका स्वाद जानते हैं।ऐसे ही डुबकी वाले आलू की सब्जी बहुत प्रसिद्द है। सर्दी के मौसम में इस इलाके में मलीदा यानी कि बाजरे की रोटी और गुड़ को घी में मीज कर-पका कर बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्नकूट के दिन और नव-दुर्गा के दिनों में सभी सब्जियों-फलों के गड्ड की सब्जी और पूरी के प्रसाद का प्रचलन है। अन्नकूट के दिन गड्ड का साग, सूखे तले जिमीकन्द की सब्जी,लौंग की छौंक की रतालू की मठे वाली रसेदार सब्जी, उबले सिंघाड़े आदि व्यंजनों की तो बात ही अलग है। जहां तक शाम के खाने का सवाल है तो अभी कुछ दशक पहले तक इन इलाकों में शाम को कटौरिया जिसको आप बोलचाल की भाषा में परांठे कहते हैं और साथ में मट्ठे दही के आलू, अरवी घुइयां, रतालू, कच्चे केले, कच्चे पपीते के रसे और साथ में सूखी हरी सब्जी के खाने का प्रचलन रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि ये परांठे तले हुए पंजाबी परांठे न होकर तवे पर घी में सिके हुए परतों वाले परांठे होते हैं। यहां एक और उल्लेखनीय बात यह है कि इस इलाके का ए सारा भोजन परंपरागत तरीके से पूर्णतः शाकाहारी और प्याज-लहसुन रहित होता है। गर्मी में आम का पना, नींबू-मिर्च की चौर्च, मूली का हत्था आदि भी हैं गर्मी के ताजे पड़े अचारों के अतिरिक्त। जहां तक मिठाइयों की बात है तो सादी खड़पुरी और गिन्दोरा तो अब लुप्तप्राय हैं लेकिन खोए के पेड़े जिनकी मथुरा में ही एक से अधिक किस्म हैं,जो आपको बृजवासी की दुकान से लेकर मथुरा-वृंदावन-गोवर्धन में हर जगह मिल जाएंगेयएक ओर भुने खोए के पेड़े तो दूसरी ओर बूरे में लिपटे सूखे स्वादिष्ट पेड़े।मथुरा से निकलें तो फिर फिरोजाबाद के रतन लाल या प्यारे लाल के पेड़े, इटावा के कुंज बिहारी के पेड़े, बाह की खोए की गुझिया,कानपुर का सफेद मुंडा पेड़ा और यही पेड़ा मलवां जाकर कच्चे खोए का और इलाहाबाद के फाफामऊ में लाल भुने खोए का पेड़ा हो जाता है। पेड़े के अतिरिक्त खुरचन, रबड़ी, आगरा का पेठा, हाथरस, मैनपुरी और इटावा की बलदेव (अब अलका स्वीट्स), फिरोजाबाद की जलेसर वाले, प्यारेलाल, हाथरस वाले और



गोपाल स्वीट हाउस की सोन पपड़ी,फिरोजाबाद का सोन-हलुवा (दिल्ली का सोहन हलुवा नहीं बल्कि उससे भिन्न), इटावा की पतंगा लाल की हेशमी, सादाबाद और हाथरस की बालूशाही, फिरोजाबाद-इटावा के दनदाने, कपूरकन्द, मक्खन के समोसे, मक्खन की पान की गिलौरी, इमरती, मलाई पूड़ी, सिंघाड़े के सेव, कई किस्म के लड्डू, अलग-अलग किस्म की गजक जिसमें फिरोजाबाद की जैन की चमकनी गजक बहुत अनोखी और प्रसिद्ध है। वैसे है तो बंगाली मिठाई किंतु वृंदावन के गाय के दूध के रसगुल्ले और फिरोजाबाद का सूखा खीरमोहन, राया के आसपास के रसगुल्ले और बंगाली मिठाइयों के वैरिएंट्स और न जाने कितनी मिठाईयां हैं जो इस इलाके में आज भी बहुत प्रचलित हैं और उनकी क्वालिटी भी अच्छी है। शुद्ध देसी मिठाई में बलदेव की माखन मि के क्या कहने हैं। सर्दी के मौसम में घरों में बनने वाली सौंठ वाली घीयुक्त बर्फी,मकर संक्रांति पर बनने वाले लाई, चने, ज्वार के लड्डू, निशास्ता के लड्डू, तिल के गुड़ वाले तिलवा,गुड़ और खोए के तिलकुटा लड्डू,मूंग के लड्डू आदि।

**-साभार अतुल चतुर्वेदी**

# न्यूयॉर्क के मेयर बने जोहरान ममदानी

## राष्ट्रपति ट्रम्प के विरोध के बाद भी डेमोक्रेट उम्मीदवार ने प्रतिष्ठित चुनाव जीता

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के डेमोक्रेट उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने न्यूयार्क मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्हें 50.4 प्रतिशत वोट मिले। वे मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली मीरा नायर के बेटे हैं। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। भाषण के बाद वे अपनी पत्नी के साथ 'धूम मचा ले' गाने पर झूमते नजर आए।

मां मीरा नायर ने मंच पर आकर उन्हें गले लगा लिया। पिता महमूद ममदानी भी मौजूद रहे। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में जीत के ममदानी ने ब्रुकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबोधित किया। ममदानी ने अपनी जीत को न्यूयार्क के हर नागरिक की जीत बताया। ममदानी के सामने 3 बड़ी चुनौतियां हैं, अपने वादे पूरे करना ममदानी ने वादा किया है कि वे न्यूयार्क में सभी बच्चों के लिए फ्री केयर शुरू करेंगे, सब्सिडी वाले घरों का किराया फ्रीज करेंगे, पब्लिक बसों में मुफ्त यात्राा देंगे और सिटी की अपनी किराने की दुकानें खोलेंगे। उनका कहना है कि इसके लिए अमीरों और बड़ी कंपनियों पर नए टैक्स लगाकर 9 अरब डॉलर जुटाए जाएंगे। लेकिन अर्थशास्त्रिायों का मानना है कि इन वादों को पूरा करना बहुत मुश्किल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि वे न्यूयार्क की फेडरल फंडिंग रोक सकते हैं। अगर वे




**मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में करने वाली मां मीरा नायर ने मंच पर गले लगाया**

ऐसा कदम उठाते हैं तो ममदानी की परेशानी बढ़ सकती है। ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के वामपंथी धड़े से आते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी के मध्यम मार्गी धड़े को खुश करना उनके लिए मुश्किल हो सकता है।

कुल मिलाकर, ममदानी के लिए असली परीक्षा अब शुरू हुई है। अपने वादों को सच करना, विरोधियों के हमले झेलना और अपनी ही पार्टी में भरोसा बनाना। ममदानी ने पूरे कैंपेन में सिर्फ एक बात पर फोकस किया कि न्यूयार्क बहुत महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है लोगों की जिंदगी

**पिछले 100 सालों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे**

आसान बनाना। उनके रैलियों में लगे बैनर पर नारे लिखे थे कि एक शहर जो हम अफोर्ड कर सकें और सस्ता घर बनाओ। राजनीति में ज्यादातर वक्त बातें घुमा-फिराकर कही जाती हैं, लेकिन ममदानी ने बिल्कुल साफ बात की। उन्होंने खुलकर कहा कि अमीरों पर टैक्स लगाओ, बच्चों की देखभाल बढ़ाओ और घर को हक बनाओ। ममदानी को पार्टी के बड़े नेताओं का सपोर्ट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने जनता और इंटरनेट का सहारा लिया। उन्होंने स्कैवेंजर हंट, फुटबाल टूर्नामेंट और स्ळठज्फ बार में देर रात पाप-अप इवेंट किए। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक, उन्होंने सभी पुराने नियम तोड़ दिए और सीधे लोगों से रिश्ता बनाया। ममदानी ने स्वयंसेवकों की संख्या में इजाफा किया। उनकी प्रचार टीम में शामिल युवा उनसे भी कम उम्र के हैं।

ज्यादातर को इतने बड़े पैमाने पर काम करने का बहुत कम अनुभव था। लेकिन वे सामान्य सलाहकारों और रणनीतिकारों की तुलना में अधिक सक्षम और प्रभावी साबित हुए। फोर्ब्स के मुताबिक, जोहरान ममदानी की कुल संपत्ति लगभग 200,000 डॉलर (करीब 1.71 करोड़) है। ममदानी ने 2020 में न्यूयार्क स्टेट असेंबली का चुनाव जीता था। तब उन्हें सालाना 142000 डॉलर की सैलरी मिलती थी। वे फिलहाल न्यूयार्क के एस्टोरिया इलाके में किराए के घर में रहते हैं। उसका किराया 2250 डॉलर प्रति माह है। उनके पास खुद की कार भी नहीं है। वे रोजाना सबवे (मेट्रो ट्रेन) से सफर करते हैं। ममदानी के पास युगांडा के जिन्जा इलाके में करीब चार एकड़ जमीन है। इसकी कीमत 150000 डॉलर से 250000 डॉलर (1.2 से 2 करोड़) के बीच है। मेयर बनने के बाद उनकी सालाना सैलरी 260000 डॉलर (करीब 2.2 करोड़) हो जाएगी।

### ममदानी ने किया पडिंत नेहरू का जिक्र

**न्यूयार्क।** अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में से एक न्यूयार्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के जोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने बुधवार को ही जनता को संबोधित किया। इस दौरान ममदानी ने न सिर्फ भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू और भारत की आजादी के बाद उनके पहले भाषण-ट्रिस्ट विद डेस्टिनी का जिक्र किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आव्रजन के मुद्दे पर चुनौती भी दी। ममदानी ने अपनी ऐतिहासिक जीत को राजनीतिक वंश का अंत बताया और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित नेहरू के

**आव्रजन पर ट्रम्प को चुनौती दी**

ट्रिस्ट विद डेस्टिनी भाषण के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि आज मैं आपके सामने खड़ा हूं और मुझे जवाहरलाल नेहरू के शब्द याद आ रहे हैं। एक क्षण आता है, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए में प्रवेश करते हैं। आज रात, हमने पुराने से नए में कदम रखा है। उनके इस बयान के बाद समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ममदानी ने ट्रम्प को चुनौती देते हुए कहा कि न्यूयार्क प्रवासी समुदाय की मेहनत से बनाया गया, उन्हीं से संचालित और अब एक प्रवासी के नेतृत्व में चलने वाला शहर रहेगा।

# टोरंटो में कैफे के अंदर भारतीय पर हमला

**टोरंटो।** टोरंटो में कैफे के भीतर एक भारतवंशी पर कथित तौर पर नशे में एक व्यक्ति ने हमला किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने जनता में आक्रोश है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नीला जैकेट पहने एक शख्स और भारतीय मूल के व्यक्ति के बीच मोबाइल ऑर्डर पिक अप काउटंर के पास बहस होती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कनाडाई व्यक्ति बिना वजह गुस्से में अपनी कोहनी से भारतवंशी के हाथ पर टक्कर मारता है, जिससे उसका फोन गिर जाता है।

इसके बाद भारतीय व्यक्ति अपना फोन उठाता है। लेकिन कथित तौर पर नशे में व्यक्ति उस पर झपट पड़ता है और उसका कॉलर पकड़ देता है और अपने से बड़ा दिखाना का आरोप लगाता है। इस दौरान पीड़ित शांत रहते हुए उसे चेतावनी देता है कि तुम खुद परेशानी में पड़ सकते हो। इस दौरान भारतवंशी ने कोई प्रतिरोध नहीं किया, लेकिन आक्रामक व्यक्ति बार-बार उसे धक्का देता रहा और उसके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करता रहा। अंत में कैफे के कर्मचारियों ने दखल दिया और दोनों को बाहर जाने के लिए कहा। घटना तभी शांत हुई, जब आक्रामक व्यक्ति को बाहर ले जाया गया। घटना का वीडियो तेजी से



**वीडियो ऑनलाइन वायरल होने से जनता में आक्रोश**

ऑनलाइन वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया पर लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले ने कनाडा में प्रवासियों की सुरक्षा और बढ़ती नस्लीय हिंसा पर चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में एडमंटन में भारतीय मूल के व्यवसाई अरवी सिंह सगू पर हमले के बाद यह मामला सामने आया है। 19 अक्टूबर को सगू पर हमला हुआ था, जिसमें वह घायल हो गए और पांच दिन बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। आरोपी काइल पापिन को गिरफ्तार किया गया और उस पर गंभीर हमले का आरोप लगाया गया। सगू के दोस्तों ने उनके बच्चों और अंतिम संस्कार के खर्च के लिए फंड जुटाया। दोनों घटनाओं ने कनाडा में आप्रवासियों की सुरक्षा और नस्लीय हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर बहस को फिर से तेज कर दिया है।

# मोदी सुधार रहे कमजोरियां

**लंदन।** लंदन में आयोजित लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और देश को 2047 तक विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। इंस्टिटड्ूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा भारत के पास कई बड़ी ताकतें हैं आर्थिक सुधार, आईटी क्षेत्रा में अग्रणी भूमिका और सबसे बड़ी बात, एक मजबूत नेता नरेंद्र मोदी। नायडू ने आगे कहा कि मोदी सरकार देश की सभी संरचनात्मक कमियों को दूर कर रही है। उन्होंने जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज चौथी

**2047 तक भारत बनेगा शीर्ष अर्थव्यवस्था: चंद्रबाबू नायडू**

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले वर्षों में यह शीर्ष पर पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की वाइस-प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर नारा भुवनेश्वरी (नायडू की पत्नी) को कार्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए एलओडी विशिष्ट फैलोशिप और गोल्डन पीकाक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नायडू ने अपनी पत्नी की सराहना करते हुए कहा भुवनेश्वरी न केवल एक सफल उद्यमी हैं बल्कि समाजसेवा और भारतीय संस्कृति की सच्ची प्रतिनिधि भी हैं। भुवनेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब वह समाज को सशक्त बनाए।

## अमेरिकी कार्गो विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 11 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने बुधवार को कहा कि लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद कार्गो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। बेशियर ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमारा मानना है कि कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है लेकिन यह संख्या और भी बढ़ सकती है। संघीय विमानन प्रशासन ने कहा कि होनोलूलू जा रहा यूपीएस का एक कार्गो विमान मंगलवार को शाम करीब 5:15 बजे (2215 जीएमटी) यूपीएस के विश्वव्यापी हवाई केंद्र, लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी

## अमेरिका-भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बड़ा बयान दिया। कैरोलिन लीविट ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच लगातार बातचीत होती रहती है और दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रम्प की ट्रेड टीम भारत के साथ लगातार संपर्क में है।

लीविट ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं। दोनों देशों की टीमें व्यापार पर बहुत गंभीर चर्चा कर रही हैं। लीविट ने बताया कि हाल ही में दिवाली समारोह के दौरान व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रम्प और मोदी के बीच अहम बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोरे भारत में देश का प्रतिनिधित्व बेहतरीन ढंग से करेंगे। ट्रम्प ने 28 अक्टूबर को पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें



**राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं: लीविट**

सबसे अच्छे दिखने वाले व्यक्ति कहा था और मजाकिया अंदाज में उन्हें 'किलर' बताया था। यह बयान उन्होंने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन से पहले दिया था। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रम्प ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कैरोलिन लीविट ने न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी द्वारा लगाए गए मतदाता धमकाने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा ये आरोप बिना सबूत के लगाए गए हैं और यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी अब किसी ठोस नीति के लिए नहीं खड़ी है।

## तूफान मेलिसा के कारण 30 की मौत, 15 लाख प्रभावित: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जमैका और आसपास के इलाकों में आए भीषण चक्रवाती तूफान मेलिसा ने भारी तबाही मचाई है और इसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई और 15 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि जमैका में सड़कें, बिजली और संचार व्यवस्था बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लगभग एक सौ तीस सड़कें अवरुद्ध हैं और कई क्षेत्रों में बिजली तथा मोबाइल नेटवर्क ठप पड़े हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है क्योंकि कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का अनुमान है कि जमैका में लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को खाद्य पदार्थों की सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है।

# अमेरिका में 4 करोड़ लोगों की फूड सप्लाई बंद

## लाखों बेरोजगार, कर्ज लेकर घर चला रहे, राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद से लगा सबसे लंबा शटडाउन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन का आज 36वां दिन है। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था।

शटडाउन की वजह से 42 मिलियन (4.2 करोड़) अमेरिकियों की फूड स्टैंप (एसएनएपी) सहायता रुक गई है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट (यूएसडीए) के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डालर का रिजर्व फंड है, जबकि नवम्बर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डालर की जरूरत होगी। वाशिंगटन स्थित बाइपार्टिसन पालिसी सेंटर के मुताबिक अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह

**इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था**

लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। फूड सप्लाई प्रोग्राम रुकने के बाद न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया और मैसाचुसेट्स समेत 25 राज्यों ने इस फैसले के खिलाफ ट्रम्प प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि लाखों लोगों की फूड सप्लाई रोकना गैरकानूनी है। वहीं, शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेसनल बजट आफिस (सीबीओ) के मुताबिक अब तक 11 अरब डालर (करीब 1 लाख करोड़) का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की जीडीपी में चौथी तिमाही में 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। सीबीओ के मुताबिक, जबरदस्ती छुट्टी पर भेजे गए कर्मचारियों (फर्लो कर्मचारी) की करीब 400 मिलियन डालर (3300 करोड़) प्रतिदिन सैलरी का नुकसान हो रहा है। सीबीओ के डायरेक्टर फिलिप स्वैगल ने कहा कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप पड़ने (शटडाउन) के चलते हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## केयर होम में आग लगने से 10 की मौत

**साराजेवो।** उत्तर-पूर्वी बोस्निया और हर्जेगोविना के तुजला रिटायरमेंट होम में मंगलवार देर रात आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 20 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। संस्थान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आग संस्थान की सातवीं मंजिल पर रात करीब 8:45 बजे (1945 जीएमटी) लगी और तुजला तथा निकटवर्ती नगर पालिकाओं के पेशेवर और स्वयंसेवी अग्निशामकों ने उस पर काबू पाया। घायलों को कई स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों की चिकित्सा टीमों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया।



**लाहौल-स्पीति। हिमाचल प्रदेश में हुए हिमपात के बाद बर्फ से ढके क्षेत्र का दृश्य।**

## मेक्सिको की राष्ट्रपति को जबरदस्ती किस करने की कोशिश

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम के साथ बुधवार को सड़क पर एक शख्स ने बदसलूकी की कोशिश की। एक नशेड़ी ने राष्ट्रपति को छूने और किस करने की कोशिश की। यह घटना राजधानी मेक्सिको सिटी के पुराने इलाके में हुई। यहां राष्ट्रपति शीनबाम लोगों से बात कर रही थीं।

इसी दौरान वह आदमी उनके पास आता है और उनकी कमर पर हाथ रखकर उन्हें पकड़ने और किस करने की कोशिश करता है। शीनबाम ने मुस्कराते हुए शांत तरीके से उसका हाथ हटाया और उसकी तरफ देखकर कहा कि चिंता मत

**नशेड़ी आदमी ने कमर पर भी हाथ रखा, सिक्योरिटी गार्ड ने तुरंत दूर हटाया**

करो। इसके बाद उनके सिक्योरिटी गार्ड तुरंत उसे दूर हटा दिया। इस घटना को लेकर अभी तक राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। शीनबाम अक्सर सड़कों पर जाकर लोगों से हाथ मिलाती हैं, सेल्फी लेती हैं और उनकी बात सुनती हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब मेक्सिको में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में मिचोआकान राज्य के उरुआपान शहर के मेयर कार्लोस मैनजो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# अमेरिका के केंटकी में कार्गो प्लेन क्रैश

## सात की मौत, डेढ़ लाख लीटर तेल फैला, लोगों को घर से न निकले के आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है।

हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथारिटी (एफएए) के मुताबिक, यूपीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। एफएए ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 5:15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे



रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विमान में करीब 38000 गैलन ईंधन (करीब डेढ़ लाख लीटर तेल) भरा हुआ था, जो धमाके के बाद आग की लपटों में बदल गया। पुलिस ने एयरपोर्ट से 8 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को घर के अंदर रहने का आदेश दिया है। साथ ही, एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है। लुईविल पुलिस ने कहा कि हादसे वाली जगह पर अभी भी आग लगी हुई है और मलबा फैला है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है प्लेन में लिथियम बैटरियों से आग लगी हो, ठीक वैसे ही जैसे 2010 में यूपीएस फ्लाइट 6 के हादसे में हुआ था। यूपीएस कंपनी ने बताया कि विमान में तीन क्रू मेंबर थे।

## अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत आयात शुल्क स्थगित करेगा चीन

**बीजिंग।** चीनी वित्त मंत्रालय ने आज कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई व्यापार वार्ता के अनुरूप चीन 10 नवम्बर से एक वर्ष के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त 24 प्रतिशत आयात शुल्क को स्थगित करेगा। मंत्रालय के मुताबिक चीन-अमेरिका व्यापार वार्ता के दौरान बनी सहमति को लागू करने के लिए आयात शुल्क कानून, सीमा शुल्क कानून, विदेश व्यापार कानून और अन्य प्रासंगिक कानूनों तथा विनियमों तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। राज्य परिषद की स्वीकृति से 10 नवम्बर, 2025 से अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत का अतिरिक्त सीमा शुल्क एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। लेकिन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू रहेगा। मंत्रालय ने आगे कहा कि यह स्थगन जारी रखने से दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों के स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास सुनिश्चित होगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108